वर्ष-07 - अंक 313
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
गुरुवार ,20 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

ईवीएम-वीवीपैट की जांच को लेकर 21 जिलों के .......................... 3
प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने रचे विकास, गुणवत्ता और नवाचार ..... 4
पूरनपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन के पुनः अध्यक्ष बने बृजेश गुप्ता....... 11

## कैबिनेट ने चार मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

### करीब 9,450 करोड़ रुपये की लागत से होंगे रेल परियोजनाओं के काम

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने रेल मंत्रालय की करीब 9,450 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली चार मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं के पूरा होने से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। साथ ही यात्री और माल परिवहन की क्षमता बढ़ने, रेल मार्गों पर भीड़ कम होने तथा व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर परियोजनाओं की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से भारतीय रेलवे नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और लाखों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे यात्री एवं माल ढुलाई को मजबूती मिलने के साथ लॉजिस्टिक्स क्षमता और कनेक्टिविटी में सुधार होगा। मंजूर की गई परियोजनाओं में खड़गपुर-



भद्रक (रानीताल) चौथी लाइन शामिल है, जिसकी लंबाई 173 किलोमीटर होगी। यह परियोजना पश्चिम बंगाल और ओडिशा से होकर गुजरेगी। इसके अलावा भद्रक-हरिदासपुर चौथी लाइन की 75 किलोमीटर परियोजना भी स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में गुम्मिडिपूंडी-गुडूर तीसरी एवं चौथी लाइन के लिए 90 किलोमीटर का रेल मार्ग विकसित किया जाएगा। यह परियोजना आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु को जोड़ेगी। वहीं, कटक-पारादीप (बड़ाबन्धा) तीसरी एवं चौथी लाइन की लंबाई 72 किलोमीटर होगी। इन चारों परियोजनाओं के तहत कुल करीब 410 किलोमीटर रेल नेटवर्क का विस्तार होगा। सरकार के अनुसार, चारों परियोजनाएं चार राज्यों के आठ जिलों को कवर करेंगी। इनके माध्यम से करीब 6,448 गांवों की रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इन गांवों में रहने वाली लगभग 60 लाख आबादी को परियोजनाओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है। रेल लाइन की क्षमता बढ़ने से यात्रियों की आवाजाही अधिक सुगम होगी। साथ ही ट्रेनों के संचालन में बेहतर समन्वय स्थापित होने से प्रमुख रेल मार्गों पर ट्रेनों के इंतजार और भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इन परियोजनाओं का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य माल परिवहन की क्षमता बढ़ाना भी है। प्रस्तावित रेल मार्ग कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, लोहा एवं इस्पात, कंटेनर, ऑटोमोबाइल और अनाज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं की ढुलाई के लिए प्रमुख मार्ग के रूप में काम करेंगे। सरकार के मुताबिक, क्षमता विस्तार से हर वर्ष करीब 76 मिलियन टन यानी 7.6 करोड़ टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी। इससे माल परिवहन में तेजी आने के साथ लॉजिस्टिक्स की लागत कम करने में भी मदद मिलेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं के पूरा होने के बाद एक ही रेल मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही के लिए अधिक लाइनें उपलब्ध होंगी। इससे ट्रेनों का परिचालन अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। मौजूदा मार्गों पर दबाव कम होने से यात्री और मालगाड़ियों के संचालन में सुविधा होगी। सरकार का मानना है कि लाइन क्षमता बढ़ने से भारतीय रेल की परिचालन दक्षता और सेवा की विश्वसनीयता में भी सुधार होगा। इससे लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मालगाड़ियों के संचालन को भी गति मिलेगी। परियोजनाओं से कई प्रमुख पर्यटन, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की रेल कनेक्टिविटी में सुधार होने की उम्मीद है। इनमें कुलडीहा वन्यजीव अभयारण्य,

## राष्ट्रपति का आईआईएस प्रशिक्षुओं को गुरुमंत्र

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के अधिकारी प्रशिक्षुओं से कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल केवल सरकारी योजनाओं और सूचनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि नागरिकों की चिंताओं, आकांक्षाओं और प्रतिक्रियाओं को सुनने तथा उनका जवाब देने के लिए भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते सूचना तंत्र के दौर में सरकारी संचार को अधिक सटीक, विश्वसनीय, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना जरूरी है। राष्ट्रपति ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात करने आए भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया ने नागरिकों के सूचना प्राप्त करने, उसे साझा करने और उस पर प्रतिक्रिया देने के तरीके में बड़ा बदलाव किया है। ऐसे में सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि उन्हें जनता की बात भी सुननी होगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि लगातार जटिल होते सूचना वातावरण में अधिकारियों को तथ्यों और गलत सूचनाओं के बीच अंतर करना होगा। विशेष रूप से संकट की स्थिति में सरकारी अधिकारियों को जिम्मेदारी और



संवेदनशीलता के साथ प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब गलत सूचना तेजी से फैलती है, तब नागरिकों तक प्रमाणिक और सही जानकारी समय पर पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। संचार के माध्यम ऐसे होने चाहिए, जिनके जरिए सरकार और नागरिकों के बीच सार्थक दोतरफा संवाद कायम हो सके। राष्ट्रपति ने प्रशिक्षुओं को नवीनतम तकनीकी उपकरणों का जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचार के साथ नैतिक मूल्यों, मानवीय विवेक और जवाबदेही को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में संचार करते समय अधिकारियों को संवेदनशीलता और सहानुभूति का परिचय देना चाहिए। नागरिकों की अलग-अलग जरूरतों और आकांक्षाओं को समझते हुए प्रभावी संवाद स्थापित करना शासन व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी बनाने में मदद करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे-जैसे भारत 2047 के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है, भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही देश के विकास और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभा सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के अधिकारी प्रशिक्षुओं से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों का काम देश की अर्थव्यवस्था और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में साक्ष्य आधारित नीतियां तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए कि प्रत्येक आंकड़े के पीछे वास्तविक लोग और उनका जीवन जुड़ा होता है।

## बिना वैध बीमा पेट्रोल नहीं! सुप्रीम कोर्ट सख्त, दिल्ली से शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बिना वैध बीमा के सड़कों पर चल रहे वाहनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि ऐसा पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाए, जिसके तहत वैध बीमा नहीं होने पर पेट्रोल पंपों से वाहनों को ईंधन न दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि इसकी शुरुआत राजधानी दिल्ली से की जा सकती है। बुधवार को मामले की सुनवाई जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने की। केंद्र सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने चार अगस्त के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को प्रस्तावित व्यवस्था को लेकर कुछ चिंताएं हैं। इस पर पीठ ने स्पष्ट कहा कि व्यवस्था को लागू करना होगा और दिल्ली से पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा सकता है। केंद्र के अधिवक्ता ने बताया कि इसके लिए तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक करनी होगी। न्यायालय ने केंद्र से पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने के साथ ठोस प्रस्ताव और निर्धारित समयसीमा पेश करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त के आदेश में बिना तीसरे पक्ष के वैध बीमा के सड़कों पर चल रहे बड़ी संख्या में वाहनों पर चिंता जताई थी। न्यायालय ने केंद्र को ऐसा तंत्र तैयार करने का निर्देश दिया था, जिसमें वाहन के ईंधन की सुविधा को उसके बीमा की वैधता से जोड़ा जा सके। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत यदि किसी वाहन का वैध बीमा नहीं है तो पेट्रोल पंप पर उसे ईंधन नहीं मिलेगा। वाहन मालिक को पहले वैध बीमा कराना होगा और उसके बाद ही ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा।

## दिल्ली में पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली इलाके से दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था और दिल्ली पहुंचने के बाद एक रेस्तरां में काम कर रहा था। उसे 15 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की मां मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली थी। बाद में उसने पाकिस्तान के एक नागरिक से शादी की और पाकिस्तान की नागरिकता हासिल कर ली। इसी पारिवारिक पृष्ठभूमि के चलते आरोपी की पहचान और भारत में उसके प्रवेश से जुड़े तथ्यों की भी जांच की गई। गिरफ्तारी के बाद अपराध शाखा के साथ केंद्रीय जांच एजेंसियों ने आरोपी से पूछताछ की। अधिकारियों ने उसके भारत आने के उद्देश्य, पहचान और संभावित संपर्कों की जानकारी जुटाई।

## नौकरी खत्म होने के विरोध में सड़क पर उतरे सैकड़ों अभ्यर्थी

**रांची(एजेंसी)।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाएं रद्द किए जाने के बाद चयनित अभ्यर्थियों और नौकरी से हटाए गए कर्मचारियों का विरोध तेज हो गया है। सोमवार शाम से सैकड़ों अभ्यर्थी और प्रभावित कर्मचारी प्रोजेक्ट भवन (झारखंड मंत्रालय) के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार से फैसला वापस लेने और नियुक्तियों को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। तेज बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारी रातभर प्रोजेक्ट भवन के बाहर डटे रहे। प्रदर्शन के दौरान कुछ अभ्यर्थियों ने बैरिकेडिंग तोड़कर सुरक्षा घेरा पार करने का प्रयास किया, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शनकारियों ने 'इंसाफ दो या फांसी दो' के नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे



जेएसएससी-सीजीएल के सफल अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्होंने वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा पास कर नियुक्ति हासिल की थी। कुछ अभ्यर्थियों ने दावा किया कि सरकारी नौकरी मिलने के बाद उन्होंने दूसरी नौकरियां तक छोड़ दी थीं। अब नियुक्तियां समाप्त होने से उनके सामने दोबारा बेरोजगारी और परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'कल तक हम सचिवालय में कर्मचारी थे, आज सड़क पर खड़े हैं। हमारी क्या गलती है? अगर किसी ने गड़बड़ी की है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन हमारी नौकरी क्यों छीनी जा रही है?' अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि भर्ती प्रक्रिया में किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लेकिन जिन अभ्यर्थियों का चयन नियमों के अनुसार हुआ है, उन्हें पूरी प्रक्रिया की गड़बड़ी की कीमत नहीं चुकानी चाहिए। लंबे समय से चल रहे छात्रों के आंदोलन के बाद राज्य सरकार ने सीआईडी जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जेपीएससी और जेएसएससी की कई परीक्षाओं को रद्द करने का फैसला लिया है।






## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर प्रसन्नता



**बस्ती।** पूर्व सांसदहरीशद्विवेदी को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर प्रसन्नता का माहौल है। बनकटी ब्लाक मुख्यालय पर भाजपा नेता बनकटी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामायण रघुनाथ सिंह के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पटाखा आतिशबाजी कर खुशियों को साझा किया। रामायण रघुनाथ सिंह ने कहा कि पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी जमीनी धरातल वाले नेता हैं, निश्चित रूप से उनके कुशल सांगठनिक अनुभव से भाजपा और सशक्त होगी। पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी को भारतीय जनता का राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से अंकित पाण्डेय, जगदम्बा शुक्ला, डा. अनिल मौर्य, राजेन्द्र चौधरी, अखिलेश शुक्ल, रविन्द्र पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, सत्यम ठाकुर, जर्नादन शुक्ल के साथ ही पार्टी के अनेक कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल रहे।

# 30 से अधिक घरों में घुसा बाढ़ का पानी, टूटी नाव के सहारे घर के बाहर निकल रहे ग्रामीण

## चार दिन से बाढ़ में ग्रामीण, घरों के चारों ओर पानी; बाढ़ चौकी पर ताला

**ग्राम पंचायत सिसकहा पाण्डेय की ग्राम प्रधान को बाढ़ के बारे में नही है कोई जानकारी हल्का लेखपाल ने कुछ बाढ़ पीड़ित घरों का किया जांच परन्तु अभी तक नही पहुंची है कोई राहत सामाग्री**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केविकास खण्ड विक्रमजोत के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिसकहा पाण्डेय के राजस्व गांव अर्जुनपुर में 30 से अधिक घर बाढ़ की चपेट में है । 04 दिन पहले अचानक बंधा टूट गया था और 30 से अधिक घरों के चारों तरफ पानी भरा हुआ है । O4 दिन से बच्चे स्कूल नही जा पा रहे हैं और पुरानी नाव के सहारे महिला-पुरुष बाहर निकल रहे हैं । पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जिला प्रशासन व भाजपा विधायक अजय सिंह को बंधा के बारे में जानकारी दी थी लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों ने उक्त मामले का संज्ञान नही लिया था। बाद में वही बंधा कट गया है जो अर्जुनपुर के ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना हुआ है। बाढ़ पीड़ित परिवारों ने सरकार द्वारा जारी बाढ़ व बचाव हेतु जारी हेल्प लाइन नंबर 1070 पर फोन करके सूचना दिया है। बाढ़ व बचाव हेतु जारी हेल्प लाइन नंबर 1070 के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों को राहत देने का आश्वासन दिया गया है।

बड़ी बात यह है कि बाढ़ क्षेत्रों में बाढ़ एवं बचाव कार्य हेतु बाढ़ चौकी बनाया गया है और बाढ़ चौकी पर बाढ़ प्रभारी बनाया गया है लेकिन बाढ़ चौकी पर ताला लगाकर जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी डियूटी से गायब है। बाढ़ कार्य खण्ड प्रथम- बस्ती विक्रमजोत- धुसवा तटबंध, बाढ़ चौकी- बघुआपार है जहां 30 घर बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ चौकी में एक मंदिर के पुजारी लगभग O4 वर्षों से रहते हैं। पुजारी के पास एक सरकारी पुलिस विभाग का वायरलेस है जो पुजारी की देख- रेख में वायरलेस की मानीटरिंग होती है जिसका खुलासा मीडिया के सामने पुजारी ने किया। इस सम्बंध में ग्राम प्रधान ने फोन के माध्यम से कहा कि हमारी औकात नहीं है कि हम जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को बाढ़ के बारे में जानकारी दे दे। हल्का लेखपाल ने बताया कि हमने बाढ़ पीड़ितों की जांच कर एसडीएम को जांच सौंपा दिया गया है लेकिन अभी तक एसडीएम द्वारा अभी तक कोई राहत सामाग्री उपलब्ध नहीं कराई गई है। उक्त प्रकरण में एसडीएम से जानकारी लेना चाहा तो एसडीएम कोर्ट में व्यस्त होने के कारण मीडिया के फोन को रिसीव नहीं किया कई बार फोन करने पर फोन को स्टोनो ने रिसीव किया और कहा कि साहब कोर्ट में व्यस्त हैं।

# पंचायत भवन में नहीं कर्मचारी नहीं बैठ रहे कर्मचारियों के बैठने की मांग




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायत भवनों को ग्राम सचिवालय के रूप में विकसित किया गया है। भवनों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बावजूद कई स्थानों पर कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति नहीं होने से ग्रामीणों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही मामला दुबौलिया विकासखंड के डिंगरापुर ग्राम सचिवालय का सामने आया है। डिंगरापुर जनकल्याण समिति ने ग्राम सचिवालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

समिति का आरोप है कि ग्राम सचिवालय भवन में कर्मचारियों के नियमित रूप से नहीं बैठने के कारण ग्रामीणों में असंतोष है। ग्रामीणों को यह भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि सचिवालय में कौन-कौन से कर्मचारी तैनात हैं और उनकी नियमित उपस्थिति हो रही है या नहीं। जनकल्याण समिति ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम सचिवालय में तैनात कर्मचारियों के नाम, पद, नियुक्ति/पदस्थापन, उपस्थिति तथा किए गए भुगतान की निष्पक्ष जांच कराई जाए। समिति ने कहा कि यदि बिना कार्य किए अथवा वास्तविक उपस्थिति के बिना किसी कर्मचारी को भुगतान किए जाने की पुष्टि होती है तो जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और सरकारी धन की वसूली भी कराई जाए। समिति ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य किसी व्यक्ति का विरोध करना नहीं, बल्कि ग्राम सचिवालय में पारदर्शिता, जवाबदेही और ग्रामीणों को बेहतर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है। समिति ने प्रशासन से ग्राम सचिवालय में कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की भी मांग की है।

# साइबर अपराध विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मे माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शमसुल हक के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 18 अगस्त 2026 को साइबर अपराध विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायालय के सभागार में किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में साइबर अपराध थाना प्रभारी एवं उसकी टीम की ओर से साइबर अपराध के विभिन्न रूपों एवं उससे बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में अपर जिला जज प्रथम कमलेश कुमार, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) राम करन यादव, द्वितीय अपर जिला जज जितेन्द्र गुप्ता, विशेष न्यायिक अधिकारी (पाक्सो एक्ट), अनिल कुमार-XIV, विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) प्रमोद कुमार गिरि, अपर जिला जज/एफ.टी.सी. प्रथम विराट शिरोमणी, अपर जिला जज/एफ.टी.सी. द्वितीय मीनाक्षी सोनकर, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार शुक्ला सहित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र कुमार प्रथम एवं अन्य न्यायिक अधिकारी व कर्मचारीगण एवं सिविल बार के अध्यक्ष रमाकान्त पाण्डेय, महामंत्री राजेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह एवं महामंत्री मारूत शुक्ला एवं अन्य बार के अध्यक्ष, मंत्री एवं अधिवक्तागण तथा लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

### गलत पैथोलॉजी रिपोर्ट से मरीज की सांसत में आई जान

**लालगंज (रायबरेली)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास संचालित पैथोलॉजी केंद्रों की जांच व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। गलत रिपोर्ट से एक मरीज और उसके परिजन घंटों परेशान रहे। मरीज ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। कस्बे के श्रीनगर निवासी हरीश कुमार दीक्षित (40) को हल्का बुखार था। दो दिन पहले उन्होंने सीएचसी के पास स्थित एक पैथोलॉजी केंद्र में खून की जांच कराई। रिपोर्ट में टाइफाइड पॉजिटिव और प्लेटलेट्स बेहद कम बताए गए। रिपोर्ट देखकर वह घबरा गए। वह रिपोर्ट लेकर सीएचसी पहुंचे। चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल जाने की सलाह दी। परिजन आनन फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। वहां दोबारा जांच हुई तो टाइफाइड निगेटिव निकला। प्लेटलेट्स भी सामान्य मिले।चिकित्सक ने वायरल फीवर बताते हुए उन्हें दवा दी। दो खुराक के बाद ही उनकी हालत में सुधार हो गया। हरीश का कहना है कि गलत रिपोर्ट से उन्हें और परिवार को बेवजह मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अस्पताल के आसपास चल रही अवैध रूप से पैथोलॉजी केन्द्रो पर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# लोकदल के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का हरैया में जोर स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विधान सभा हरैया धर्मेंद्र सिंह पत्रकार के नेतृत्व में लोकदल के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के गृह जनपद प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा बस्ती राजदरबार के राजा ऐश्वर्य राज सिंह को प्रदेश की कमान सौंपे जाने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष का गृह जनपद बस्ती में प्रथम आगमन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह पूर्व प्रत्याशी हरैया विधानसभा के नेतृत्व में तमाम सामाजिक संगठनों, राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं और समाज के प्रतिष्ठित जनों ने जगह-जगह पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।

जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। घघौवा, विक्रमजोत एवं छावनी कस्बों में स्वागत के दौरान उमड़ी भारी भीड़ को देखकर प्रदेश अध्यक्ष अभिभूत हो गए। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह प्रेम और विश्वास पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मुरादीपुर चौराहे पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह का फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ हुए इस स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष ने धर्मेंद्र सिंह को गले लगाकर उनके प्रति आभार जताया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह, विहिप के प्रवीण सिंह, समाजसेवी विशाल सिंह, आकाश सिंह, जगन्नाथ चौधरी, युसुफ अंसारी, नरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, भोला पांडे, पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, मनोज प्रताप सिंह, अजय कन्नौजिया, शोभाराम वर्मा सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में श्रद्धा एवं उत्साह से मनाई गई तुलसीदास जयंती

**महराजगंज/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू, महराजगंज रायबरेली में महान संत, कवि एवं रामभक्ति के अप्रतिम उपासक गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजीव सिंह, प्रधानाचार्य एस.एल. प्रजापति एवं उपप्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव ने गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर छात्राओं आयुषी, तेजस्वी, अनन्या एवं आयुषी यादव ने तुलसीदास जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए भाषण और कविता-पाठ प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में तुलसी के पौधे भी लगाए और तुलसीदास जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। शिक्षक अभिषेक ने विद्यार्थियों को बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी महान कृति 'रामचरितमानस' के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, सेवा एवं मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि तुलसीदास जी की रचनाएं आज भी समाज को सत्य, धर्म, सदाचार, प्रेम और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देती हैं। विद्यार्थियों को उनके जीवन और साहित्य से प्रेरणा लेकर अपने आचरण में मानवीय मूल्यों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत 'मोन' गांव में विशेष स्क्रीनिंग शिविर

## 12 संदिग्धों के बलगम जांच को भेजे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली-** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्क्रीनिंग अभियान के तहत बुधवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोन स्थित ग्राम सचिवालय में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन की मदद से कुल 25 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 12 संभावित मरीजों के बलगम के नमूने विस्तृत जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैब भेजे गए हैं। डॉ. आलोक गुप्ता ने बताया कि क्षय रोग (टीबी) के सक्रिय मामलों की जल्द से जल्द पहचान करने और समय पर इलाज शुरू कराने के उद्देश्य से यह अभियान 1 अगस्त से 28 अगस्त तक चलाया जा रहा है। आधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे तकनीक से लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है।

मोन गांव के शिविर में एक्स-रे जांच के दौरान 12 लोगों में टीबी के प्राथमिक लक्षण की आशंका दिखाई दी, जिसके बाद उनके बलगम के सैंपल आगे की जांच के लिए लैब भेजे गए। डॉ. गुप्ता ने बताया कि हैंडहेल्ड एक्स-रे तकनीक दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में टीबी के मरीजों की तुरंत पहचान करने में बेहद कारगर साबित हो रही है। जांच के साथ-साथ उपस्थित ग्रामीणों को टीबी के प्रमुख लक्षणों, इसके बचाव के तरीकों और सरकार द्वारा मिलने वाले निःशुल्क उपचार के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए स्थानीय ग्राम प्रधानों का भी विशेष सहयोग लिया जा रहा है। इस अवसर पर टीबी सुपरवाइजर वरुणदेव, सीएचओ अंजली वर्मा, ग्राम प्रधान श्यामकला अमरेश कुमार, स्थानीय आशा बहुओं समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तीसरे दिन मिला मट्टन नाले में समाई मासूम का शव, मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर क्षेत्र के गाड़ी दर्रा गांव के मासूम भाई बहन के मटटन नाले में समाने के बाद दोनों शव बरामद हो जाने से बुधवार को प्रशासन ने राहत की सांस ली। बुधवार को दोपहर बाद नाले में समाए मासूम आईशा उर्फ महक का शव सांगीपुर थाना क्षेत्र के सई नदी के तिलौरी घाट पर रेस्क्यू टीम ने बरामद किया। बयालिस बटालियन पीएसी प्रयागराज की बीटल बाढ़ राहत द्वारा शव बरामद किये जाने से प्रशासन को राहत की सांस मिली। वहीं आईशा के भी शव मिलने से परिजनों में कोहराम जारी दिखा। मंगलवार को रेस्क्यू टीम ने नाले में समाए राम सिंह का शव बरामद किया था। दोनों शव मिलने के बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं सांसद प्रमोद तिवारी ने घटना पर दुख जताते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के गाड़ी दर्रा निवासी अरविंद सिंह के सात वर्षीय पुत्र रामसिंह व तेरह वर्षीया पुत्री आईशा सिंह उर्फ महक गांव के तीन अन्य बच्चों के साथ सोमवार की सुबह दुल्लापुर घाट स्थित मटटन नाला में नहाने पहुंचे थे। यहां मट्टन नाले में नहाने के दौरान अचानक रामसिंह गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने में उसकी बहन महक भी गहरी पानी में समा गयी।

# जिला कौशल समिति की बैठक में प्रशिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा निर्धारित लक्ष्य पूर्ण नहीं किए गए हैं, वे निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही बरतने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने पावरलूम एवं टेक्सटाइल सेक्टर में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के युवाओं को उनकी रुचि एवं रोजगार की संभावनाओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने टेक्सटाइल, अपैरल, एग्रीकल्चर, ब्यूटी एंड वेलनेस, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेंट एंड कोटिंग, पावर, प्लंबिंग, रिटेल तथा टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी सेक्टरों में प्रशिक्षण कराए जाने हेतु आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण लक्ष्यों की मांग प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं एवं उद्योगों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रभावी नियोजन किया जाए। उन्होंने कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला समन्वयक कौशल विकास, उपायुक्त उद्योग, जिला कृषि अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, निदेशक आरसेटी, एम आई एस प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

### भामाशाह भाव स्थिरता कोष देगा आलू किसानों को सहायता: जिला उद्यान अधिकारी

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई नई योजना भामाशाह भाव स्थिरता कोष के सहारे आलू किसानों को भी राहत मिलेगी। फसल के भाव गिरने पर सरकार की ओर से अनुदान देकर नुकसान की भरपाई की जाएगी। उद्यान विभाग के नवविकसित आनलाइन पोर्टल https://potato uphorticulture.in/ का शुभारंभ हुआ है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना और निजी शीतगृहों में भंडारित आलू पर शुल्क में छूट व आलू बीज की खरीद पर अनुदान योजना का संचालन किया जाएगा। 1000 करोड़ के भामाशाह भाव स्थिरता कोष की स्थापना की गई है, जिसके लिए 100 करोड़ की टोकन धनराशि का प्रविधान किया गया है। भाव गिरने पर किसानों को निर्धारित लागत के 25 प्रतिशत या उत्पादन लागत और बिक्री मूल्य के अंतर (जो कम हो) के बराबर अनुदान मिलेगा। प्रति किसान अधिकतम दो हेक्टेयर और प्रति हेक्टेयर अधिकतम 240 क्विटल पर अनुदान मिलेगा। किसानों को आनलाइन आवेदन करना होगा। अनुदान की राशि बैंक खाते में भेजी जाएगी। योजना का क्रियान्वयन एक जनवरी से 15 अप्रैल व एक जुलाई से 31 अक्टूबर के बीच होगा। आलू भंडारण प्रभार में छूट योजना के तहत 100 रुपये प्रति क्विटल की दर से प्रति किसान अधिकतम 20,000 रुपये तक अनुदान दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए उद्यान विभाग में सम्पर्क किया जा सकता है।

# फसल बीमा कराकर प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान से बचें

**अम्बेडकरनगर।** खरीफ 2026 सीजन में किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले संभावित फसल नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना' (RWBCIS) लागू की गई है। योजना के तहत किसानों को मौसम आधारित जोखिमों से सुरक्षा देने के साथ उनकी कृषि आय को स्थिर बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। जिला उद्यान अधिकारी हरिशंकर राम ने बताया कि अत्यधिक वर्षा, तापमान में उतार-चढ़ाव, सूखा और नमी जैसी प्रतिकुल मौसम परिस्थितियों से बागवानी फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में यह योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का काम करेगी। उन्होंने जनपद के पात्र किसानों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अम्बेडकरनगर में विशेष रूप से केला और मिर्च की फसलों को योजना में शामिल किया गया है। केला फसल के लिए प्रति हेक्टेयर 1.50 लाख रुपये की बीमित राशि निर्धारित है, जिसके लिए किसान को 7,500 रुपये प्रीमियम देना होगा। वहीं टमाटर की फसल के लिए प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपये की बीमित राशि पर 2,500 रुपये प्रीमियम निर्धारित किया गया है।

योजना का लाभ ऋणी और गैर- ऋणी दोनों श्रेणी के किसान उठा सकते हैं। पंजीकरण के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, भूमि संबंधी दस्तावेज, बटाई प्रमाण पत्र तथा फसल बुआई का स्व-प्रमाणित घोषणा पत्र लेकर निकटतम बैंक शाखा अथवा जन सेवा केंद्र (CSC) पर संपर्क करना होगा। किसान भारत सरकार के PMFBY पोर्टल के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं। डॉ. श्री हरिशंकर राम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित प्रीमियम राशि के अतिरिक्त किसानों से किसी अन्य शुल्क की मांग नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कि प्राकृतिक जोखिमों को देखते हुए किसानों को समय रहते अपनी फसल का बीमा कराना चाहिए ताकि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से होने वाले संभावित आर्थिक नुकसान का प्रभाव कम किया जा सके।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, इलाज के दौरान मौत

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र के कुसौड़ा गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक 35 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी लल्लू गौतम के रूप में हुई है। बताया गया कि लल्लू गौतम की पत्नी किसी बात को लेकर घर छोड़कर चली गई थी। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद लल्लू ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शासन के शीर्ष प्राथमिकता कार्यक्रम के अंतर्गत किसान दिवस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**» किसान दिवस में किसानों को योजनाओं की जानकारी, मोती की खेती का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण**

**» किसान दिवस में कृषकों की समस्याओं पर हुआ मंथन, कृषि यंत्रों की ई- लॉटरी व मोती पालन की दी जानकारी**

**अम्बेडकरनगर।** शासन के शीर्ष प्राथमिकता कार्यक्रम के अंतर्गत किसान दिवस का आयोजन आज विकास भवन सभागार में उप निदेशक कृषि की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग कर उपस्थित कृषकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं कृषकों के हित में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उप निदेशक कृषि ने बताया कि कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया के उपरांत 20 अगस्त 2026 को दोपहर 12:00 बजे एनआईसी कक्ष में ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने आवेदन करने वाले कृषकों से निर्धारित समय पर ई-लॉटरी में प्रतिभाग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी महोदया के निर्देशों के क्रम में जनपद में मोती की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संतोष सिंह द्वारा मोती उत्पादन का मौके पर प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सीप को चिमटी की सहायता से खोलकर उसमें न्यूक्लियस डालने की प्रक्रिया का प्रयोगात्मक प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में 30 मोती पालकों का चयन किया जा चुका है। चयनित कृषकों को शीघ्र ही जहांगीरगंज स्थित श्री संतोष सिंह के तालाब पर मोती उत्पादन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोती की खेती का उत्पादन चक्र लगभग डेढ़ वर्ष का होता है तथा उचित तकनीक से एक बिस्वा तालाब क्षेत्रफल में मोती की खेती के माध्यम से कृषक अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।

जिला कृषि अधिकारी ने रबी सीजन के लिए तोरिया, सरसों, चना, मटर एवं गेहूं आदि बीजों की बुकिंग के संबंध में कृषकों को जानकारी दी। साथ ही कृषि रक्षा रसायनों पर देय अनुदान को पॉस मशीन के माध्यम से मौके पर प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने कृषकों से खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) टीकाकरण अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कृषक अपने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने में सहयोग करें। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता विद्युत, मंडी सचिव, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी तथा अग्रणी जिला प्रबंधक, सहकारिता सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कृषक हितैषी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा कृषकों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर कृषकों ने कृषि यंत्रों पर अनुदान, क्रय केंद्रों के संचालन एवं अन्य कृषि संबंधी विषयों पर अपने सुझाव एवं समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों द्वारा कृषकों की ओर से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

# ईवीएम-वीवीपैट की जांच को लेकर 21 जिलों के अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। आगामी विधानसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों के तहत बुधवार को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में ईवीएम एवं वीवीपैट की प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी) को लेकर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने की। कार्यशाला में प्रदेश के 21 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और एफएलसी पर्यवेक्षकों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों को ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों और विशेषज्ञों ने ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, सुरक्षा उपायों और प्रथम स्तर की जांच की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रतिभागियों को मशीनों पर लाइव प्रदर्शन के साथ हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी कराया गया। इसके लिए कार्यशाला स्थल पर पर्याप्त संख्या में ईवीएम एवं वीवीपैट उपलब्ध कराए गए थे। ईसीआईएल के विशेषज्ञों ने मशीनों की तकनीकी संरचना और सुरक्षा विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों को एफएलसी के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों और उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट के संपूर्ण जीवन चक्र के बारे में जानकारी दी गई। इसमें मशीनों का संचालन, रैंडमाइजेशन, कमीशनिंग, मतदान, मतगणना और मतगणना के बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं सहित विभिन्न प्रोटोकॉल समझाए गए। वरिष्ठ अधिकारियों ने एफएलसी के दौरान तकनीकी एवं प्रशासनिक सुरक्षा उपायों के साथ अधिकारियों और मास्टर ट्रेनरों की जिम्मेदारियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला में आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा, भारत निर्वाचन आयोग के सचिव मधुसूदन गुप्ता, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह, अवर सचिव राकेश कुमार और उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह ने किया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद प्रश्नोत्तर एवं शंका समाधान सत्र में अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रतिभागियों से घोषणा-पत्र भी प्राप्त किए गए, जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण में बताए गए विषयों को समझने और किसी प्रकार की शंका शेष नहीं रहने की पुष्टि की। समापन अवसर पर अधिकारियों ने निर्देश दिए कि ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया निर्धारित प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता एवं सावधानी के साथ की जाए। अधिकारियों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए एफएलसी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**ईसीआईएल के विशेषज्ञों ने मशीनों की तकनीकी संरचना और सुरक्षा विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों को एफएलसी के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों और उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट के संपूर्ण जीवन चक्र के बारे में जानकारी दी गई।**

# बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, अभिलाषा वर्मा बनीं मिश्रिख सेबहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मिश्रिख, सीतापुर। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में बुधवार को मिश्रिख के मेला मैदान में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में पार्टी नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली ने की। सम्मेलन के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने मिश्रिख विधानसभा की सुरक्षित सीट से अभिलाषा वर्मा को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। इस दौरान विश्वनाथ पाल ने भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अभिलाषा वर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने और उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम स्थल पर काफी देर तक उत्साह का माहौल बना रहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बसपा विनोद राजवंशी, वीपी हँस,पिंकू पाल, सोमेंद्र सिंह,दिनेश गुप्ता,सुदर्शन लाल भारती,लकी भाई,दिनेश मौर्य रजनीश मौर्य,विनोद भारती, सजंय गौतम,रीता पाल,सुरेन्द्र भारती,महेश भारती,भईया लाल,कालीचरण,अमित गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## चकबंदी प्रक्रिया में तेजी के निर्देश, किसानों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने चकबंदी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, किसानों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचाने और मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि चकबंदी योजना को बिना पर्याप्त कारण निरस्त कर गांवों को दोबारा प्रारंभिक स्तर पर भेजने की प्रक्रिया से किसानों की परेशानी बढ़ती है और चकबंदी कार्य में अनावश्यक विलंब होता है। साथ ही इससे मुकदमेबाजी और कानूनी जटिलताएं भी बढ़ती हैं। चकबंदी आयुक्त ने निर्देश दिए कि आपत्ति अथवा अपील की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी अपने स्तर पर चकबंदी योजना में सुधार का प्रयास करें। यदि योजना में अधिनियम की धारा-19 की शर्तों से अत्यधिक विचलन हो और उसमें सुधार संभव न हो, तभी उसे वापस प्रारंभिक स्तर पर भेजने पर विचार किया जाए। ऐसी स्थिति में सभी संबंधित खातेदारों को सुना अनिवार्य होगा। इसके बाद जिलाधिकारी अथवा जिला उप संचालक चकबंदी की संस्तुति के साथ प्रस्ताव चकबंदी आयुक्त कार्यालय भेजना होगा। लिखित पूर्वानुमति मिलने के बाद ही प्रत्यावर्तन का आदेश पारित किया जा सकेगा।

# छोटे मखदूम साहब की दरगाह पर चार दिवसीय उर्स

### 20 अगस्त को होगा मखदूम अब्दुल फतह का कुल शरीफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



खैराबाद सीतापुर स्थानीय दरगाह हजरत छोटे मखदूम साहब में चार दिवसीय उर्स का शुभारंभ 18 अगस्त से हो गया है उसी क्रम में आज 19 अगस्त को ख्वाजा कुतुब साहब का कुल शरीफ हुआ तथा रात में छोटे मखदूम साहब के सुपुत्र मखदूम सैय्यद अब्दुल फतह का का 437 वा उर्स शुरू हुआ और 20 अगस्त को सायंकाल कुल शरीफ होगा तथा रात में मखदूम सैय्यद निजामुद्दीन अल्लाहदिया अलैहिर्रहमा का जुलूस गागर संदल बड़े मखदूम साहब की दरगाह से रात में उठाया जाएगा जो विभिन्न रास्तों से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचेगा जहां देर रात तक कव्वाली होंगी, 21 अगस्त को सुबह कुरान ख्वानी तथा मीलाद शरीफ और गुस्ल मजार होगा तथा सांय काल 6:00 बजे कुल शरीफ होगा। इस अवसर पर दरगाह के सज्जादा नशीन सैय्यद मदनी मियां ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों की तालीम यानी उनके द्वारा दी गई शिक्षा पर अमल करना चाहिए तथा नमाज़ की पाबन्दी करना चाहिए क्योंकि नमाज़ को ही सबसे पहले पूछ जाएगा। इस अवसर पर तमाम श्रद्धालु उपस्थित थे । आपके सुपुत्र हाफ़िज़ गुफरान रिज़वी, कामरान रिज़वी, सैय्यद फरमान मियां चिश्ती,सैय्यद सलमी मियां,फरजान मियां, फरहान मियां, मोहम्मद जुनेद, डॉक्टर सैय्यद रेहान रिज़वी,आदि मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बेहटा द्वारा आयोजित आम सभा में नई कार्यकारिणी का गठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बेहटा सीतापुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र बेहटा मे बेहटा के ब्लॉक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी की एक आवश्यक आम सभा की बैठक संरक्षक धीरेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संघ के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना एवं नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का मनोनयन करना था। सभागार में उपस्थित सभी शिक्षको की सहमति और सर्वसम्मति से मंत्री समेत संघ के समस्त निर्धारित पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया जिसमें मंत्री के पद पर चंद्रिका प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर राहुल सिंह रघुवंशी, उपाध्यक्ष के पद पर तुफैल अहमद खान, सोनेन्द्र खंडेलवाल, गौरव यादव, गौरव मिश्रा, रीता वर्मा, कोषाध्यक्ष के पद पर राहुल श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री के पद पर जितेंद्र कुमार वर्मा, संगठन मंत्री के पद पर आशीष तिवारी, अंजली सिंह, ब्रजेंद्र कुमार, शैलेन्द्र सिंह, प्रद्युम्न वर्मा, प्रचार मंत्री के पद पर पूजा जासवाल, गौरव शर्मा, अमित द्विवेदी, पंकज कुमार, जौहरी सिंह, उप मंत्री के पद पर सुबोध सिंह एवं शिवम शुक्ला, अकाउंटेंट के पद पर शिवम मित्तल, ऑडिटर के पद पर लवकुश गोयल एवं मीडिया प्रभारी के पद पर शिवम् शुक्ला व सह-मीडिया प्रभारी के पद पर गिरिश कुमार का मनोनयन किया गया! मनोनयन के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा, संघ की प्राथमिकता शिक्षकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक साथियों ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं व चयनित पदाधिकारियों ने संगठन को एकजुट व मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह पटेल, राजकुमार संजय, सत्येंद्र कुमार वर्मा , विनोद चौरसिया, वफाउल्ला खान, भगत सिंह चाहर, आलोक सिंह, रिजवान, कामरान खान तुफैल अहमद खान,शिव प्रताप सिंह, शिव प्रताप तिवारी, खेम सिंह, विजयपाल, प्रवीण चाहर, मंजीत गौतम, प्रभात यादव एवं जुनैद खान, कोमल सिंह, अल्ताफ,वसीम, मणिकांत, अमरेंद्र कुमार, सुधीर गौतम, अरविन्द यादव, अमित वर्मा, अनुज शुक्ला,इमरान, अमृत कुमार, आनंद वर्मा, शैलेश कुमार समेत सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे, जिसकी जानकारी नवनियुक्त मीडिया प्रभारी शिवम शुक्ल ने दी।

# रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर गूंजे जयकारे, निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**महाराजा माहे पासी किला, नेवरना उन्नाव में सैकड़ों लोगों ने मनाई वीरांगना की जयंती, नीलमणि नरसिंहराव ने किया ध्वजारोहण।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



उन्नाव। महाराजा माहे पासी किला, नेवरना में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शौर्य, साहस और देशभक्ति को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान नीलमणि नरसिंहराव ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद देशभक्ति के नारों के बीच भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लिए, सैकड़ों लोग यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। रानी अवंती बाई लोधी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। लोगों ने वीरांगना के त्याग, संघर्ष और अदम्य साहस को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने देश और समाज के लिए साहस एवं बलिदान की मिसाल कायम की। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा देता है। जयंती समारोह और तिरंगा यात्रा में महिलाओं, युवाओं तथा क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने पूरे माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य वीरांगनाओं और महान राष्ट्रनायकों के संघर्ष एवं योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के नारों और रानी अवंती बाई लोधी के जयकारों के साथ हुआ।

# कासिमपुर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, 22 को रुद्राभिषेक और 23 को होगा विशाल यज्ञ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



गोसाईंगंज, लखनऊ। कासिमपुर गांव स्थित झारखंडेश्वर बाबा धाम मंदिर परिसर में यज्ञ सम्राट स्वामी प्रमोदानंद महाराज के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल यज्ञ का आयोजन चल रहा है। कथा सुनने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। कथा के दौरान स्वामी प्रमोदानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को मनुष्य के जीवन में आने वाले विभिन्न उतार-चढ़ाव और उनसे धैर्य व विवेक के साथ निकलने का संदेश दिया। उन्होंने बहन-बेटियों को विपरीत परिस्थितियों में सतर्क रहने और किसी दुष्ट व्यक्ति का सामना होने पर समझदारी से स्वयं की सुरक्षा करने के प्रति भी जागरूक किया। आयोजन समिति के अनुसार 22 अगस्त को मंदिर परिसर में भव्य रुद्राभिषेक, जबकि 23 अगस्त को दिन में विशाल यज्ञ और रात में राम जन्म के बाद कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 24 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान शिव भक्त और श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण कर रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण पर महमूदाबाद में चढ़ाया गया 23 किलो का निर्वाण लाडू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



महमूदाबाद, सीतापुर। जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जी के निर्वाण दिवस के अवसर पर महमूदाबाद में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। श्री विविक्ति मति माता जी ससंघ के सानिध्य में भगवान पार्श्वनाथ जी की निर्वाण कांड शिखर जी की रचना के साथ विधि-विधानपूर्वक 23 किलो का निर्वाण लाडू श्रद्धापूर्वक अर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान की नित्य पूजन, अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ जी की आराधना कर निर्वाण लाडू समर्पित किया। इस दौरान जैन समाज के अनुयायी भगवान की भक्ति में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम में जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और भगवान पार्श्वनाथ जी के सिद्धांतों एवं अहिंसा के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## तीन सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नगराम। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने में कुबहरा, कमलापुर, विचिलखा, नेवाजखेड़ा, समेसी, तमोरिया समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण पहुंचे। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग लंबे समय से निर्माण की बाट जोह रहे हैं। इनमें कुबहरा से कमलापुर होते हुए विचिलखा माइनर तक कच्चे मार्ग का निर्माण, नगराम-खुजौली मार्ग स्थित टिकरा चौराहे से नेवाजखेड़ा खड़ंजा मार्ग का निर्माण तथा नगराम-निगोहां मार्ग पर पुलिस चौकी से रामबक्सखेड़ा तक सड़क का डामरीकरण प्रमुख हैं। किसानों का आरोप है कि सड़क निर्माण को लेकर लंबे समय से विभागीय अधिकारियों की ओर से आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर काम शुरू नहीं हुआ। नगराम-निगोहां मार्ग पर पुलिस चौकी से रामबक्सखेड़ा तक सड़क के डामरीकरण में वन विभाग की आपत्ति के चलते पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण नहीं कराया जा रहा है। धरने की सूचना पर वन विभाग के सहायक वन अधिकारी देवेश कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम मौके का सर्वे करेगी और एक सप्ताह के भीतर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से धरना समाप्त करने की अपील भी की। हालांकि किसान मौखिक आश्वासन पर धरना समाप्त करने को तैयार नहीं हुए। किसानों ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी एक सप्ताह के भीतर एनओसी लेकर धरना स्थल पर आएं, इसके बाद ही धरना समाप्त करने पर निर्णय लिया जाएगा। किसानों ने नगराम थाना अध्यक्ष से भी मांग की कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर वार्ता कराई जाए और तीनों सड़कों के निर्माण की समयसीमा स्पष्ट की जाए। किसानों का कहना था कि सड़कें ग्रामीणों के लिए आवागमन के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि उपज की ढुलाई के लिए भी बेहद जरूरी हैं। किसानों ने दो टूक कहा कि जब तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर, प्रदेश महासचिव दिनेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला महामंत्री राम सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, रामपाल राजपूत, अरविंद कुमार, काशी प्रसाद, राम प्रसाद फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार, केशव यादव, रामकुमार प्रधान पति, अशोक प्रधान समेसी, रामनरेश प्रधान नेवाजखेड़ा, नंदगोप प्रधान तमोरिया समेत सैकड़ों किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# एवियान लक्स सेरेनिटी में 'धरोहर' मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आगाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में द एवियान लक्स सेरेनिटी स्थित मिनिस्ट्री ऑफ क्यूज़ीन (MOC) में 'धरोहर - द लॉन्गेविटी एंड मिलेट्स फेस्ट' का भव्य आगाज हो गया है। 17 अगस्त से शुरू हुआ यह विशेष मिलेट फूड फेस्टिवल 30 अगस्त 2026 तक चलेगा। फेस्टिवल में मेहमानों को मिलेट्स और पारंपरिक अनाजों से तैयार स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनों का अनूठा अनुभव कराया जा रहा है। फेस्टिवल का आयोजन प्रतिदिन शाम 7 बजे से किया जा रहा है। बदलती जीवनशैली और हेल्थ-कॉन्शियस डाइनिंग की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए मिलेट्स से तैयार व्यंजनों को आधुनिक पाक कला और आकर्षक प्रस्तुति के साथ पेश किया जा रहा है। फेस्टिवल के माध्यम से स्वाद, सेहत और भारतीय खानपान की समृद्ध परंपरा को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। पारंपरिक अनाजों को आधुनिक कुकिंग तकनीकों के साथ जोड़कर तैयार किए गए विशेष व्यंजन मेहमानों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। द एवियान लक्स सेरेनिटी के जनरल मैनेजर आकाश सिंह राठौर ने कहा कि 'धरोहर' सिर्फ एक फूड फेस्टिवल नहीं, बल्कि पारंपरिक खाद्य विरासत और स्वस्थ जीवनशैली को सेलिब्रेट करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स और प्राचीन अनाज भारतीय खाद्य संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और इन्हें आधुनिक स्वाद एवं प्रस्तुति के साथ लोगों तक पहुंचाना इस आयोजन का उद्देश्य है। असिस्टेंट फूड एंड बेवरेज मैनेजर सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि फेस्टिवल के मेन्यू में मिलेट्स को विशेष रूप से केंद्र में रखा गया है। पारंपरिक अनाजों से तैयार व्यंजनों में स्वाद और आधुनिक प्रस्तुति के संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि मेहमानों को कुछ नया और यादगार अनुभव मिल सके। वहीं, एग्जीक्यूटिव शेफ गौरीश सिंह ने कहा कि व्यंजन तैयार करते समय मिलेट्स और पारंपरिक अनाजों की प्राकृतिक खूबियों को ध्यान में रखा गया है। ताजी सामग्री, भारतीय मसालों और आधुनिक कुकिंग तकनीकों के जरिए ऐसे व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं, जो स्वादिष्ट होने के साथ हेल्थ-कॉन्शियस डाइनिंग को भी बढ़ावा देते हैं। 'धरोहर - द लॉन्गेविटी एंड मिलेट्स फेस्ट' की थीम Ancient Grain. Modern Plate. A Story Worth Covering. रखी गई है। इसके तहत पारंपरिक अनाजों को आधुनिक प्लेट पर नए अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है। फेस्टिवल के जरिए लोगों को मिलेट्स के स्वाद के साथ उनकी भारतीय खाद्य परंपरा और स्वस्थ जीवन शैली में भूमिका से भी रूबरू कराया जा रहा है। मिनिस्ट्री ऑफ क्यूज़ीन (MOC), द एवियान लक्स सेरेनिटी, लखनऊ में आयोजित यह फेस्टिवल 30 अगस्त तक जारी रहेगा।

# संपादकीय

## मीडिया की विश्वसनीयता का सवाल



राजीव शुक्ला -(संपादक)

लोकतंत्र में मीडिया को अक्सर समाज का आईना कहा जाता है। उसका काम केवल घटनाओं की सूचना देना नहीं, बल्कि सत्ता, व्यवस्था और समाज से जुड़े सवालों को जनता के सामने रखना भी है। लेकिन आज जब सूचना का प्रवाह पहले से कहीं तेज हो गया है, तब मीडिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती खबरों की संख्या नहीं, बल्कि विश्वसनीयता बचाए रखने की है। मोबाइल फोन की स्क्रीन पर हर क्षण सैकड़ों सूचनाएं पहुंच रही हैं। टेलीविजन चैनलों की बहसें, न्यूज पोर्टल, यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया—सब मिलकर एक ऐसा सूचना संसार बना चुके हैं, जिसमें सच और भ्रम के बीच अंतर करना आम नागरिक के लिए कठिन होता जा रहा है। पहले किसी घटना की खबर के लिए लोग अखबार या समाचार बुलेटिन का इंतजार करते थे। आज घटना घटते ही उसके वीडियो, दावे और प्रतिक्रियाएं सोशल मीडिया पर फैलने लगती हैं। कई बार मूल तथ्य सामने आने से पहले ही किसी घटना पर राय बन चुकी होती है। यही स्थिति मीडिया की विश्वसनीयता के लिए गंभीर चुनौती पैदा करती है। **खबर और विचार के बीच धुंधली होती सीमा** पत्रकारिता की बुनियादी कसौटी तथ्य है। लेकिन वर्तमान दौर में खबर और विचार के बीच की सीमा कई जगह धुंधली दिखाई देती है। समाचार को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है कि उसमें निष्पक्ष सूचना से अधिक किसी खास दृष्टिकोण का प्रभाव दिखाई देने लगे। विचार रखने का अधिकार पत्रकार और मीडिया संस्थान दोनों को है, लेकिन पाठक को यह स्पष्ट पता होना चाहिए कि वह समाचार पढ़ रहा है या विश्लेषण अथवा टिप्पणी। जब राय को तथ्य की तरह प्रस्तुत किया जाता है, तब भ्रम पैदा होता है और पत्रकारिता की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। सोशल मीडिया ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया है। अब किसी घटना की तस्वीर या वीडियो सामने लाने के लिए बड़े मीडिया संस्थान का इंतजार जरूरी नहीं। आम नागरिक भी घटनास्थल से जानकारी साझा कर सकता है। यह लोकतंत्र के लिए सकारात्मक बदलाव है। लेकिन इसी के साथ एक बड़ा खतरा भी पैदा हुआ है—बिना पुष्टि की सूचना का तेज प्रसार। अधूरी जानकारी, पुराने वीडियो, गलत संदर्भ वाली तस्वीरें और भ्रामक दावे कुछ ही मिनटों में हजारों-लाखों लोगों तक पहुंच सकते हैं। कई बार लोग खबर की सत्यता जांचने के बजाय यह देखते हैं कि उसे कितने लोगों ने साझा किया है। लोकप्रियता को सत्य का प्रमाण मान लेना पत्रकारिता और समाज दोनों के लिए खतरनाक है। टीआरपी और क्लिक की दौड़ मीडिया संस्थानों के सामने आर्थिक चुनौतियां भी कम नहीं हैं। विज्ञापन, दर्शक संख्या, वेबसाइट ट्रैफिक और सोशल मीडिया एंगेजमेंट आज मीडिया कारोबार के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। इसका दबाव कभी-कभी खबरों की प्राथमिकता को भी प्रभावित करता है। जिस खबर में अधिक सनसनी हो, वह ज्यादा क्लिक ला सकती है। जिस बहस में तीखे आरोप हों, वह अधिक दर्शक खींच सकती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या दर्शक संख्या ही पत्रकारिता की सफलता का अंतिम पैमाना हो सकती है? यदि किसी गंभीर सामाजिक समस्या की जगह केवल इसलिए विवादित बयान को प्रमुखता दी जाए क्योंकि उससे ज्यादा क्लिक मिलते हैं, तो पत्रकारिता धीरे-धीरे जनहित से बाजार की प्राथमिकताओं की ओर खिसक सकती है। डिजिटल पत्रकारिता में सबसे पहले खबर देने की होड़ ने गति को महत्व दिया है। लेकिन पत्रकारिता में सबसे पहले होने से ज्यादा महत्वपूर्ण है—सही होना। किसी खबर को प्रकाशित करने से पहले स्रोत की पुष्टि, संबंधित पक्ष का पक्ष, दस्तावेजों की जांच और संदर्भ को समझना आवश्यक है। जल्दबाजी में प्रकाशित गलत खबर बाद में भले ही सुधार दी जाए, लेकिन उसकी पहली छाप लंबे समय तक लोगों के मन में बनी रह सकती है। इसलिए मीडिया को यह तय करना होगा कि 'सबसे पहले' की तुलना में 'सबसे विश्वसनीय' होना अधिक महत्वपूर्ण है। मीडिया की विश्वसनीयता केवल पत्रकारों की जिम्मेदारी नहीं है। पाठक और दर्शक की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। किसी सनसनीखेज दावे को तुरंत साझा करने से पहले यह देखना चाहिए कि उसकी पुष्टि किसी विश्वसनीय स्रोत से हुई है या नहीं। एक ही खबर को अलग-अलग स्रोतों से पढ़ना, शीर्षक के बजाय पूरी खबर देखना और तस्वीर या वीडियो का संदर्भ जांचना आज जिम्मेदार नागरिकता का हिस्सा बन गया है। **गलती स्वीकार करना भी विश्वसनीयता है** मीडिया संस्थान भी गलतियां कर सकते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि गलती सामने आने पर उसे स्वीकार किया जाए और स्पष्ट रूप से सुधार प्रकाशित किया जाए। गलती छिपाने या उसे नजरअंदाज करने की कोशिश भरोसा और कम करती है। एक विश्वसनीय मीडिया संस्थान वह नहीं है जो कभी गलती न करे, बल्कि वह है जो तथ्य सामने आने के बाद अपनी गलती को ईमानदारी से सुधारने का साहस रखता हो। मीडिया का दायित्व केवल सरकार से सवाल पूछना नहीं है। उसे विपक्ष, प्रशासन, संस्थाओं, उद्योग, सामाजिक संगठनों और स्वयं समाज से भी सवाल करने चाहिए। पत्रकारिता का पक्ष किसी व्यक्ति या दल का नहीं, बल्कि जनहित और सत्य का होना चाहिए। असुविधाजनक प्रश्न पूछ सकता है। यही उसकी भूमिका है। लेकिन स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। आलोचना तथ्य आधारित होनी चाहिए और प्रशंसा भी तथ्यों पर आधारित। आने वाले समय में पत्रकारिता और अधिक डिजिटल होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सोशल मीडिया और नागरिक पत्रकारिता सूचना की दुनिया को और तेज बनाएंगे। ऐसे दौर में मीडिया की असली ताकत उसकी गति नहीं, बल्कि उसकी विश्वसनीयता, तथ्य-जांच और संपादकीय स्वतंत्रता होगी। समाचार संस्थानों को तकनीक अपनाने के साथ-साथ पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को भी मजबूत करना होगा। पत्रकारों को तथ्य-जांच, डिजिटल स्रोतों की पड़ताल और गलत सूचना की पहचान के लिए लगातार प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। आज सवाल यह नहीं है कि हमारे पास सूचना कितनी है। सवाल यह है कि उस सूचना में सच कितना है। मीडिया के सामने विश्वास का संकट केवल मीडिया का संकट नहीं है। यह लोकतंत्र का संकट भी बन सकता है। जब जनता को यह भरोसा न रहे कि उसे सही जानकारी मिल रही है, तब अफवाह और प्रचार तथ्य की जगह लेने लगते हैं। इसलिए पत्रकारिता को फिर उसी मूल सिद्धांत की ओर लौटना होगा—पहले सत्य, फिर सनसनी; पहले तथ्य, फिर राय; पहले जनहित, फिर बाजार। मीडिया की विश्वसनीयता किसी कानून या नारे से नहीं, बल्कि रोज प्रकाशित होने वाली हर खबर की ईमानदारी से बनती है। आखिरकार पाठक को खबर चाहिए, शोर नहीं; तथ्य चाहिए, भ्रम नहीं; और सबसे बढ़कर—सच चाहिए।




**मेष**-मेष राशि वालों के लिए दिन रिश्तों में संतुलन बनाए रखने वाला रहेगा। जीवनसाथी या साझेदार के साथ महत्वपूर्ण बातचीत सफल हो सकती है।

**वृषभ**-वृषभ राशि वालों को आज दिनचर्या और कामकाज व्यवस्थित करने का अवसर मिलेगा। पुरानी थकान कम हो सकती है।

**मिथुन**-मिथुन राशि वालों के लिए आर्थिक दृष्टि से दिन अच्छा रह सकता है। धन प्राप्ति के नए अवसर मिल सकते हैं और निवेश से जुड़ा कोई प्रस्ताव सामने आ सकता है।

**कर्क**-कर्क राशि वालों को आर्थिक मामलों में आत्मविश्वास मिलेगा। पुरानी उलझन सुलझ सकती है और किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह उपयोगी रहेगी।

**सिंह**-सिंह राशि वालों के लिए आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में किसी शुभ कार्य की संभावना है।

**कन्या**-कन्या राशि वालों का ध्यान आज सुख-सुविधाओं और आर्थिक मामलों पर रहेगा। धन को लेकर सोच संतुलित रहेगी और सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

**तुला**-तुला राशि वालों के लिए दिन सामाजिक और व्यक्तिगत संबंधों के लिहाज से अच्छा रहेगा। महत्वपूर्ण फैसलों में स्पष्टता आएगी।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि वालों का आत्मविश्वास कार्यक्षेत्र में मजबूत रहेगा। नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

**धनु** -धनु राशि वालों के लिए भाग्य का साथ मिलने के संकेत हैं। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**मकर**-मकर राशि वालों को कार्यक्षेत्र के दबाव से राहत मिल सकती है। पुराने काम पूरे होंगे और फैसले लेने में स्पष्टता रहेगी।

**कुंभ** -कुंभ राशि वालों के लिए दिन भाग्य और संबंधों के लिहाज से सकारात्मक रहेगा। पुरानी परेशानी कम हो सकती है। जीवनसाथी या साझेदार का सहयोग आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

**मीन**-मीन राशि वालों के लिए पुरानी उलझनों को सुलझाने का दिन है। अध्ययन और शोध से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। किसी बड़े फैसले में जल्दबाजी न करें। संतान या प्रेम संबंधों से अच्छी खबर मिल सकती है। घर में बहस से बचें और परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ संयम से व्यवहार करें।

# प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने रचे विकास, गुणवत्ता और नवाचार के नए कीर्तिमान



(आदर अदीब पावेल बन्धु)
जिला सूचना अधिकारी

**विद्या ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम।
पात्रत्वाद् धनमाप्नोति धनाद् धर्मं ततः सुखम॥**

अर्थात विद्या से विनम्रता आती है, विनम्रता से योग्यता प्राप्त होती है, योग्यता से धन और उससे धर्म एवं सुख की प्राप्ति होती है। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ करने हेतु मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग को केवल विद्यालय संचालन तक सीमित न रखकर सामाजिक परिवर्तन, मानवीय विकास और सुशासन का प्रभावी माध्यम बनाया है। आज उत्तर प्रदेश का बेसिक शिक्षा विभाग एक ऐसे परिवर्तन का साक्षी है, जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पूर्व तक कठिन प्रतीत होती थी। कभी संसाधनों के अभाव, जर्जर भवनों और घटते नामांकन के लिए चर्चा में रहने वाले परिषदीय विद्यालय आज आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल तकनीक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और जनविश्वास के कारण नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह परिवर्तन केवल भवनों के कायाकल्प का नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा को पुनर्जीवित करने का अभियान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए गए। मिशन ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में 19 आधारभूत सुविधाओं का विकास सुनिश्चित किया गया। आज प्रदेश के लगभग 96 प्रतिशत परिषदीय विद्यालयों में इन मूलभूत सुविधाओं का संतृप्तीकरण किया जा चुका है। स्वच्छ पेयजल, पृथक शौचालय, विद्युत व्यवस्था, पुस्तकालय, खेल सामग्री, दिव्यांग अनुकूल रैंप, फर्नीचर और आकर्षक परिसर ने सरकारी विद्यालयों की तस्वीर बदल दी है। यही कारण है कि आज परिषदीय विद्यालय अभिभावकों के विश्वास का केंद्र बनते जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने शिक्षा को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए व्यापक डिजिटल परिवर्तन भी किया है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अब तक 31,878 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 14,988 विद्यालयों में आईसीटी लैब तथा 1,129 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा चुकी हैं। इसके साथ ही शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए 2,61,530 टैबलेट वितरित किए गए हैं। यह पहल शिक्षा को किताबों के अलावा डिजिटल आयामों से जोड़ने का ऐतिहासिक प्रयास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित स्कूल चलो अभियान ने शिक्षा को जनांदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के उद्देश्य को साकार करते हुए घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। शैक्षिक सत्र 2026-27 में अब तक 27.05 लाख से अधिक बच्चों का नवीन नामांकन कराया जा चुका है। यह आंकड़े उन लाखों परिवारों की आशा का पुनर्जागरण है, जिन्होंने अपने बच्चों के भविष्य को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया है। समावेशी शिक्षा की दिशा में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के प्रवेश हेतु वर्ष 2026-27 में लगभग 1.96 लाख बच्चों का चयन किया गया, जिनमें से 1.49 लाख से अधिक बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित किया जा चुका है। यह सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता देने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया। डीबीटी के माध्यम से गणवेश, जूते-मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी के लिए धनराशि सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है। शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रथम चरण में 1 करोड़ 10 लाख विद्यार्थियों के लिए 1320 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ अभिभावकों का विश्वास भी सुदृढ़ हुआ। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता विकसित करने का व्यापक अभियान चलाया गया। गतिविधि आधारित शिक्षण, सतत मूल्यांकन और प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से प्राथमिक कक्षाओं में अधिगम स्तर में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। प्रदेश के विद्यालयों में सीखने की संस्कृति को नई दिशा मिली है। शिक्षकों को शिक्षा व्यवस्था का प्राण तत्व मानते हुए उनके क्षमता संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया गया। वर्ष 2025-26 में 1,96,003 शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया तथा विद्यालय नेतृत्व को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 1.5 लाख प्रधानाध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों को विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे विद्यालय प्रबंधन और शिक्षण गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार आया है। प्रदेश सरकार ने शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के योगदान का सम्मान करते हुए उनके मानदेय में ऐतिहासिक वृद्धि का निर्णय लिया। शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह तथा अनुदेशकों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये प्रतिमाह किया गया। यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मियों के मनोबल को नई ऊंचाई प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों और कर्मचारियों के सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत लगभग 12 लाख शिक्षकों एवं उनके परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 1900 उपचार पैकेज उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से लगभग 10 लाख शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। साक्षरता के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को स्पर्श किया है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास) के अंतर्गत अब तक 21.25 लाख निरक्षरों एवं 2.31 लाख स्वयंसेवकों का चिन्हांकन किया गया है। प्रदेश में आयोजित सात साक्षरता परीक्षाओं में 13.81 लाख शिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 11.68 लाख को एनआईओएस द्वारा साक्षर घोषित किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 10 लाख नए शिक्षार्थियों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश सरकार शिक्षा को भविष्य की आवश्यकताओं से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर आधारभूत संरचना का विस्तार भी कर रही है। प्रदेश की 75 जनपदों की प्रत्येक दो तहसीलों में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। 150 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना हेतु लगभग 4500 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही प्रत्येक जनपद में एक विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 12 विद्यालयों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ, जो प्रदेश की गुणवत्तापूर्ण विद्यालयी व्यवस्था का प्रमाण है। यह उपलब्धि केवल भवनों की सुंदरता नहीं, बल्कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और व्यवहार परिवर्तन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। इन सभी प्रयासों के केंद्र में केवल आंकड़े नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे का उज्ज्वल भविष्य है। आज सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाला विद्यार्थी आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण, डिजिटल संसाधन, खेल, विज्ञान और नैतिक मूल्यों से युक्त समग्र शिक्षा प्राप्त कर रहा है। यही परिवर्तन उत्तर प्रदेश को विकसित भारत की आधारशिला बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि शासन की नीयत स्पष्ट हो, नीति दूरदर्शी हो और क्रियान्वयन ईमानदार हो तो सरकारी विद्यालय भी उत्कृष्टता के शिखर तक पहुँच सकते हैं। यह परिवर्तन केवल भवनों का नहीं, बल्कि विश्वास, गुणवत्ता और भविष्य का परिवर्तन है। आज उत्तर प्रदेश का बेसिक शिक्षा विभाग शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, सुशासन और जनकल्याण का ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर रहा है, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। उत्तर प्रदेश की यह शिक्षा यात्रा केवल उपलब्धियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि उस स्वर्णिम भविष्य का उद्घोष है जिसमें प्रत्येक बालक ज्ञान से प्रकाशित, संस्कारों से समृद्ध और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर विकसित उत्तर प्रदेश तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाएगा। यही मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्थापित वे नए कीर्तिमान हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के शाश्वत स्रोत बने रहेंगे।

# भारतीय निर्वाचन आयोग का मुरीद हुआ-महाशक्ति अमेरिका

भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसके पीछे केवल विशाल मतदाता संख्या ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निरंतरता और करोड़ों नागरिकों की चुनावी भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। भारत में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि संविधान में निहित लोकतांत्रिक विश्वास को अभिव्यक्त करने का सबसे बड़ा अवसर हैं। इस पूरी प्रक्रिया में भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका केंद्रीय है। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत की मतदाता पहचान व्यवस्था और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ हुई चर्चा का उल्लेख करते हुए अमेरिकी चुनावों में नागरिकता और मतदाता पात्रता की जांच को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। ट्रंप ने प्रस्तावित 'सेव अमेरिका एक्ट' के समर्थन में भारत की व्यवस्था को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है। अमेरिकी विधेयक का मूल उद्देश्य संघीय चुनावों में मतदाता पंजीकरण के समय अमेरिकी नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना है। यह प्रसंग भारत के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है कि जिस विषय पर देश के भीतर राजनीतिक बहस और मतभेद दिखाई देते हैं, उसी विषय की कुछ व्यवस्थाओं को दुनिया की सबसे प्रभावशाली लोकतांत्रिक शक्तियों में से एक अपने चुनावी ढांचे को मजबूत करने के संदर्भ में देख रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों की शुद्धता और विश्वसनीयता को चुनावी प्रक्रिया की बुनियादी आवश्यकता माना है। आयोग के अनुसार 2025 में लगभग दो दशक बाद विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई और 2026 में भी विभिन्न राज्यों में इसका विस्तार हुआ। आयोग के आधिकारिक दस्तावेजों में इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, सटीक और समावेशी बनाना बताया गया है। यही वह बिंदु है जिस पर हमारे राजनीतिक विमर्श को गंभीरता से विचार करना चाहिए। मतदाता सूची किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं, लोकतंत्र की आधारशिला है। उसमें किसी पात्र नागरिक का नाम छूटना जितना गंभीर विषय है, उतना ही गंभीर विषय किसी अपात्र व्यक्ति का नाम बने रहना भी है। इसलिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय संवैधानिक और प्रशासनिक कसौटी पर परखा जाना चाहिए। यह भी उतना ही आवश्यक है कि ऐसी किसी प्रक्रिया में पारदर्शिता, स्पष्ट नियम, नागरिकों को पर्याप्त अवसर, शिकायतों के त्वरित निवारण और पात्र मतदाताओं के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हो। चुनावी शुचिता और मताधिकार दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं। भारत की चुनाव प्रणाली की विशेषता केवल पहचान-पत्र या मतदाता सूची तक सीमित नहीं है। ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक करोड़ों मतदाता जिस व्यापक चुनावी प्रक्रिया में भाग लेते हैं, वह अपने आप में लोकतांत्रिक संस्थागत क्षमता का बड़ा उदाहरण है। भारत निर्वाचन आयोग स्वयं चुनावी प्रक्रिया में मतदाता सुविधा, पारदर्शिता और मतदाता सूची की शुद्धता को लगातार मजबूत करने की दिशा में काम करने की बात करता है। इसलिए यदि अमेरिका जैसा देश भारतीय चुनावी अनुभव के किसी पहलू को अपने संदर्भ में उपयोगी मानता है तो यह भारत के लिए निश्चित रूप से गौरव का विषय है। लेकिन इससे भी बड़ी उपलब्धि यह होगी कि हम इस अवसर को आत्ममुग्धता के बजाय आत्ममंथन का अवसर बनाएं। लोकतंत्र में संस्थाओं की प्रशंसा और आलोचना दोनों आवश्यक हैं। निर्वाचन आयोग हो, न्यायपालिका हो, संसद हो या कोई अन्य संवैधानिक संस्था उसकी विश्वसनीयता तभी मजबूत होगी जब उसके काम का मूल्यांकन तथ्यों, कानून और पारदर्शिता के आधार पर हो, न कि केवल राजनीतिक सुविधा के आधार पर। आज आवश्यकता इस बात की है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों चुनावी संस्थाओं को लेकर जिम्मेदार राजनीतिक भाषा अपनाएं। सरकारों को संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए सहयोग देना चाहिए और विपक्ष को यदि किसी प्रक्रिया पर आपत्ति है तो प्रमाण और संवैधानिक तर्क के साथ उसे सामने रखना चाहिए। केवल विरोध के लिए विरोध लोकतंत्र को मजबूत नहीं करता। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत की चुनावी व्यवस्था के कुछ पहलुओं का उदाहरण दिया जाना निश्चित रूप से प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय हो सकता है। मगर असली गौरव तब होगा जब भारत अपनी चुनावी व्यवस्था को इतना निष्पक्ष, पारदर्शी, विश्वसनीय और नागरिक-केंद्रित बनाए कि दुनिया के लोकतंत्र भारतीय अनुभव से सीखने के लिए निरंतर भारत की ओर देखें। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा किसी एक दल की जीत में नहीं, बल्कि मतदाता के विश्वास की जीत में है। और उस विश्वास की पहली शर्त है सही मतदाता, सही मतदाता सूची और निर्भीक मतदान।

**अरविंद रावल**

# 'चवन्नी' वाले तंज से गरमाई पश्चिमी यूपी की सियासत



**बयान के बाद रालोद कार्यकर्ताओं में नाराजगी सामने आई और कई जगह विरोध प्रदर्शन भी हुए। अखिलेश यादव के बयान पर जयंत चौधरी ने तल्खी दिखाने के बजाय संयमित अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 'वो अपनी बात कहें तो अच्छा है। उनके साथ खड़े होने वाले हर सहयोगी इस तरह की बयानबाजी से सोचने को मजबूर हो रहे हैं।' जयंत ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही किसी को बनाती और बिगाड़ती है। जब उनसे पूछा गया कि अखिलेश उन्हें इतना यों याद कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सवाल अखिलेश यादव से ही पूछा जाना चाहिए। जयंत का यह जवाब राजनीतिक तौर पर इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है योंकि दोनों नेताओं के बीच कभी मजबूत राजनीतिक साझेदारी रही है। हालांकि, अब दोनों अलग-अलग गठबंधनों का हिस्सा हैं और पश्चिमी उर प्रदेश में अपने-अपने राजनीतिक आधार को मजबूत करने में जुटे हैं। अखिलेश यादव और जयंत चौधरी की राजनीतिक नजदीकी 2022 के विधानसभा चुनाव में साफ दिखाई दी थी।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी पर किए गए सियासी तंज ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। अखिलेश यादव ने जयंत का नाम लिए बिना कहा, 'कहां-कहां से आ गए थे, चवन्नी का रुपया बना दिया, फिर भी...' उनके इस बयान को पुराने राजनीतिक रिश्ते और गठबंधन टूटने के संदर्भ में देखा जा रहा है। बयान के बाद रालोद कार्यकर्ताओं में नाराजगी सामने आई और कई जगह विरोध प्रदर्शन भी हुए। अखिलेश यादव के बयान पर जयंत चौधरी ने तल्खी दिखाने के बजाय संयमित अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 'वो अपनी बात कहें तो अच्छा है। उनके साथ खड़े होने वाले हर सहयोगी इस तरह की बयानबाजी से सोचने को मजबूर हो रहे हैं।' जयंत ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही किसी को बनाती और बिगाड़ती है। जब उनसे पूछा गया कि अखिलेश उन्हें इतना क्यों याद कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सवाल अखिलेश यादव से ही पूछा जाना चाहिए। जयंत का यह जवाब राजनीतिक तौर पर इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दोनों नेताओं के बीच कभी मजबूत राजनीतिक साझेदारी रही है। हालांकि, अब दोनों अलग-अलग गठबंधनों का हिस्सा हैं और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने-अपने राजनीतिक आधार को मजबूत करने में जुटे हैं। अखिलेश यादव और जयंत चौधरी की राजनीतिक नजदीकी 2022 के विधानसभा चुनाव में साफ दिखाई दी थी। समाजवादी पार्टी और रालोद ने मिलकर चुनाव लड़ा था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस गठबंधन के जरिए जाट-मुस्लिम समीकरण को साधने की कोशिश की गई थी। उस समय दोनों दलों ने कई सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ा और गठबंधन को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना गया। इसके बाद परिस्थितियां बदलीं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले रालोद ने भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का साथ पकड़ लिया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद इस राजनीतिक बदलाव को और मजबूती मिली। वर्तमान में जयंत चौधरी केंद्र सरकार में मंत्री हैं और रालोद एनडीए का हिस्सा है। यही राजनीतिक बदलाव अब सपा और रालोद के बीच बढ़ती तल्खी की एक प्रमुख वजह माना जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातीय और सामाजिक समीकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जाट समुदाय के बीच रालोद और चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत का प्रभाव माना जाता है। वहीं मुस्लिम, दलित, गुर्जर और विभिन्न पिछड़े वर्ग भी चुनावी समीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपने पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समीकरण को मजबूत करने में जुटी है। ऐसे में पश्चिमी यूपी में रालोद की मौजूदगी और भाजपा के साथ उसका गठबंधन सपा के लिए राजनीतिक चुनौती माना जा रहा है। दूसरी ओर, भाजपा के साथ रालोद का गठबंधन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट मतदाताओं तक एनडीए की पहुंच को मजबूत करने वाला माना जाता है। ऐसे में दोनों दलों के नेताओं के बीच होने वाली बयानबाजी का असर केवल व्यक्तिगत राजनीतिक रिश्तों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे व्यापक चुनावी समीकरण भी जुड़े हुए हैं। अखिलेश यादव की टिप्पणी सामने आने के बाद रालोद कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई। कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और अखिलेश यादव के पुतले भी फूंके। इससे दोनों दलों के बीच राजनीतिक दूरी और बढ़ने के संकेत मिले हैं। हालांकि, जयंत चौधरी ने अपने जवाब में व्यक्तिगत हमले से बचते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया और जनता की भूमिका पर जोर दिया। उनके संयमित बयान को भी राजनीतिक रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 2027 का विधानसभा चुनाव अभी दूर है, लेकिन प्रमुख राजनीतिक दलों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सपा अपने संगठन को मजबूत करने के साथ सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश कर रही है। भाजपा अपने गठबंधन को मजबूत कर रही है, जबकि रालोद पश्चिमी यूपी में अपने प्रभाव को बनाए रखने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अखिलेश यादव और जयंत चौधरी के बीच बढ़ती राजनीतिक तल्खी आने वाले दिनों में और दिखाई दे सकती है। दोनों नेताओं के बयान पश्चिमी यूपी के मतदाताओं के बीच अपने-अपने गठबंधन की राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करने का माध्यम भी बन सकते हैं। दरअसल, 'चवन्नी' और 'रुपये' का यह सियासी तंज पुराने राजनीतिक रिश्तों की याद दिलाने के साथ ही बदलते गठबंधन और सामाजिक समीकरणों की ओर भी इशारा कर रहा है। अब देखना होगा कि 2027 के चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता किस राजनीतिक समीकरण को अपनी पसंद बनाती है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# खज़नी में बाइक सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

## कंबल कारखाना से काम कर घर लौट रहा था रोहन सिंह, छताई पुल के समीप हुई वारदात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी/गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात बाइक सवार दो बदमाशों ने कंबल फैक्ट्री में काम करने वाले एक युवक पर जानलेवा हमला करते हुए गोली चला दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिजन घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। फिलहाल घायल का उपचार चल रहा है। घटना को लेकर शाहपुर थाना क्षेत्र के मानस विहार कॉलोनी, जंगल शालिकराम निवासी बुद्ध भगवान सिंह ने खजनी थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक, बुद्ध भगवान सिंह का बेटा रोहन सिंह 18 अगस्त की रात करीब साढ़े नौ बजे कंबल फैक्ट्री में काम करने के बाद घर की ओर जा रहा था। वह खजनी थाना क्षेत्र में चटाई पुल से करीब एक किलोमीटर आगे खजनी की तरफ पहुंचा था।

इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक उसका पीछा करते हुए आए। आरोप है कि बाइक सवार युवकों ने रोहन सिंह को निशाना बनाकर पिस्टल से गोली चला दी। गोली लगने के बाद रोहन लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पहले रोहन को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक बीआरडी मेडिकल कॉलेज में घायल का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस वारदात के कारणों और हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही पुलिस संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक तहरीर के आधार पर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गोलीकांड के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार की माता का निधन

**रूद्रपुर, देवरिया।** विधानसभा क्षेत्र के रामलखन चौकी क्षेत्र अन्तर्गत गनेशपुर निवासी पत्रकार प्रेम कुमार शर्मा उर्फ मुफलिस की माता जी का निधन मंगलवार की रात 2 बजे हो गया। स्व पानमती देवी 103 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार करिहवा घाट पर बुधवार की सुबह किया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील महामंत्री मुफलिस की मां के निधन से पत्रकारों में शोक की लहर व्याप्त है। शोक व्यक्त करने वालों में सांसद रमाशंकर राजभर, विधायक जयप्रकाश निषाद,पूर्व जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय, प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन विरेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष नागेन्द्र शर्मा, तहसील अध्यक्ष मणिन्द्र नारायण सिंह, सुरेन्द्र मिश्रा, अश्विनी द्विवेदी, राजेश गुप्ता, उमेश यादव, ब्रजेश त्रिपाठी, ब्रजेश वर्मा, मुकेश रूंगटा, तेज प्रताप गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, प्रेमचंद मिश्रा सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# बघेला नाले में लगातार मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

## वन विभाग ने जारी की सतर्कता की चेतावनी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी चौराहे से पश्चिम स्थित नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर बहने वाले बघेला नाले में पिछले कई दिनों से लगातार मगरमच्छों के बाहर निकलने से स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया है। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों का मानना है कि इस बघेला नाले में करीब आधा दर्जन विशालकाय मगरमच्छों ने अपना स्थाई डेरा जमा लिया है, जो आए दिन कभी नाले के किनारे तो कभी अचानक पास के कृषि योग्य खेतों में रेंगते हुए दिखाई देते हैं। मगरमच्छों के इस खुले मूवमेंट के कारण क्षेत्र के पशु चरवाहों और किसानों में इस कदर खौफ व्याप्त हो गया है कि उन्होंने अपने मवेशियों को चराने के लिए नाले की तरफ ले जाना तथा किसान खेतों का देखरेख करना पूरी तरह से बंद कर दिया है। ग्रामीणों को सबसे बड़ा डर इस बात का सता रहा है कि रात के अंधेरे में ये हिंसक जीव नाले से निकलकर कहीं नजदीकी रिहायशी बस्तियों और घरों में न घुस जाएं, जिससे किसी बड़ी अनहोनी या जानमाल के नुकसान का खतरा चौबीसों घंटे बना रहता है। इस गंभीर और संवेदनशील मामले का संज्ञान लेते हुए उत्तरी चौक रेंज के घोड़हवा बीट के फॉरेस्टर जितेंद्र गौड़ ने पूरी स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही है और साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय नागरिकों तथा राहगीरों को नाले के समीप न जाने तथा हर वक्त बेहद सतर्क व सावधान रहने की सख्त हिदायत दी है।

### भैंसा को मारकर साक्ष्य छिपाने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

#### फरसा और भाला से नदी में घेरकर हमला करने का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगिना में मन्नत पूरी होने पर ग्राम सभा के लिए छोड़े गए एक भैंसे को लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से पीट-पीटकर मार डालने और शव गायब करने का आरोप लगा है। मामले को लेकर पीड़ित श्रीराम और अन्य ग्रामवासियों ने परसामलिक पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार ग्रामीणों ने अपनी धार्मिक मान्यता के तहत करीब 10 वर्ष पूर्व गांव में एक भैंसा छोड़ा था, जो ग्राम सभा के भीतर ही घूमता रहता था। आरोप है कि 12 अगस्त को जब भैंसा करैला घाट की तरफ गया तभी गांव के कुछ लोग तथा कुछ अज्ञात लोगों ने लाठी, डंडा, फरसा व भाला लेकर उसे नदी में घेर लिया और बेरहमी से पीटने लगे। घटना के दिन से ही भैंसे का कोई पता नहीं चल सका है, जिससे ग्रामीणों को पूरा अंदेशा है कि आरोपियों ने उसे जान से मारकर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से गायब कर दिया है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। रामलखन, राजेंद्र, ओम प्रकाश, प्रमोद और देवशरण सहित दर्जनों लोगों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मामले के संबंध में पीड़ित और ग्रामवासियों की तरफ से लिखित तहरीर प्राप्त हुई है। मौके पर घटने की सच्चाई का पता लगाया जा रहा है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# घर का ताला काटकर चोरी, नकदी-लाखो के जेवर उठा गए चोर






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के उनवल चौकी अंतर्गत वार्ड नंबर 13 स्थित कुरु मोहल्ला, कस्बा संग्रामपुर में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर नकदी और पैतृक जेवर समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी है। पीड़ित परशुराम मौर्या पुत्र राजकुमार मौर्य के मुताबिक मंगलवार की रात चोरी ने घर खंगाल डाला, मकान की छत लगाने के लिए उन्होंने घर में करीब 50 हजार रुपये नकद रखे थे। इसके अलावा घर में पैतृक जेवर भी रखे थे, जिनकी मौजूदा कीमत करीब चार लाख रुपये बताई जा रही है। चोरों ने घर का ताला काटकर अंदर प्रवेश किया और कमरों को खंगालने के बाद नकदी, जेवर तथा अन्य सामान लेकर फरार हो गए। परिजनों को चोरी की जानकारी होने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ ही संदिग्धों की तलाश में जुटी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खजनी थाना क्षेत्र में पिछले करीब डेढ़ सप्ताह के दौरान चोरी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब आठ माह तक चोरी की घटनाओं पर कुछ हद तक अंकुश लगा था, लेकिन अब चोर फिर पुराने ढर्रे पर लौटते नजर आ रहे हैं। डेढ़ सप्ताह में करीब आधा दर्जन चोरी की घटनाओं की चर्चा के बीच ताजा वारदात ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों ने पुलिस अधिकारियों से रात में गश्त बढ़ाने, संदिग्धों की निगरानी करने और पूर्व की चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का पर्दाफाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गौरा में गूंजा समरसता और सामाजिक एकता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोंडाः** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत उनकी जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी की पवित्र माटी से युक्त कलश का विधानसभा गौरा में श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कलश के आगमन पर विधानसभा क्षेत्र के केशवनगर ग्रांट, अगया बुजुर्ग, कूकनगर ग्रांट, बैजलपुर, बैजपुर, ढढूवा कुतुबजोत, बभनजोत, मोकलपुर, चांदपुर, लक्ष्मीनगर ग्रांट, मकोईया, बिछिया बौहान, ढढोवा महेनिया, फूलपुर, मवई, तेंदुआ रानीपुर, खालेगांव, खपरीपारा, मनसुखपुर, सुमेरपुर, समरूपुर सहित विभिन्न ग्रामों में श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश वंदन एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रमों में विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा ने सम्मिलित होकर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि– ऋ‘संत गुरु रविदास महाराज जी का जीवन और उनकी वाणी सामाजिक समरसता, समानता और मानवता की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की, जहाँ व्यक्ति की पहचान उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म, आचरण और मानवीय मूल्यों से हो। उनका संदेश आज भी समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर एकता और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। ‘ग उन्होंने कहा कि 650वीं जयंती वर्ष केवल एक स्मरण पर्व नहीं, बल्कि गुरु रविदास जी के विचारों को जीवन में उतारने और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सम्मान, समानता एवं अवसर पहुँचाने का संकल्प लेने का अवसर है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हम सभी को मिलकर समरस, सशक्त और संवेदनशील समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

**गुरु रविदास जी की अमर वाणी—** ‘ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न। छोट-बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न॥ ‘–आज भी ऐसे समाज की प्रेरणा देती है, जहाँ समानता, सम्मान, न्याय और सामाजिक सद्भाव सर्वोपरि हों। कार्यक्रम में महंत विवेक ब्रह्मचारी, कबीर मठ बड़हरा, महंत उमाशंकर दास अयोध्या, महंत सुकुट साहब, सजीवन दास महाराज, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य चंचल, जिला उपाध्यक्ष एवं रथ यात्रा संयोजक नीरज मौर्या, सचिन वाल्मीकि, संत रविदास ढढ़ोवा के महंत बाबा पुजारी दास , जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा , राधिका देवी, अरुण प्रकाश शुक्ला, मधुप सिंह सहित सम्मानित प्रधानगण, जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### तुलसी जयंती समारोह में भक्ति और काव्य रस से सराबोर हुई नागरी प्रचारिणी सभा

**देवरिया।** नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया की ओर से आयोजित तुलसी जयंती समारोह के दूसरे दिन भक्त चूड़ामणि महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी एवं उनके अमर ग्रंथ रामचरितमानस का विधिवत पूजन- अर्चन हुआ। इसके बाद सुंदरकांड का सामूहिक पारायण किया गया। यजमान का दायित्व रवि प्रकाश मिश्र ‘छोटे बाबा’ ने सपत्नीक निभाया। पूजन-अर्चन का अनुष्ठान कर्म विद्याधर्म संजीवन संस्कृत महाविद्यालय, देवरिया के आचार्यों ने कराया। सुंदरकांड का पाठ सभा के मंत्री डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी, बृजेंद्र मिश्र, अधिवक्ता वृद्धिचंद्र विश्वकर्मा, डॉ. अशोक दीक्षित, अधिवक्ता जय प्रकाश मद्धेशिया, अधिवक्ता महेश्वर विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने समवेत स्वर में किया। समारोह के दूसरे सत्र में दोपहर दो बजे सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र कुमार दीक्षित की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी हुई। कवियों ने विविध भाव, छंद और रस से सजी रचनाएं प्रस्तुत कर साहित्य प्रेमी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोष्ठी में सुदीप मणि त्रिपाठी, रंधा यादव, सहित अन्य कवियों ने काव्य पाठ किया।

### त्योहार और परीक्षाएंः 15 अक्टूबर तक निषेधाज्ञा

**देवरिया।** आगामी त्योहारों और प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में निषेधाज्ञा 15 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत अवधि बढ़ाई है। आदेश के तहत धार्मिक भावनाएं भड़काने, सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने, अफवाहों के प्रचार और धार्मिक उन्माद वाली सामग्री के प्रसार पर रोक रहेगी। अस्त्र-शस्त्र और विस्फोटक लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। घरों की छतों पर ईंट-पत्थर जमा करने तथा बिना अनुमति पंचायत या महापंचायत आयोजित करने पर रोक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास निर्धारित दायरे में साइबर कैफे, फोटो कॉपी और प्रिंटिंग की दुकानों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक होगी। केंद्र परिसर में मोबाइल, ब्लूटूथ और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निषेधाज्ञा का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के तहत दंडनीय अपराध होगा।

# गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पडरौना।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वाराणसी से शुरू की गई पवित्र कलश वंदन यात्रा बुधवार को पडरौना देहात और विशुनपुरा मंडल पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया और कलश पूजन कर संत रविदास के समानता, मानवता और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पडरौना देहात मंडल में यात्रा के आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, जिला महामंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष मीनू जिंदल, मंडल अध्यक्ष रामजीत चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, मंडल महामंत्री महेंद्र दीक्षित, अवधेश प्रजापति, जनार्दन मद्धेशिया, सुनील चौहान, अंशु जायसवाल और आलोक विश्वकर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक कलश पूजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि संत रविदास का जीवन पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचारों और आदर्शों को हर घर तथा विशेषकर नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। संत रविदास ने समानता, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश देकर समाज को नई दिशा दिखाई। विशुनपुरा मंडल के त्रिलोकपुर में यात्रा पहुंचने पर सदर विधायक मनीष जायसवाल, ब्लाक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान, मंडल महामंत्री विवेक पांडेय, जवाहर पाल, नरेंद्र तिवारी, कपिल देव लाल श्रीवास्तव, होशिला पांडेय, श्रीकांत जायसवाल, संजय राय, कृष्णा जायसवाल, उपेंद्र कुमार मिश्र, विजय कुशवाहा, अंकित कुमार, गोल्डी गुप्ता, चंदन रौनियार और घनश्याम मिश्र सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया।

सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि संत रविदास का जीवन ऊंच-नीच, भेदभाव और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने समानता और मानवता का संदेश दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। कलश वंदन यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। समरसता संकल्प अभियान के जिला सह संयोजक एवं जिला मंत्री विश्वरंजन कुमार आनंद ने बताया कि यात्रा ने बुधवार को पडरौना देहात मंडल के भटवलिया, मिश्रौली, जगदीशपुर, खिरकिया तथा विशुनपुरा मंडल के त्रिलोकपुर, मनिकौरा, चैती जटहां में और मंशाछापर में भ्रमण किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर हजारों श्रद्धालुओं ने कलश पूजन कर संत रविदास के समानता और मानवता के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# पासपोर्ट-वीजा बनवाने के नाम पर 35 हजार की ठगी, मुकदमा दर्ज




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा, गोरखपुर।** विदेश में नौकरी दिलाने और पासपोर्ट-वीजा बनवाने के नाम पर 35 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत और एसएसपी के आदेश के बाद सहजनवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, फतेहपुर जिले के खखरेरू थाना क्षेत्र के अजना गांव निवासी वरुण कुमार पाल पुत्र जयचंद पाल विदेश में नौकरी करने की तैयारी कर रहे थे। इसी सिलसिले में उनकी मुलाकात एकला बाजार निवासी ट्रेवल्स संचालक अजय साहनी से हुई। पीड़ित का आरोप है कि अजय साहनी ने विदेश जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा बनवाने का भरोसा देकर उनसे 35 हजार रुपये ले लिए। आरोप के मुताबिक, बीते 9 अगस्त को आरोपी उन्हें लखनऊ भी लेकर गया, लेकिन वहां भी पासपोर्ट और वीजा नहीं दिलाया गया।

पीड़ित के अनुसार, इसके बाद आरोपी ने रकम वापस करने से भी इनकार कर दिया और कुछ समय बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। काफी प्रयास के बावजूद आरोपी से संपर्क नहीं हो सका। खुद को ठगी का शिकार महसूस करने पर वरुण कुमार पाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी अजय साहनी के खिलाफ ठगी सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण का छह दिवसीय प्रशिक्षण

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि जनपद के किसानों को मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में स्वरोजगार तथा आय के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य मशरूम प्रयोगशाला (खाद्य प्रसंस्करण विभाग) राजकीय शीतगृह परिसर सेक्टर-जी अलीगंज लखनऊ में छः दिवसीय मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होने बताया है कि प्रशिक्षण के लिए 50 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है तथा प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकतम 50 सीटें उपलब्ध होंगी। अभ्यर्थियों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशिक्षण के लिए किसी प्रकार का मानदेय देय नहीं होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहला प्रशिक्षण 7 से 12 सितंबर, दूसरा 5 से 10 अक्टूबर, तीसरा 2 से 7 नवंबर, चौथा 14 से 19 दिसंबर, पांचवां 4 से 9 जनवरी 2027, छठा 1 से 6 फरवरी 2027 तथा सातवां प्रशिक्षण 15 से 20 मार्च 2027 तक आयोजित किया जाएगा।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर प्रशासन सख्त, सात मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** जिला सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में करीब सात पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान सात प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। बैठक में लेखपाल से संबंधित शिकायत, निर्माण कार्य पूरा कराने, गाटा संख्या 951 का नक्शे में अंकन छूटने के कारण सुधार, खेत की पैमाइश समेत अन्य मामले सामने आए। अपर जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को पत्रावलियां भेजकर निष्पक्ष जांच और नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए, साथ ही प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने को कहा।

एडीएम ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान में किसी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिला प्रशासन की ओर से नियमानुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा कर उनके अनुपालन की स्थिति भी जानी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने पूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों और उनके आश्रितों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक का संचालन उन्होंने किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र राय तथा स्टेशन कमांडर गोरखपुर के प्रतिनिधि के रूप में 52वीं बटालियन एनसीसी देवरिया के जेसीओ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मुठभेड़ के बाद 15 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खज़नी/गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में 15 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ हत्या, लूट, रंगदारी समेत करीब 19 आपराधिक मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, मंगलवार देर रात करीब 3:20 बजे खजनी थाना क्षेत्र में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी और भागने लगा। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। गोली लगने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर ही उसे दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान खजनी थाना क्षेत्र के भीटी खोरिया निवासी जितेंद्र पासवान उर्फ लादेन के रूप में हुई है। घायल बदमाश को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके से असलहा और अन्य सामान बरामद किए जाने की भी जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि जितेंद्र पासवान लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है और उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में हत्या, लूट, रंगदारी सहित 19 मुकदमे दर्ज हैं। रंगदारी के एक मामले में वह काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस टीम ने घटनास्थल की जांच करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए। गिरफ्तार बदमाश के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर हुई फायरिंग और बरामदगी के संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ग़ोलाः घर में घुसकर दबंगों ने पति-पत्नी को पीटा, पति का सिर फटा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला बाजार/गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम केशवापार में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के दो दबंगों ने घर में घुसकर सो रहे पति को लात-मुक्कों और ईंट से पीटकर घायल कर दिया। पति को बचाने पहुंची पत्नी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना में पति का सिर फट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर गोला पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में केशवापार निवासी लक्ष्मण पुत्र स्वर्गीय मंद्रिका ने बताया कि बीते 16 अगस्त की रात करीब 10 बजे वह भोजन करने के बाद अपने घर के अंदर सो रहे थे। इसी दौरान गांव के शानू राय पुत्र अनिल राय और श्याम राय पुत्र रामअवध कथित तौर पर घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने बिना किसी बात के लात-मुक्कों और ईंट से हमला कर दिया।

मारपीट में लक्ष्मण के सिर में गंभीर चोट लग गई और उनका सिर फट गया। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। शोर सुनकर उनकी पत्नी सरोज देवी बीच-बचाव करने पहुंचीं। आरोप है कि हमलावरों ने सरोज देवी के साथ भी मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित के मुताबिक घटना के बाद दोनों आरोपी जान-माल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। गोला पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) और 333 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। वहीं, घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है।

# चंदकुआं में नाले के ऊपर मिला पक्का अतिक्रमण, अधिकारियों ने कराई सफाई

## दुकानों के बाहर नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर जेसीबी से निकाला मलबा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** नगर के अति व्यस्ततम और प्रमुख चंदकुआँ चौराहे पर स्थित नाले की कभी भी ठीक ढंग से साफ सफाई न होने और सफाई के नाम पर खाली फोटोबाजी किए जाने के चलते गत रोज बारिश के दौरान नाले का ओवरफ्लो दूषित पानी प्रसिद्ध भूतेश्वर मंदिर के अंदर शिवलिंग तक पहुंच गया था जिससे भक्तों में तो रोष देखा ही गया था, नगर पालिका के कामों की भी पोल खुल कर सामने आ गई थी। बुधवार की दोपहर नायब तहसीलदार गौरव गुप्ता और नगर पालिका ईओ मोनिका उमराव कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार, सदर लेखपाल दिग्विजय सिंह सहित सफाई कर्मियों की फौज के साथ जेसीबी मशीन और ट्रेक्टर ट्रॉली लेकर मौके पर पहुंचे। यहां पर मंदिर के अगल-बगल में स्थित दुकानों के ठीक बाहर नाले के ऊपर लोहे की बैंच और चट्टानें आदि डालकर किये गए अतिक्रमण को हटवाकर नाले की साफ सफाई कराई गई और ढेर सारा मलबा भरवाया गया। वहीं प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी बगल में स्थित गली में नरसिंह मंदिर तिराहे तक नाले की साफ सफाई कराने जेसीबी लेकर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि नाले के ऊपर कई स्थानों पर पक्का निर्माण कर अवैध अतिक्रमण किया गया है। अवैध अतिक्रमण पर जेसीबी मशीन चलने की आशंका से मौके पर मौजूद दर्जनों लोग सकते में आ गए और अपनी अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रखने लगे। आखिर में तय हुआ कि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में फिलहाल अतिक्रमण से खाली जगह पर नाले की साफ सफाई कराई जाए। अब देखना दिलचस्प होगा कि नाले की साफ सफाई वास्तविक रूप से होती भी या सिर्फ खानापूर्ति की जाती है, नाले के ऊपर व्याप्त अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही तो दूर की कौड़ी नजर आ रही है। उधर मंदिर के अगल बगल की दुकानों के बाहर नाले के ऊपर का जो अतिक्रमण हटवाया गया है वह कितने घंटे और दिन तक हटा रहता है, यह भी देखने लायक होगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हे-मुन्नों ने उठाई कांवड़, निकाली भव्य यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**टूण्डला।** श्रावण मास के पावन अवसर पर टूण्डला के सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हे-नन्हे शिशुओं ने कांवड़ उठाकर भव्य कांवड़ यात्रा निकाली। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कांवड़ लेकर निकाली गई यात्रा ने नगरवासियों का मन मोह लिया। यात्रा के दौरान बच्चे पूरे उत्साह के साथ 'बम-बम भोले' के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर से हुआ। आकर्षक ढंग से सजी कांवड़ों को लेकर शिशु जब यात्रा पर निकले तो मार्ग में लोगों की निगाहें उनकी ओर टिक गईं। नन्हे कांवड़ियों के उत्साह और भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए भारत माता चौक पहुंची। रास्ते में जगह-जगह लोगों द्वारा नन्हे कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बच्चों के उत्साह को देखकर नगरवासियों में भी खासा उत्साह नजर आया।

**भारत माता चौक पर हुआ जोरदार स्वागत**

भारत माता चौक पहुंचने पर समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा कांवड़ यात्रा का फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। नन्हे कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके बाद कांवड़ यात्रा भारत माता चौक से यू-टर्न लेकर पुनः सरस्वती शिशु मंदिर की ओर रवाना हुई। विद्यालय परिसर पहुंचने के बाद कांवड़ यात्रा का विधिवत समापन किया गया।

**विद्यालय परिवार रहा यात्रा में शामिल**

कांवड़ यात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव के साथ विद्यालय कमेटी के सदस्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। उन्होंने पूरी यात्रा के दौरान बच्चों का उत्साह बढ़ाया और यात्रा को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में सहयोग किया। यात्रा में शामिल बच्चों की सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल भी तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के साथ यातायात को भी सुचारू रखने में सहयोग किया। नन्हे शिशुओं की कांवड़ यात्रा नगर में आकर्षण का केंद्र रही।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर में हो रही ओवर स्पीड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही, तीन मार्गों पर 198 चालान

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 6 बस, 66 चार पहिया / दो पहिया 72 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 5 बस, 65 चार पहिया / दो पहिया 70 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 56 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आम जनमानस से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें।

### पुलिस आयुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**कानपुर।** पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल द्वारा कानपुर नगर के गंगा नदी किनारे स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया गया। रिवर बैंक एवं लो-लाइन क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए घाटों पर सतर्कता बढ़ाई गई है तथा किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने हेतु इमरजेंसी कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त महेश कुमार सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शारदा सागर खंड शाहजहांपुर नहर झील पर हो रहा कटान विभाग नहीं कर रहा कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विश्व देव राठौर**



**बरेली/**अप्सरा नदी के बांध से निकली शारदा सागर खंड नहर शाहजहांपुर इस नहर पर किसानों की सिंचाई हेतु गांव वैवाही झील पर पानी जब गिरता है उसके टकराव से नहर की पूर्व दिशा में उसने सब कुछ देश करने के बाद बने पुल से कई मीटर दूरी तक अपने आगोश उसमें सम्मिलित कर लिया है इसको ठीक करने के लिए विभाग में केवल हवाई दावे होते रहे और विभाग द्वारा तोड़ मरोड़ कर उसकी रिपोर्ट जाती रही परंतु आज भी स्थिति जो कि क्यों बनी हुई है जिस पर कोई भी कार्यवाही न होने के कारण शारदा सागर खंड नहर शाहजहांपुर के समतल पर पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। जो सड़क कई बार नहर के कटान का शिकार होने के बाद अब पुनः फिर से इस स्थिति में आ गई है परंतु विभाग द्वारा उसे पर ना तो पिचिंग कराई जाती है ना ही पानी के रोकने हेतु सुरक्षा दीवार बनाई गई जिसके कारण नहर का पानी अपना प्रकोप जारी बनाए हुए काटन कर रहा है यदि विभाग ने समय रहते इस पर कार्य नहीं किया तो यह रास्ता बंद हो जाएगा। यह सड़क क्यों लड़िया से चलकर पीलीभीत के चुरा बीसलपुर बरेली मार्ग को जोड़ती है यदि यह सड़क कट गई तो इस मार्ग का यातायात पूरी तरह बंद हो जाएगा और आने जाने वालों को भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है इस मामले में जे ई इंद्रेश से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया इस कथन के लिए कार्य प्रस्तावित कर दिया गया है परंतु बरसात समाप्त होने के बाद कार्य शुरू किया जाएगा। परंतु देखना यह है की दो दशक से अब तक इसी तरह के आश्वासन तो दिए गए परंतु वहां पर कोई भी कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दिया जिसके परिणाम स्वरूप आज भी स्थितिजों की क्यों बनी हुई है इतना ही नहीं इस गंभीर संकट पर किसी भी जनप्रतिनिधि ने की गौर नहीं किया जिसके कारण सिंचाई विभाग मौन पड़ा है।

# कानपुर में अब तक नहीं मिला गंगा में डूबे दो किशोरों का सुराग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** नहाने के दौरान गंगाकी 18 जल राशि में समाये दो किशोरों का सुराग अभी तक नहीं मिल पाया है। घटना से उनके परिवार में कोहरा मचा हुआ है। यह घटना बीते सोमवार को महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित ड्योढ़ी गंगा घाट पर हुई थी। जहां सोमवार को गंगा में नहाने गए दो किशोर कृष्णा (16) और शिवा (17) लापता हो गए। घटना के 36 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। कल मंगलवार की तरह आज भी उनकी तलाश में बड़े पैमाने पर रेस्क्यू अभियान जारी रहा। लेकिन सुराग तब भी नहीं मिल पाया। सुबह छह बजे पीएसी की टीमें मौके पर पहुंचीं और ड्योढ़ी, जमदा,शेखपुर, सफीपुर, नजफगढ़, नागापुर, डोमनपुर सहित उन्नाव के चंडिका घाट तक करीब 50 किलोमीटर के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। दोपहर करीब दो बजे एनडीआरएफ की टीम भी कंपनी कमांडर अजय सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंच खोजबीन शुरू की। एनडीआरएफ कंपनी कमांडर अजय सिंह ने बताया कि 30 लोगों की टीम डीप डाइवर्स के साथ रेस्क्यू अभियान में जुटी हैं। साथ ही दो स्टीमर की मदद से घटनास्थल के आसपास करीब 50 फीट चौड़े और 300 फीट लंबे क्षेत्र में लगातार खोजबीन के बाद भी दोनों लड़कों का कोई सुहाग नहीं मिल पाया है। जिसके फल स्वरूप परिजनों में भी कोहराम मचा हुआ है।

### बाराबफात जुलूस को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**कोंच(जालौन)-** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आगामी 26 अगस्त दिन बुधवार को निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी (बाराबफात) को लेकर बुधवार को कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। कोतवाली में आयोजित की गई बैठक में एसडीएम अभिनव कुमार, सीओ परमेश्वर प्रसाद एवं कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह ने मुस्लिम समाज एवं जुलूस कमेटी के पदाधिकारियों से जुलूस मार्ग से लेकर अन्य व्यवस्थाओं के बाबत जरूरी जानकारी हासिल की। एसडीएम ने कहा कि परस्पर सौहार्द के साथ जुलूस निकालें और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी को कोई परेशानी उत्पन्न हो। सीओ ने कहा कि डीजे की ध्वनि और डीजे की लंबाई चौड़ाई पर विशेष ध्यान रखें। लोहे के पोल पर झंडे आदि न लगाएं। कोतवाल ने कहा कि जुलूस में अराजकतत्वों पर विशेष निगाह रखी जाएगी जिसके लिए पर्याप्त पुलिस बल जुलूस में रहेगा। बैठक में मौजूद जुलूस कमेटी के पदाधिकारियों ने बिजली, पानी, साफ सफाई और जुलूस मार्ग पर सड़कों के गड्ढों को भरवाएं जाने की मांग रखी। इस मौके पर जुलूस के सदर शमशुद्दीन मंसूरी सभासद, आजादुद्दीन, काजी बशीरुद्दीन, मोहम्मद अहमद, हाफिज साबिर अली, एनुल आरफीन एड, नन्नू कुरैशी, हामिद बरकाती, फहीमुद्दीन, अशफ़ाक़ गौरी, विहिप जिला मंत्री साकेत शांडिल्य आदि मौजूद रहे।

# बहन की हत्या कर एक्सीडेंट की एफआईआर,भाई ने निकाली खुन्नस

## मां ने बेटी के नाम की थी संपत्ति, इसी बात को लेकर भाई था नाराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट के संचेडी थाना क्षेत्र में एक महिला सीमा पाल की हत्या उसी के भाई श्याम जी पाल ने की थी और उस घटना को एक्सीडेंट क़रार दिया था। पुलिस ने बहिन के हत्यारे भाई श्याम जी पाल को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि अगस्त 2025 में थाना सचेंडी क्षेत्र में एक एक्सीडेंट की घटना कि एफआईआर दर्ज कराई गई थी लेकिन जब उसकी विवेचना आगे बढ़ी तब पता चला कि यह एक्सीडेंट नहीं हत्या का मामला है। इसके बाद पुलिस ने अन्य पहलुओं पर जांच शुरू की और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जिस डंपर से दुर्घटना होना बताया गया था उस डंपर की लोकेशन उस समय फतेहपुर में मिली थी। सीसीटीवी फुटेज में भी ऐसे किसी एक्सीडेंट के साक्ष्य नहीं मिले थे। मृतका सीमा पाल ने हत्या के एक दिन पहले अपने मंगेतर को मैसेज भी किया था कि उसके भाई द्वारा उसकी हत्या कराई जा सकती है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि यह एक प्रोपर्टी का मामला था। मृतका की मां ने अपनी प्रोपर्टी मृतका के नाम कर दी थी तभी से उसका भाई श्याम जी पाल उससे खिन्न था और उसकी हत्या की फिराक में था। पुलिस ने बताया कि विवेचना में संपत्ति विवाद के चलते मृतका के भाई की संलिप्तता सामने आई, जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### चौराहे पर रात में दो पक्षों में हुई मारपीट, वीडियो वायरल

**कोंच(जालौन)-** नगर में बीती रात सड़क पर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में पुलिस पिकेट व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला नगर के प्रमुख मारकंडेश्वर तिराहा स्थित हनुमान मंदिर के सामने का बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंगलवार की रात करीब 11 बजे दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने के बाद विवाद बढ़ता चला गया और देखते ही देखते दोनों के बीच गाली गलौच के साथ हाथापाई शुरू हो गई। सड़क पर दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक लात-घूंसे चलते रहे और मौके पर हंगामे की स्थिति बनी रही। मौके पर मौजूद लोगों ने मारपीट की घटना का वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दोनों पक्ष एक-दूसरे से मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक और प्रमुख स्थान पर इस तरह मारपीट की घटना से राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों में भी असुरक्षा का माहौल बनता है इसलिए पुलिस को त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निगवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा है कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 21 अगस्त को विधायक की अध्यक्षता में होगी दृष्टि की समीक्षा बैठक

**कलेट्रेट सभागार में होगी जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक, विकास योजनाओं की प्रगति की होगी समीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिले में संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए 21 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, दबरई में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति (DRISHTI) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता फिरोजाबाद सदर विधायक मनीष असीजा करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न विभागीय विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की गहन समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों से योजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्य की गति, गुणवत्ता तथा समयबद्धता के संबंध में जानकारी ली जाएगी। सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी-अपनी योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करें। बैठक में माननीय विधान परिषद सदस्य, जनपद के समस्त विधानसभा सदस्य टूण्डला, शिकोहाबाद, जसराना एवं सिरसागंज, जिलाधिकारी फिरोजाबाद, संयुक्त विकास आयुक्त ग्राम्य विकास आगरा मंडल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, समस्त ब्लॉक प्रमुख, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक तथा उपायुक्त श्रम/रोजगार सहित संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा जिला पंचायत राज अधिकारी, विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान/प्रशासक, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, सिंचाई, जल निगम, पीएमजीएसवाई, कृषि, उद्यान, शिक्षा, पशुपालन, उद्योग, समाज कल्याण, नेडा एवं डूडा सहित विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता, विभागाध्यक्ष तथा समस्त खंड विकास अधिकारी भी बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

**गुणवत्ता और समयबद्धता पर रहेगा जोर**

बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता, गति एवं समयबद्धता की समीक्षा करना है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे और विकास कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा कराया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ सामने आने वाली समस्याओं एवं अड़चनों पर भी चर्चा कर उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने की संभावना है।

# साइबर अपराध के प्रति जागरूकता का संदेश देती फिल्म 'साइलेंट क्राइम्स' की विशेष स्क्रीनिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** बढ़ते साइबर अपराध के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कानपुर शाखा और कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी क्लब सूर्या, कानपुर के सहयोग से 'साइलेंट क्राइम्स' लघु फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा निर्मित करीब 40 मिनट की यह फिल्म साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, अपराधियों की कार्यप्रणाली और डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित इस्तेमाल के उपायों की जानकारी देती है। फिल्म के माध्यम से बताया गया कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सतर्कता है। फिल्म में अभिनेता अन्नू कपूर ने साइबर क्राइम इंस्पेक्टर करतार सिंह की प्रमुख भूमिका निभाई है, जबकि एसीपी आनंद ओझा ने एसीपी अंगद वर्मा का किरदार निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि बदलते दौर में अपराध का स्वरूप भी बदल रहा है और साइबर अपराधी मोबाइल फोन, इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त कानपुर रघुबीर लाल, आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, मानद सचिव डॉ. (प्रो.) शालिनी मोहन, रोटरी क्लब सूर्या कानपुर के अध्यक्ष डॉ. रोटेरियन प्रशांत गुप्ता और सचिव डॉ. कुनाल सहाय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। लोगों को अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए और ओटीपी, बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। संदिग्ध फोन कॉल और संदेशों से सतर्क रहने के साथ साइबर ठगी होने पर तत्काल संबंधित एजेंसियों को सूचना देने की अपील की गई।

आयोजकों ने कहा कि आईएमए कानपुर, कानपुर पुलिस कमिश्नरेट और रोटरी क्लब सूर्या का यह संयुक्त प्रयास साइबर अपराध के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाने और समाज को डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# बीआरसी एका में दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिए लगा मेडिकल कैंप, 53 बच्चों का हुआ पंजीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





24 को जारी किए गए दिव्यांगता प्रमाणपत्र; 11 बच्चे मेडिकल जांच के लिए रेफर

**फ़िरोज़ाबाद-** राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग के सहयोग से बुधवार, 19 अगस्त 2026 को ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी), एका में दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करने हेतु मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 01 से 08 तक अध्ययनरत विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यूडीआईडी) उपलब्ध कराना रहा।मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड की टीम ने कैंप में पहुंचे बच्चों का परीक्षण किया। कैंप में कुल 53 बच्चों का पंजीकरण किया गया। मेडिकल बोर्ड द्वारा परीक्षण के बाद 24 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए गए, जबकि 11 बच्चों को आगे की मेडिकल जांच के लिए रेफर किया गया। मेडिकल कैंप में बच्चों एवं उनके अभिभावकों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र के महत्व तथा इससे मिलने वाली विभिन्न सरकारी सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को आवश्यक प्रमाणपत्र उपलब्ध कराकर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता की जा रही है।

**मेडिकल बोर्ड की टीम रही मौजूद**

मेडिकल बोर्ड टीम में डॉ. आकाश गौतम, डॉ. दुर्ग प्रताप सिंह, डॉ. अल्का अग्रवाल तथा ऑडियोलॉजिस्ट शिवांग पाठक उपस्थित रहे। टीम द्वारा बच्चों की आवश्यक जांच एवं परीक्षण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीकांत पटेल सहित स्पेशल एजुकेटर्स कृपाशंकर वर्मा, दिनेश सिंह, सुभाष चंद्र, सर्वेश कुमार, नवीन चतुर्वेदी, अनिल सिंह एवं सुरेश यादव का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी अजय कुमार पांडेय, जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) द्वारा दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई की बैठक आयोजित

**चुनार, मीरजापुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा इकाई मिर्ज़ापुर की बैठक बुधवार को नगर के बेलबीर मुहल्ले स्थित अनुपम बाल निकेतन स्कूल में सम्पन्न हुई। बैठक में कायस्थ समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, वयोवृद्ध, सेवानिवृत्त के सम्मान के सन्दर्भ में चर्चा हुई साथ ही कायस्थ समाज के एकजुटता और विकास के लिए सबको मिलकर कार्य करने की अपील की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रत्नेश श्रीवास्तव, अध्यक्षता चुनार नगर अध्यक्ष सत्यवान श्रीवास्तव एवं संचालन आलोक श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान अमित श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, अविनाश, उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, सौरव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### भारी बारिश से NH-135 का अतरैला टोल प्लाजा जलमग्न, ऑफिस और कमरों में घुसा पानी



**लालगंज, मिर्जापुर।** लगातार हो रही भारी बारिश के चलते लालगंज क्षेत्र में स्थित हाइवे-135 अतरैला टोल प्लाजा पूरी तरह जलभराव की चपेट में आ गया। तेज बारिश के बाद टोल प्लाजा परिसर में चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई देने लगा, जिससे कर्मचारियों और वहां मौजूद लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि टोल प्लाजा के ऑफिस और कर्मचारियों के कमरों तक बारिश का पानी घुस गया, जिससे जरूरी सामान और दस्तावेजों को सुरक्षित स्थान पर रखने की चुनौती खड़ी हो गई। भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित होने से टोल प्लाजा परिसर में पानी लगातार जमा होता गया। देखते ही देखते परिसर का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया और टोल प्लाजा के कार्यालयों तथा कमरों में पानी पहुंच गया। पानी घुसने के कारण कर्मचारियों को अपने सामान को ऊंचे स्थानों पर रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं टोल प्लाजा पर आने-जाने वाले लोगों को भी जलभराव के कारण परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बारिश होने की स्थिति में जलभराव और बढ़ सकता है। टोल प्लाजा परिसर में पानी भरने से कर्मचारियों के कामकाज पर भी असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। भारी बारिश के चलते आसपास के क्षेत्रों में भी जलस्तर बढ़ने से लोगों में चिंता का माहौल है।

### श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराने की मांग

**मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भेजा**

**लालगंज (रायबरेली)।** ऐहार गांव स्थित प्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर में सावन के प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जनपद के अलावा आसपास के जिलों से भी लोग बाबा बाल्हेश्वर के दर्शन और अभिषेक के लिए आते हैं। मां पार्वती सेवा समिति के प्रदेश संगठन मंत्री गौरव शुक्ला ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। इसमें सावन के सोमवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराने की मांग की गई है। गौरव शुक्ला ने कहा कि बाल्हेश्वर धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। सावन में यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा होने से उनका उत्साह बढ़ेगा। साथ ही सनातन धर्म के प्रति लोगों में सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग पर विचार कर आवश्यक व्यवस्था कराने की अपील की है।

# वृहद रोजगार मेले में 1260 युवाओं को मिला ऑफर लेटर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने और निर्माण श्रमिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को औराई स्थित चित्रांश पैलेस में वृहद रोजगार मेला एवं निर्माण श्रमिक हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सेवायोजन कार्यालय और श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय विभाग अनिल राजभर ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेले में 42 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया और विभिन्न पदों पर 1000 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध कराई गईं। रोजगार की तलाश में पहुंचे करीब 5000 अभ्यर्थियों ने विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध पदों के लिए प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1260 अभ्यर्थियों को मौके पर ऑफर लेटर प्रदान किए गए। ऑफर लेटर मिलने पर युवाओं में उत्साह और खुशी का माहौल रहा।

**युवाओं को रोजगार के अवसर देना सरकार की प्राथमिकता** कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं और कंपनियों को एक मंच पर लाकर रोजगार की संभावनाएं बढ़ाई जा रही हैं। उन्होंने युवाओं से उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने और अपने कौशल को लगातार विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक हितों की रक्षा के लिए भी कई योजनाएं संचालित कर रही है। पात्र श्रमिक इन योजनाओं में पंजीकरण कराकर सरकार की सुविधाओं का लाभ उठाएं।

**श्रमिकों को 6.49 करोड़ से अधिक की सहायता** कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष पंजीकरण शिविर भी लगाया गया। इस अवसर पर मिर्ज़ापुर मंडल के निर्माण श्रमिकों और मृतक श्रमिकों के आश्रितों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कुल 6,49,64,729 रुपये की हितलाभ राशि वितरित की गई। सहायता राशि मिलने से श्रमिक परिवारों को आर्थिक राहत मिली। **रोजगार मेले से युवाओं को मिला बेहतर अवसर** जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे आयोजनों से अभ्यर्थियों को एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलता है। विधायक औराई दीनानाथ भास्कर ने रोजगार मेले में चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता युवाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे ने भी रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं के चयन को सराहनीय पहल बताया और युवाओं से कौशल विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि सरकार युवाओं और श्रमिकों के हित में लगातार कदम उठा रही है। रोजगार मेले से जहां युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, वहीं श्रमिक हितलाभ वितरण से निर्माण श्रमिकों और उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना तथा निर्माण श्रमिकों और उनके आश्रितों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# एएचटीयू नोडल अधिकारी ने बाल संरक्षण को लेकर की गोष्ठी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** आज अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी एएचटीयू की अध्यक्षता में पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं चलाये जा रहे जागरूकता अभियान और जनपद में बेसहारा व असहाय बच्चों के लिए के चलाये जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन नया जीवन फेज-2' की भी समीक्षा की गयी। गोष्ठी के दौरान वर्ष 2026 के दौरान पॉक्सो एक्ट व गुमशुदा बच्चों के संबंध में पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा की गई। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015, बाल भिक्षा वृत्ति के रोकथाम, बाल श्रम उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। सभी सरकारी विद्यालय पर मानव तस्करी एवं बाल श्रम के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया एवं अभियान के तहत होटल, ढाबा व अन्य व्यवसायिक स्थलों पर चेकिंग कर बाल श्रम रोकने सम्बंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न एनजीओ के अधिकारी/कर्मचारीगण, थाना प्रभारी एएचटीयू व समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी व महिला आरक्षी मौजूद रहे। सभी संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक भदोही महोदय के नेतृत्व में 'ऑपरेशन नया जीवन फेज-2' के तहत जनपद में कुल 123 असहाय एवं बेसहारा बच्चों को मिला पहचान एवं अधिकार का नया आधार इस अभियान को सफल बनाने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान किशोर न्याय बोर्ड जनपद भदोही प्रभारी एचडी थाना भदोही जनपद के समस्थानिक के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी श्रम परिवर्तनअधिकारी प्रभारी चाइल्ड लाइन चाइल्ड हेल्पलाइन भदोही जिला बाल कल्याण संरक्षण सहायक अभियोजन अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों एवं बाढ़ चौकियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**जलस्तर एवं बाढ़ से बचाव की तैयारियों का लिया जायजा, 22 बाढ़ चौकियां सक्रिय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेश कुमार के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/प्रभारी अधिकारी आपदा शुभांगी शुक्ला एवं उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अरुण दीक्षित द्वारा आज जनपद में गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों छिछुआ, धनतुलसी एवं अन्य स्थानों पर स्थापित बाढ़ चौकियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने तटवर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर गंगा नदी के जलस्तर, बाढ़ की संभावित स्थिति तथा बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता बरतने हेतु बाढ़ प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बाढ़ चौकियों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, आवश्यक संसाधनों तथा कर्मचारियों की तैनाती के संबंध में भी जानकारी ली गई।

प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति पर प्रभावी निगरानी के लिए जनपद में 22 बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाढ़ से संबंधित सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान करने तथा किसी भी आपात स्थिति में विभागीय समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आज 19 अगस्त 2026 को गंगा नदी का जलस्तर 75.52 मीटर दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी के जलस्तर तथा तटवर्ती क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जलस्तर में होने वाले परिवर्तन की नियमित जानकारी प्राप्त कर आवश्यकतानुसार तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। प्रभारी अधिकारी आपदा ने बताया कि संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित ब्लॉकों में रैपिड रिस्पांस टीमें तैनात की गई हैं तथा पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित अथवा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखते हुए राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने तथा प्रभावित क्षेत्रों में आमजन की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि गंगा नदी एवं उसके आसपास के निचले तथा तटवर्ती क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। नदी के जलस्तर में वृद्धि अथवा किसी भी आकस्मिक स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित तहसील प्रशासन को दें। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 05414-250223/250308 अथवा हेल्पलाइन नंबर 1077 पर सूचना दी जा सकती है।

# फर्जी प्रमाणपत्र से एमबीबीएस में दाखिला कराने वाला आरोपी बहराइच से गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** फर्जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाणपत्र तैयार कराकर अभ्यर्थियों को एमबीबीएस में दाखिला और सरकारी नौकरियों में चयन दिलाने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह के एक वांछित आरोपी को भदोही पुलिस ने बहराइच से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिनेश कुमार वर्मा (42), निवासी नौतला, थाना रामगांव, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ज्ञानपुर थाने में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान फर्जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाणपत्र के जरिए एमबीबीएस में दाखिला कराने वाले गिरोह का खुलासा हुआ। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनेश कुमार वर्मा को बहराइच के ग्राम सोहरवा स्थित नंदा इंस्टीट्यूट गेस्ट हाउस से गिरफ्तार किया।

**फर्जी प्रमाणपत्र बनाकर कराते थे दाखिला** पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गिरोह के सदस्य फर्जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाणपत्र तैयार करते थे। इन प्रमाणपत्रों के आधार पर अभ्यर्थियों को एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के साथ सरकारी नौकरियों में चयन कराने का भी प्रयास किया जाता था। मामला सामने आने के बाद ज्ञानपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने गिरोह के सदस्य शुभम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा। विद्यार्थियों के परिजनों से पूछताछ में गिरोह के सरगना संजय दुबे का नाम सामने आया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी।

**पुलिस भर्ती में भी किया गया था फर्जीवाड़ा** पुलिस के मुताबिक, गिरोह ने पूर्व में फर्जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कर पुलिस की सीधी भर्ती-2023 में भी अभ्यर्थी का चयन कराने का प्रयास किया था। इस मामले में भदोही पुलिस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में स्वाट टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और फर्जी प्रमाणपत्रों के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# प्लंबरों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण



**चुनार, मीरजापुर।** सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्लास्टिक पाइपिंग सिस्टम डिविजन द्वारा अपने अधिकृत डीलर एम एस जे एम डी इंटरप्राइजेज के तत्वावधान में बुधवार को नगर स्थित एक होटल में प्लंबिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्लम्बरों को आधुनिक प्लम्बिंग तकनीकों की जानकारी देकर उनके तकनीकी कौशल को और बेहतर बनाना रहा। इस कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के सैकड़ों प्लम्बरो ने उत्साह पूर्वक नवीनतम तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण लिया।

कार्यक्रम में चुनार नगर के रामजी मुरारीलाल लाल एंड संस, अनुराग ब्रदर्स, भारत प्लाइवुड डीलर्स अमित कुमार गुप्ता, अनुराग वर्मा राजीव कुशवाहा उपस्थित रहे। कम्पनी के तकनीकी टीम में शरद यादव, लव कुमार ने कार्यक्रम में सहभागिता कर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अन्त में उत्कर्ष सिंह ने सभी प्रतिभागियों को टूल किस देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नेशनल हाईवे जलमग्न, घरों-दुकानों में घुसा बारिश का पानी; सामान बहने से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, मिर्जापुर।** लगातार हो रही भारी बारिश के चलते लालगंज क्षेत्र में अतरैला टोल प्लाजा के समीप अतरैला मोड़ पर नेशनल हाईवे पर भारी मात्रा में पानी का भराव हो गया। सड़क पर लबालब पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हुआ और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भारी बारिश का पानी कई घरों और दुकानों में घुस गया, जिससे लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। वहीं हीरो एजेंसी के मालिक मंजेश कुमार, पूर्व प्रधान प्रेम पटेल समेत कई लोगों के सामान के बह जाने तथा पानी में डूबने की सूचना से क्षेत्र में चिंता बढ़ गई।

पानी का बहाव इतना अधिक रहा कि नेशनल हाईवे का बड़ा हिस्सा जलमग्न नजर आया। सड़क, आसपास के परिसर और निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई परिवार अपने सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे रहे। घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान और अन्य सामग्री को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। स्थिति को देखते हुए सुरक्षा टीम के साथ सफाई कर्मचारी भी मौके पर जुटे रहे और जलभराव को कम करने तथा रास्ते को सुरक्षित बनाने के प्रयास में लगे रहे। इस दौरान रमेश कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार त्रिपाठी और प्रेमनारायण मिश्रा समेत अन्य कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य में सहयोग किया। पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही और लोगों को सुरक्षित रखने तथा यातायात व्यवस्था संभालने में जुटी रही। लगातार बारिश के कारण अतरैला मोड़ और आसपास के इलाके में जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हाईवे पर पानी भरने से वाहन चालकों को भी काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने और जलभराव वाले स्थानों पर तत्काल राहत एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।



# स्कूलों में सुविधाओं और शिक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम सख्त, साप्ताहिक निरीक्षण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद के विद्यालयों में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन के साथ विद्यार्थियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सुविधाओं की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय को निर्देशित किया कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, बिजली, फर्नीचर समेत अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति और पठन-पाठन की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए।

**मिड-डे मील में लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

मिड-डे मील योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन निर्धारित मानकों के अनुसार मिलना चाहिए। भोजन की गुणवत्ता या वितरण व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से भोजन की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश भी दिए।

**साप्ताहिक निरीक्षण के लिए गठित होगी टीम**

डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी को प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रभावी निरीक्षण के लिए टीम गठित करने को कहा। टीम में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत और खंड शिक्षा अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम विद्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता, विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं, मिड-डे मील, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, बिजली, फर्नीचर और अन्य व्यवस्थाओं का गहन सत्यापन किया जाएगा। किसी विद्यालय में अनियमितता, लापरवाही या व्यवस्था में कमी मिलने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाध्यापक और शिक्षक की जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों की भी समीक्षा**

बैठक में माध्यमिक विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईटीआई संस्थानों और डिग्री कॉलेजों में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षण कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और संस्थानों के प्रधानाचार्यों को विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रशिक्षण के साथ बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों का नियमित अनुश्रवण करते हुए व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा के प्राचार्य प्रमोद कुमार सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अंत में स्पष्ट किया कि बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और प्रभावी अनुश्रवण के माध्यम से विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, सिर धड़ से हुआ अलग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर/सोनभद्र-** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिरसोती गांव में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक रेल हादसे में युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एनटीपीसी रिहंद पावर प्लांट में कोयला पहुंचाने वाली मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा सिरसोती गांव स्थित एमजीआर गेट के समीप हुआ। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पूरे गांव में मातम का माहौल बन गया। मृतक की पहचान गोविंद जायसवाल, पुत्र दीपक जायसवाल उर्फ राजेंद्र जायसवाल, निवासी सिरसोती के रूप में बताई गई है। बताया गया कि गोविंद शक्तिनगर में कार्यरत था और मंगलवार देर रात किसी तरह सिरसोती स्थित एमजीआर गेट के पास कोयला परिवहन करने वाली मालगाड़ी की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव की हालत देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। अचानक हुई इस दर्दनाक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई हादसे में युवक की मौत के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन की ओर से मृतक के परिवार को कोई आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा? क्या परिवार के किसी सदस्य को नौकरी या रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा? मालगाड़ी से हुए इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिजनों की आर्थिक स्थिति और भविष्य को देखते हुए स्थानीय लोगों ने एनटीपीसी प्रबंधन से मानवीय आधार पर उचित आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को रोजगार तथा अन्य आवश्यक मदद दिए जाने की मांग उठाई है। अब देखना होगा कि इस दुखद घटना के बाद एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन और संबंधित प्रशासन मृतक परिवार के लिए क्या कदम उठाता है। परिजनों और ग्रामीणों की नजर अब मुआवजे एवं रोजगार को लेकर होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

**एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन से उठी उम्मीदें- क्या मृतक परिवार को मिलेगा आर्थिक सहायता और रोजगार?**

## संक्षिप्त खबरें

### शौच करने गए वृद्ध की नहर में डूबकर मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के सेखुईताज गांव में एक 75 वर्षीय वृद्ध के नहर में डूबने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, सेखुईताज गांव निवासी कनिक राम गौतम(75) पुत्र स्वर्गीय श्यामे सुबह करीब 6 बजे शौच के लिए घर से निकले थे। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजनों को सेखुईताज गांव के पास नहर किनारे उनका डंडा, चप्पल और डिब्बा मिला। इन वस्तुओं के मिलने के बाद परिजनों ने उनके नहर में डूबने की आशंका व्यक्त की। परिजनों ने यह भी बताया कि वृद्ध मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। घटना की सूचना भवानीगंज पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों तथा स्थानीय पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर नहर में वृद्ध की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि डूबे हुए व्यक्ति का शव डुमरियागंज थाना क्षेत्र के गौहनियांराज के पास मिली है।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का प्रतापगढ़ दौरा आज

**प्रतापगढ़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 20 अगस्त को जनपद प्रतापगढ़ के भ्रमण पर रहेंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 9 बजे कौशाम्बी से प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वान्ह 10.30 बजे वह प्रतापगढ़ स्थित निरीक्षण भवन पहुंचेंगी। इसके बाद पूर्वान्ह 11.30 बजे नारायण नेत्रालय पूरे पितई देवकली मोड़ पहुंचेगी, यहां आयोजित नारायण नेत्रालय के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करेंगी। उद्घाटन समारोह के उपरांत दोपहर 12 बजे नारायण नेत्रालय से कौशाम्बी के लिए रवाना होंगी।

### साले की गोली मारकर हत्या करने वाले जीजा को हुई जेल

**प्रतापगढ़।** कोहंडौर थाना के मदाफरपुर निवासी देवेन्द्र यादव पुत्र गया प्रसाद यादव की 18 अगस्त की दोपहर में सगे जीजा कपिल यादव 40 पुत्र राम सुन्दर यादव निवासी खानापुर थाना पीपरपुर अमेठी वर्तमान पता अहिमाने जोगीबीर कोतवाली नगर सुल्तानपुर ससुराल पहुंचा और पत्नी के विवाद में साले से कहासुनी के दौरान लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दिया जिससे साले देवेंद्र यादव की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।कपिल यादव का अपनी पत्नी से कुछ माह से विवाद चल रहा था,जिस पर भाई देवेंद्र यादव बहन के ससुराल पहुंचा और साथ बुलाकर घर ले आया था।आरोपित कपिल यादव ने बताया कि साले देवेंद्र यादव ने धमकी दी थी कि मदाफरपुर आए तो गोली मार दूंगा, इसलिए मैं आया तो अपनी लाइसेंसी पिस्टल साथ लेकर आया था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्राप्त तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी कपिल यादव को एक लाइसेंसी पिस्टल.32 बोर,19 जिंदा कारतूस,3 खोखा कारतूस, एक रॉयल एनफील्ड बुलेट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सीडीओ ने खाद कालाबाजारी, ओवर रेटिंग पर छापेमारी के दिए आदेश




**प्रतापगढ़।** शासन एवं जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देश पर बुधवार को विकास भवन सभागार मे आयोजित किसान दिवस मे सीडीओ डॉ राम मोहन मीना ने खाद कालाबाजारी ओवर रेटिंग पर तत्काल छापेमारी करने के निर्देश दिए। सांडवा चंद्रिका ब्लॉक अंतर्गत अंतू निवासी संदीप मिश्रा ने शिकायत किया था कि अंतू बाजार मे उर्वरक विक्रेताओं द्वारा महंगे दामों पर उर्वरक बेची जा रही है।सीडीओ ने जिला कृषि अधिकारी को जांच के आदेश दिए है।उन्होंने कहा कि शिकायत सही पाए जाने पर विक्रेता पर नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें अवगत कराया जाए। ब्लॉक लक्ष्मणपुर के जेठवारा निवासी अनन्त सिंह ने बताया कि उनके गांव दुग्ध क्रय समिति द्वारा दूध की खरीद नही की जा रही है।भारतीय किसान यूनियन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पम्मी सिंह ने बताया कि किसानों को बीमा भुगतान मे बैंकों द्वारा परेशान किया जा रहा है।सीडीओ समस्त किसानों की समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक मे पीडी डीआरडीए दयाराम यादव उप कृषि निदेशक अश्वनी कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# जनपदीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाये जौहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चयन/ट्रायल प्रतियोगिता (अंडर-14 आयु वर्ग बालिका) के दूसरे दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खो-खो एसोसिएशन के जनपदीय अध्यक्ष डॉ अरुण प्रजापति एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। बीएसए ने खिलाड़ियों से परिचय कर टॉस करते हुये खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में दूसरे दिन शतरंज की प्रतियोगिता में सुमन नौगढ़ विजेता तथा शोभा उसका बाजार उप विजेता रही, 100 मीटर के दौड़ में रागनी शोहरतगढ़ से प्रथम काजल उसका बाजार से द्वितीय तथा रागनी जोगिया से तृतीय स्थान पर रही, 200 मीटर की स्पर्धा में रागिनी शोहरतगढ़ प्रथम सरिता यादव मिठवल द्वितीय, अर्चना इटवा तृतीय स्थान पर रही, 400 मीटर की दौड़ में जूही बढ़नी प्रथम स्थान, बबिता जोगिया द्वितीय स्थान, सरोज शोहरतगढ़ तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो के स्पर्धा में शोहरतगढ़ विजेता तथा बढ़नी उपविजेता रहे हैंडबॉल की प्रतियोगिता में शोहरतगढ़ की टीम का चयन मंडल में प्रतिभाग करने के लिए किया गया। खिलाड़ी मण्डल प्रतियोगिता के लिये चयनित होने पर खुश दिखीं।

जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन आयोजित प्रतियोगिता का समापन अरुण प्रजापति ने किया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र उपाध्याय, जीशान खलील, रविंद्र सिंह गुर्जर, सत्येंद्र गुप्त, भानु सिंह, अतुल कुमार, राजकुमार, मुश्तन शेरुल्लाह, राजेन्द्र, सुनील कुमार, मुकेश कुमार, माहेश्वरी पाठक, अमृत लाल, गुलाम हुसैन, प्रीति निषाद, ऐश्वर्या तिवारी, संघशील बौद्ध, अभय कुमार त्रिपाठी, अरविंद गुप्ता, वर्षा मद्धेशिया, शशिकांत, अरविंद गुप्ता, सुग्रीम, प्रीती जायसवाल, कुसुम यादव अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अगस्त के राशन वितरण की अंतिम तिथि 25 अगस्त तक बढ़ी

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अगस्त माह के खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक 25 अगस्त तक निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। पहले वितरण की अंतिम तिथि 18 अगस्त निर्धारित थी। जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया कि आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से 18 अगस्त को जारी आदेश के क्रम में वितरण की अवधि बढ़ाई गई है। उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-पॉस वेइंग मशीन के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा में 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किलोग्राम गेहूं और तीन किलोग्राम चावल, कुल पांच किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क मिलेगा। आधार प्रमाणीकरण में दिक्कत होने पर कार्डधारक मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से भी खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा भी 25 अगस्त तक उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा कार्डधारकों को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से अपनी सुविधा के अनुसार किसी अन्य उचित दर दुकान से भी खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा रहेगी। उचित दर विक्रेता उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे।

# होटल-रेस्टोरेंटों में खाद्य विभाग की छापेमारी

## पनीर-दूध व आइसक्रीम समेत चार नमूने लिए



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट में सघन छापेमारी अभियान चलाया। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सचल दल ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा की जांच की। अभियान के दौरान पनीर, दूध एवं आइसक्रीम के कुल चार नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

खाद्य सचल दल ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र के गोपालपुर के निकट स्थित प्रभाकर पैलेस सूर्या रेस्टोरेंट में छापामार कार्रवाई कर पनीर का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया। इसके बाद जोगापुर स्थित बंधन रेस्टोरेंट से संदेह के आधार पर दूध का नमूना लिया गया। इसी क्रम में भंगवाचुंगी स्थित सागर रतना रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर संदेह के आधार पर पनीर का नमूना संग्रहित किया गया। वहीं, अम्बेडकर चौराहा स्थित ब्राउन बेकर्स एंड रेस्टोरेंट की जांच के दौरान वाडीलाल ब्रांड की आइसक्रीम का एक नमूना लिया गया। सभी चारों नमूनों को जांच एवं विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया गया है। इसके अतिरिक्त खाद्य सचल दल द्वारा सगरा ढलान स्थित प्रतापगढ़िया एवं रेड रोज रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया गया। छापामार अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, डॉ. यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी एवं डॉ. शमशुन नेहा सहित खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मौजूद रही।

# अपंजीकृत मच्छर भगाने वाले उत्पादों की बिक्री पर कृषि विभाग सख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया है कि जनपद में डाईमेंफ्लूथ्रिन एवं मेपरफ्लूथ्रिन जैसे गैर-पंजीकृत कीटनाशी तत्वों से निर्मित मच्छर भगाने वाले उत्पादों एवं अगरबत्तियों की अवैध बिक्री के विरुद्ध कृषि विभाग ने सघन अभियान शुरू किया है। विभिन्न ब्रांड नामों से बाजार में बिक रहे अपंजीकृत एवं मानकविहीन उत्पादों को लेकर विभाग ने थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होने बताया है कि जनपद में कृषि विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा लगातार दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान अवैध रूप से भंडारित एवं बिक्री के लिए रखे गए संदिग्ध उत्पादों को जब्त किया जा रहा है। साथ ही संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। संदिग्ध उत्पादों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता एवं मानकों की जांच सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने बताया कि डाईमेंफ्लूथ्रिन एवं मेपरफ्लूथ्रिन युक्त ऐसे अपंजीकृत उत्पादों का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय कीटनाशी अधिनियम, 1968 एवं नियमावली, 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसे उत्पादों से निकलने वाला धुआं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके संपर्क में आने से श्वसन संबंधी समस्या, एलर्जी, दमा, आंखों में जलन सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां उत्पन्न होने की आशंका रहती है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के सभी थोक एवं फुटकर विक्रेताओं, विशेष रूप से किराना दुकानों एवं जनरल स्टोर्स को निर्देशित किया है कि वे ऐसे अपंजीकृत एवं मानकविहीन मच्छर भगाने वाले उत्पादों का भंडारण एवं विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद कर दें। किसी भी दुकान पर इस प्रकार के उत्पाद पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम, 1968 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के तहत उत्पादों की जब्ती, लाइसेंस निरस्तीकरण एवं अभियोजन की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### समरसता व एकता के संदेश के साथ निकली संत रविदास कलश वंदन रथ यात्रा



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** समरसता व एकता के संदेश के साथ निकली संत रविदास जी की कलश वंदन रथ यात्रा नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के समरसता एवं सामाजिक एकता के संदेश को जन- जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समरसता व एकता कलश वंदन रथ यात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा के संयोजक रामनरेश पासवान जिला महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा विभिन्न ग्रामों में पहुंची रथ यात्रा का ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान मंडल संयोजक चौधरी प्रसाद, सह संयोजक विजय पाल शर्मा, रोहित गौतम, जितेंद्र मौर्य, त्रिभुवन गौतम, घनश्याम मौर्य, मनोज यादव, लाल नायक, बच्चा राम, डॉ. राजमणि दुबे सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री हंस राज विश्वकर्मा ने स्व0 सौरभ विश्वकर्मा के परिजनों मिलकर बंधाया ढांढस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम विभाग के राज्य मंत्री हंस राज विश्वकर्मा ने निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ पहुंचकर स्वर्गीय सौरभ विश्वकर्मा के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। राज्य मंत्री ने कहा कि अपनों को खोने का दुःख अत्यंत पीड़ादायक होता है। दुःख की इस घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ हैं। इस दौरान राज्य मंत्री ने परिजनों से घटना एवं परिवार की स्थिति के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे और शोक संतप्त परिवार की मुख्यमंत्री से मुलाकात भी कराएंगे ताकि परिवार की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया जा सके।

राज्य मंत्री से मुलाकात के दौरान शोक संतप्त परिवार के पिता मोती लाल विश्वकर्मा, माता हीरावती एवं पत्नी आंचल विश्वकर्मा सहित विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, उपजिलाधिकारी, गाजीपुर के मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, जौनपुर के जिला पंचायत सदस्य राधेश्याम विश्वकर्मा, जिला पंचायत प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा, भाजपा महामंत्री राजेश सिंह, पूर्व जिला मंत्री भाजपा राम प्रसाद विश्वकर्मा, भाजपा के सूर्य प्रकाश पटेल, अजय सिंह, पवन कुमार विश्वकर्मा, पूनम विश्वकर्मा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### आगरा के होटलों में धधक रही थीं कोयले की भट्ठियां, 40 हजार जुर्माना

**आगरा।** नगर निगम की टीम ने बुधवार को फतेहाबाद रोड के आसपास के आधा दर्जन होटलों, रेस्टोरेंट और कैफे की जांच की। सितारा होटलों में कोयले से भट्ठी धधक रही थी। जिस पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोबारा कोयले का प्रयोग करते हुए पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। भट्ठी और तंदूर को बंद कराया दिया गया। नगर निगम की तमाम सख्ती और चेतावनी के बावजूद शहर के होटल और रेस्टोरेंट संचालक कोयले का प्रयोग कर रहे हैं। धुएं से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ आसपास के वातावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नगर निगम की टीम ने बुधवार सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक विशेष अभियान चलाया। टीम ने टू सेंट होटल में कोयले की भट्ठी का इस्तेमाल पाए जाने पर 10 हजार रुपये, रोमियो लाइन कैफे पर 20 हजार रुपये, द रीट्रीट होटल में तंदूर का इस्तेमाल किए जाने पर 10 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को भविष्य में कोयले की भट्ठी और तंदूर का प्रयोग नहीं करने की चेतावनी भी दी गई।

# संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को और मजबूत करना है- प्रमोद सहवाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** संगठन सृजन अभियान के तहत प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सड़वा चण्डिका ब्लॉक में मंडल अध्यक्ष श्री शुभम मिश्र जी के नेतृत्व में माँ चण्डिका देवी धाम के प्रांगण में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई एवं मंगरौरा ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में किशुनगंज बाजार में बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत बनाने तथा नए जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर कांग्रेसजनों की राय एवं सुझाव लिए गए।बैठकों में उपस्थित एआईसीसी कोऑर्डिनेटर प्रमोद सहवाग जी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष का चयन कार्यकर्ताओं की राय, उनकी मेहनत, सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से खुले मन से अपनी राय और सुझाव देने की अपील की।श्री सहवाग ने कहा कि कांग्रेस का संगठन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता की मेहनत और संघर्ष से खड़ा होता है। बैठक का संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी जी ने सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का जो अवसर पार्टी और कांग्रेस परिवार ने उन्हें दिया, वह उनके लिए केवल पद नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी और भावनात्मक सम्मान रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यकाल में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता ने जिस तरह कदम से कदम मिलाकर संगठन को मजबूत करने में सहयोग दिया, उसे वह जीवनभर नहीं भूलेंगे।डॉ. नीरज त्रिपाठी जी ने भावुक होकर कहा कि पद आते-जाते रहते हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं से बना रिश्ता और कांग्रेस विचारधारा के प्रति हमारी निष्ठा हमेशा कायम रहती है।

उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस को नई मजबूती देने का अवसर है और हमें व्यक्तिगत पसंद-नापसंद से ऊपर उठकर मजबूत, सक्रिय एवं संघर्षशील संगठन के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, जिला सचिव अभय प्रताप सिंह, जिला सचिव लालू तिवारी, ्लॉक अध्यक्ष मोनू मिश्र, मंडल अध्यक्ष विकास शुक्ल, रामशिरोमणि वर्मा, रवि भूषण सिन्हा, प्रवीण द्विवेदी, सड़वा चंडिका ग्राम सभा अध्यक्ष सद्दाम अहमद, उमरी ग्रामसभा अध्यक्ष अजय मिश्र, अंतू नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पासी, गड़वारा नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ल, सुरेश सिंह फतेह बहादुर सिंह रामचंद्र पटेल किशन सिंह, राजन पांडेय, रवि तिवारी, प्रदीप यादव, सहित भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल के नेतृत्व में बलिया नगर में उमड़ा जनसैलाब

## हजारों कार्यकर्ताओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बलिया।** देशभक्ति के जोश और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ बलिया नगर विधानसभा में आज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं बलिया नगर के पूर्व विधायक आनंद स्वरूप शुक्ल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से शहर का वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया।

यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिरंगे के साथ निकली हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया। पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और देशभक्ति के नारों से पूरा बलिया नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

# सीबीएसई क्लस्टर खो-खो में आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल बना चैंपियन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य स्तरीय सीबीएसई क्लस्टर खो-खो अण्डर चौदह में लालगंज आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने चैम्पियनशिप हासिल करने की सफलता ली है। वाराणसी के चोलापुर स्थित सुभाषचंद्र एकेडमी चकरमा में आयोजित गर्ल्स चैम्पियनशिप में आइन्स्टीन की छात्राओं ने हुनर दिखलाते हुए गोल्ड मेडल का खिताब अपने नाम किया। स्कूल की यह टीम अब चेन्नई में होने वाले सीबीएसई नेशनल खो खो चैंपियनशिप अण्डर-चौदह में यूपी का प्रतिनिधित्व करेगी। सफलता पर विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि चैम्पियनशिप जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर क्षेत्र एवं विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। वहीं विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने विजेता टीम को बुधवार को मुंह मीठा कराकर हौंसला आफजाई की। टीम की सफलता के लिए उन्होने मुख्य कोच देवेश सिंह तथा विद्यालय की सहायक कोच सुषमा यादव के निर्देशन को भी सराहा। सफलता हासिल करने वाली खिलाड़ी आरोही यादव, अनन्या सिंह, मयाली सिंह, अर्पिता द्विवेदी, शुभी, रितिका, अफीफा, जिज्ञासा, भूमि के उत्कृष्ट प्रदर्शन का भी कार्यक्रम में अभिवावकों व शिक्षकों द्वारा सराहा गया दिखा।

# गोवंशों की मौत पर डीएम सख्त, ग्राम पंचायत प्रशासक को जारी किया नोटिस, 15 दिन में मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** विकासखंड बिछिया की ग्राम पंचायत कोरारीकलां में निराश्रित गोवंशों की मौत और उनके शव लावारिस हालत में मिलने के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और बीडीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम घनश्याम मीणा ने ग्राम पंचायत प्रशासक वरुणादेवी को उत्तर प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे 15 दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

**पहले ङ्कष्ठह्र सस्पेंड, अब प्रशासक पर गिरी गाज** बिछिया क्षेत्र की कोरारीकलां गौशाला में बीते दिनों 8 से 10 गोवंशों के शव जंगल में पड़े मिलने का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद बीडीओ बिछिया ने जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी थी। रिपोर्ट में लापरवाही पाए जाने पर पहले ङ्कष्ठह्र को निलंबित किया गया था। अब ग्राम पंचायत प्रशासक से भी जवाब मांगा गया है।

**क्या हैं आरोप** जारी नोटिस में प्रशासक पर पदीय दायित्वों और शासकीय कार्यों में घोर उदासीनता बरतने का आरोप है। शासनादेश के अनुसार गौशाला में रखे गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पशु चिकित्सक से कराना अनिवार्य है। इसके अलावा किसी गोवंश की मृत्यु होने पर शव को निर्धारित स्थान पर गड्ढा खोदकर दफनाना भी ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी है। आरोप है कि इन महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का पालन नहीं किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि बीमारी से मरने वाले गोवंशों के शव खुले में छोड़ दिए जाते थे। 13 अगस्त को स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गड्ढा खुदवाकर मृत गोवंशों को दफन कराया था।

**तीन बीघा में संचालित है अस्थायी गौशाला** जांच आख्या के अनुसार कोरारीकलां गांव के बाहर करीब तीन बीघा भूमि पर अस्थायी गौशाला संचालित है। इसमें लगभग 105 गोवंश पंजीकृत बताए गए हैं। 14 अगस्त को गौशाला के आसपास जंगल में मृत गोवंशों का वीडियो वायरल होने के बाद मामला तुल पकड़ा था।

**डीएम ने दी कड़ी चेतावनी** पंचायतीराज अधिनियम की धारा 15 के तहत ग्राम पंचायत पर स्वच्छता और पशुधन की सुरक्षा के लिए निवारक उपाय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। प्रशासन ने माना है कि इन दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती गई है। डीएम ने निर्धारित समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर पंचायतीराज अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। नोटिस की प्रतिलिपि बीडीओ बिछिया और जिला पंचायत को भी भेजी गई है।

### आगरा कैंट पर मारपीट का मामला, डीएसएस समेत 10 लोगों के विरुद्ध कोर्ट ने दिए मुकदमे के आदेश

**आगरा।** कैंट रेलवे स्टेशन पर डिप्टी स्टेशन मैनेजर (डीएसएस) नरेंद्र सिंह चाहर और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों के बीच हुआ अब न्यायालय तक पहुंच गया है। आरपीएफ के एएसआई मेघराज मीणा ने विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट शिव कुमार की कोर्ट में डीएसएस चाहर सहित दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रार्थना की थी। कोर्ट ने जीआरपी कैंट थाने को इस मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। विवाद 12 जुलाई को प्लेटफार्म संख्या एक पर हीराकुंड एक्सप्रेस के रुकने के दौरान उत्पन्न हुआ। डीएसएस चाहर ने आरोप लगाया कि आरपीएफ जवान चेन पुलिंग के आरोप में एक युवक-युवती को पकड़कर वसूली का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने युवती को चलती ट्रेन में चढ़ते देख गार्ड से बात करके ट्रेन को रुकवाया था। इसके बाद चाहर ने जीआरपी कैंट थाने में एएसआई मीणा और अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, आरपीएफ ने चाहर पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया।

# नगर निगम की समीक्षा बैठक, नगरीय व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में नगर निगम क्षेत्र की वर्तमान नगरीय व्यवस्था एवं संचालित कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, जल निकासी, भवन निर्माण, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, वेंडिंग जोन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बरसात के दिनों में शहर के विभिन्न इलाकों में होने वाले जलजमाव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित कर प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जहां बिना समुचित जल निकासी व्यवस्था के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, वहां नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने नगर निगम अधिकारियों एवं टाउन प्लानर से बहुमंजिला एवं अन्य भवनों के निर्माण की स्थिति की जानकारी लेते हुए बिना विधिवत नक्शा स्वीकृत कराए तथा नियमों का उल्लंघन कर निर्मित भवनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ऐसे भवनों के स्वामियों को नोटिस निर्गत करने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठान, व्यावसायिक भवन, बहुमंजिला इमारत एवं अन्य प्रकार के निर्माणाधीन भवन सात दिनों के अंदर भवन चित्र, भूमि प्रतिवेदन, अग्निशमन यंत्र से संबंधित दस्तावेज, पार्किंग तथा वाहनों के आगमन-निर्गमन की व्यवस्था सहित आवश्यक दस्तावेज नगर निगम कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में यह माना जाएगा कि संबंधित भू-स्वामी के पास वैध अनुमति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है तथा भवन उपविधि यथा संशोधित एवं नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सहायक नगर आयुक्त से उनके कार्यों की जानकारी लेते हुए नगरीय व्यवस्था को ठोस कार्ययोजना के साथ दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने गलत तरीके से निर्मित भवनों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए ऐसे निर्माणों पर रोक लगाने का स्पष्ट संदेश देने को कहा। उन्होंने शहर में नालियों की नियमित एवं प्रभावी सफाई, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था तथा अवैध एवं बड़े भवनों के विरुद्ध कार्रवाई को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर 15 दिनों के अंदर प्रस्ताव समर्पित करने को कहा।

**शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की भी हुई समीक्षा**

बैठक में शहरी क्षेत्र में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाइयों की आपूर्ति एवं मानव संसाधन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों एवं आवश्यक मानव संसाधन के अभाव में इन स्वास्थ्य केंद्रों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने एएनएम, जीएनएम, चिकित्सक, मेडिकल ऑफिसर सहित रिक्त पदों के विरुद्ध विज्ञापन प्रकाशित कर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि शहरी क्षेत्र के नागरिकों को इन स्वास्थ्य केंद्रों का बेहतर लाभ मिल सके।

**पार्किंग एवं वेंडिंग जोन की व्यवस्था पर जोर**

शहरी क्षेत्र में सड़कों पर बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग के कारण उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने प्रॉपर पार्किंग व्यवस्था विकसित करने का निर्देश दिया। साथ ही वेंडिंग जोन के विकास एवं व्यवस्थित संचालन से संबंधित कार्यों का पूरा विवरण प्रस्तुत करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि शहर की नगरीय व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग एवं नगर निगम के पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन कर किए जा रहे निर्माण, अतिक्रमण एवं अन्य अनियमितताओं के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता, उप नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, सिटी मैनेजर, टाउन प्लानर व अन्य उपस्थित थे।

## बिहार के 75 स्कूलों में मिड-डे मील में मिले कीड़े, परोसने से पहले खुल गई पोल

**अरवल।** बिहार के अरवल जिले में मिड-डे मील की गुणवत्ता को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। सदर प्रखंड के 75 स्कूलों में बच्चों के लिए भेजी गई सोयाबीन की सब्जी में कथित तौर पर कीड़े मिलने से हड़कंप मच गया। स्कूलों में खाना परोसने से पहले जांच के दौरान यह मामला सामने आया। कीड़े दिखाई देने के बाद स्कूलों के प्रधानाध्यापकों ने बच्चों को भोजन परोसने से रोक दिया। इसके चलते कई बच्चों को उस दिन मिड-डे मील नहीं मिल सका। बच्चे भूखे रह गए। मामले को लेकर उमैराबाद, अहियापुर और सकरी इब्राहिमपुर समेत कई स्कूलों के प्रधानाध्यापकों ने जिला मिड-डे मील प्राधिकरण को शिकायत दी है। स्कूलों में भोजन पहुंचने के बाद उसे बच्चों को परोसने से पहले जांच की जा रही थी। इसी दौरान सोयाबीन की सब्जी में कीड़े दिखाई दिए। प्रधानाध्यापकों ने तत्काल भोजन को बच्चों के बीच वितरित करने से रोक दिया। बताया गया कि संबंधित भोजन की आपूर्ति एक एनजीओ के माध्यम से की गई थी। शिकायत सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है।

# बक्सर-भागलपुर के बीच बनेगा 336 किमी लंबा छह लेन एक्सप्रेसवे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में सड़क, सिंचाई, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इनमें बक्सर से भागलपुर के बीच 336 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण प्रमुख है। परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड पर पूरा किया जाएगा।

**पश्चिम से पूर्व बिहार को जोड़ेगा एक्सप्रेसवे**

प्रस्तावित बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे बिहार के पश्चिमी हिस्से को पूर्वी क्षेत्र से जोड़ेगा। पूरी तरह नियंत्रित पहुंच वाले इस मार्ग से दोनों शहरों के बीच आवागमन तेज और सुगम होने की उम्मीद है। परियोजना को बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से लागू किया जाएगा। कैबिनेट ने एक्सप्रेसवे के आसपास उपलब्ध बड़े भूखंडों को आर्थिक गतिविधियों के लिए विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इससे सड़क के किनारे निवेश और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराने के लिए परामर्शी और परियोजना के क्रियान्वयन के लिए लेन-देन सलाहकार की सेवा ली जाएगी।

**46 हजार निजी नलकूपों को मंजूरी**

सात निश्चय-2 के तहत मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना में 11 हजार नए नलकूप लगाने को मंजूरी दी गई है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 83.60 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। पहले से स्वीकृत 35 हजार नलकूपों को मिलाकर राज्य में कुल 46 हजार निजी नलकूप लगाए जाएंगे। सरकार के अनुसार, इस योजना से करीब 2.30 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होने के साथ कृषि उत्पादन बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति हुए घायल सीएचसी में हुआ उपचार

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर थाना क्षेत्र के बादलपुर गांव में बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के बादलपुर गांव के अशोक तिवारी (55वर्ष) अपने घर से बाइक से जंगल जा रहे थे, इसी दौरान बादलपुर गांव के समीप ही उनका बाइक पर से संतुलन बिगड़ गया और वे अनियंत्रित होकर गिर कर घायल हो गए। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए सीएचसी नारायणपुर में भर्ती कराया गया, जहां घायल का उपचार हुआ है।

## देवघर में सैकड़ों कांवरियों के मोबाइल और बैग चोरी, झारखंड-बिहार से लेकर बांग्लादेश तक फैला है चोरों का नेटवर्क

**देवघर।** श्रावणी मेला के दौरान कांवरियों को चोर व पाकेटमारों के द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मेला के दौरान बाहरी चोरों ने यहां गदर मचा रखा है। अब तक मेला के दौरान सैंकड़ों कांवरियों का मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया है। वहीं दर्जनों लोगों का बैग व बटुआ की चोरी की गयी है। ये चोर मंदिर, शिवगंगा, बाजार व भीड़ भाड़ वाले इलाके में सक्रिय हैं। ये गिरोह झारखंड के अलावा, बिहार व बंगाल के रहने वाले हैं। यहां तक की उत्तर प्रदेश के चोर भी इस मेला का लाभ उठाने के लिए पहुंच गए हैं। जसीडीह आरपीएफ ने सोमवार को चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ एक युवक का पकड़ा। वह उत्तर प्रदेश के लखनउ जिला का रहने वाला है। उसने एक मोबाइल जसीडीह रेलवे स्टेशन से तो दो अन्य बाबा मंदिर परिसर से चोरी किया था। वहीं मेला में सक्रिय चोरों में काफी संख्या में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। इसमें खानाबदोश गिरोह भी शामिल है। महिला व बच्चों का इस्तेमाल इसलिए किया जाना है, क्योंकि ये कांवरियों के भीड़ में घुसकर अपनी हाथ की सफाई दिखाते हैं और इन पर कोई शक भी नहीं करता है।वहीं इनका नेटवर्क इतना तगड़ा है कि चोरी करने के बाद ये चोरी किया गया सामान अपने अन्य साथियों को थमा देते हैं। ऐसे में पकड़े जाने के बाद कई चोरों को पुलिस ने पकड़ा भी है। वहीं कई को सबूत के अभाव में पुलिस को छोड़ना पड़ जाता है।

## मनी लांड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से झारखंड हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से ईडी के आरोपपत्र में दर्ज कथित मनी लांड्रिंग की राशि में बदलाव को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया। इस जवाब पर अदालत ने प्रार्थी मधु कोड़ा को अपना पक्ष शपथपत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश दिया है। मनी लांड्रिंग के मामले में ईडी की ओर से निचली अदालत में दाखिल आरोपपत्र में मनी लांड्रिंग की राशि में किए गए बदलाव को लेकर मधु कोड़ा ने निचली अदालत में आपत्ति जताई थी। उन्होंने आरोपपत्र में राशि में बदलाव को चुनौती देते हुए इसे स्वीकार नहीं करने का आग्रह किया था। निचली अदालत ने मधु कोड़ा की आपत्ति को खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने निचली अदालत के आदेश को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट में दायर याचिका में उन्होंने आरोपपत्र में दर्ज मनी लांड्रिंग की राशि में बदलाव को चुनौती देते हुए निचली अदालत के आदेश को रद करने की मांग की है।

# केंद्र सरकार के खनिज संशोधन विधेयक के विरोध में हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंडः-** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 के विरोध में झामुमो पंचायत समिति की बैठक हाथकाठी पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष कादिर अंसारी ने की। बैठक में झामुमो जिला संगठन सचिव मुसलोद्दीन अंसारी, पर्यवेक्षक सह प्रखंड उपाध्यक्ष विकास रविदास एवं हन्नान अंसारी मौजूद रहे। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा पर राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। जिला संगठन सचिव मुसलोद्दीन अंसारी ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा पर सबसे पहला अधिकार यहां की जनता का है। केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यह कानून झारखंड के हितों के खिलाफ है। ऐसी नीतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधेयक के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष तेज किया जाएगा और किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी हर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करेगी। मौके पर पंचायत के ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पाकुड़ प्रखंड एवं माई भारत युवा केंद्र में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंडः-** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर डालसा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में आज पाकुड़ प्रखंड परिसर एवं माई भारत युवा केंद्र में युवा विधिक साक्षरता माह के दौरान विधिक सहायता सुविधा डेस्क के तहत युवाओं को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के अधिकार मित्र सह पीएलवी कमला राय गांगुली, नसीम अंसारी, माई भारत युवा केंद्र पाकुड़ के सहायक नूर आलम अंसारी, नेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष जेड एच विश्वास छात्रा एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स कमला राय गांगुली ने बताया कि डीएलएसए द्वारा अगस्त 2026 के महीने को युवाओं के लिए कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देने, कानून के साथ संघर्ष में फंसे किशोरों के अधिकारों की रक्षा करने, कानूनीतौर पर सहायता को मजबूत करने के लिए एक समर्पित अवधि के रूप में मानने एवं ये सुनिश्चित करने के लिए कि निःशुल्क, सुलभ और समय पर कानूनी सहायता जमीनी स्तर तक पहुंचे इस उद्देश्य से सुविधा डेस्क के माध्यम से युवा आगंतुकों और छात्रों को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर निवारक कानूनी परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करना ताकि समाज के मुख्य धारा से जुड़े रहे। वहीं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स नसीम अंसारी एवं नीरज कुमार राउत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाले निःशुल्क कानूनी सहायता एवं नालसा/झालसा योजनाओं, कानूनी सहायता प्रक्रिया और पीड़ित मुआवजे के बारे में जागरूकता किया। इंडियन नेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष जेड एच विश्वास ने युवाओं को शिक्षा, खेल और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य रहने को लेकर मुख्य बिंदु पर जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम में माई भारत युवा केंद्र पाकुड़ के तरफ से फुटबॉल देकर युवाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही कानून के प्रति जागरूक रहने का अपील किया गया। मौके पर डालसा के प्रतिनिधि, माय भारत युवा केंद्र के सहायक इंडियन नेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता के साथ युवा वर्गों के छात्रा रुकैया खातून, अमीना खातून, नबीला खातून , जिन्नतुन बीवी, आलियारा,खातून हाजरा बीवी, सुनीता मुर्मू राकीम खातून ,कमला कर्मकार, वहीदा खातून फजर शेख उपस्थित रहे।

# कोरियाडीह में भव्य महावीर मंदिर निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन, ग्रामीणों ने किया श्रमदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के कोरियाडीह गांव में बुधवार को आस्था और उत्साह के बीच करीब 44 वर्ष पुराने महावीर मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर विधिवत भूमि पूजन किया गया। गांव के बीचों-बीच स्थित मंदिर को अब नए एवं भव्य स्वरूप में विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए और मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। धार्मिक अनुष्ठान आचार्य डोमन पांडेय, विकास पांडेय एवं दिलीप पांडेय ने विधि-विधान से संपन्न कराया। मुख्य पुजारी के रूप में नरेश प्रसाद मौजूद रहे। पूजा-अर्चना एवं भूमि पूजन के बाद ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम की खास बात रही कि ग्रामीण अपने-अपने घरों से कुदाल, गेता, कड़ाही सहित अन्य सामान लेकर पहुंचे और श्रमदान कर निर्माण कार्य में सहभागिता निभाई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पुराने मंदिर का अब भव्य एवं आकर्षक निर्माण कराया जाएगा। मंदिर परिसर को भी बेहतर तरीके से विकसित करने की योजना है। मंदिर निर्माण कार्य को 31 जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीणों ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के लिए सामूहिक सहयोग एवं श्रमदान जारी रखने की बात कही। इसके साथ ही मंदिर परिसर में स्थित पुराने शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कराने का भी निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि महावीर मंदिर और शिव मंदिर दोनों गांव की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। इनके निर्माण एवं जीर्णोद्धार से गांव का धार्मिक वातावरण और मजबूत होगा। आचार्य डोमन पांडेय ने कहा कि मंदिर निर्माण केवल ईट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि ग्रामीणों की आस्था, श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक है। सभी के सहयोग और श्रमदान से मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। ऐसे धार्मिक स्थलों के विकास से नई पीढ़ी अपनीडु संस्कृति और परंपरा से जुड़ी रहेगी। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि महावीर मंदिर गांव की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। करीब 44 वर्ष पुराने मंदिर को नए स्वरूप में बनाने का निर्णय ग्रामीणों के लिए गौरव की बात है। मंदिर निर्माण में ग्रामीणों की सहभागिता सराहनीय है और पंचायत स्तर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण का लक्ष्य 31 जनवरी 2027 तक पूरा करने का रखा गया है। साथ ही पुराने शिव मंदिर का भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष रामजी प्रसाद एवं सचिव नंदलाल प्रसाद के अलावा कमेटी के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। समिति एवं ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग से निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूरा करने का संकल्प लिया।

मौके पर उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पूर्व पंसस संजय कुशवाहा, अजय कुशवाहा, नरेश कुमार, राजकुमार प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, बिशेश्वर महतो, घनश्याम प्रसाद, संतु प्रसाद, सीताराम प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, संतोष प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार, नागेश्वर प्रसाद, बब्लू प्रसाद, उमेश प्रसाद, गणेश प्रसाद, आनंदी महतो, जयप्रकाश प्रसाद, संजय कुमार, चंदन कुमार, संदीप कुमार, आर्यन कुमार, तिलक महतो, देवनंदन प्रसाद, गोविंद प्रसाद, मनोज कुमार, केशो महतो, बुधन महतो, लालधारी महतो, महेंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, संदीप प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, अरुण प्रसाद, महेश प्रसाद, राजन प्रसाद, सीता देवी, गीता देवी, उमा देवी, निरिया देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# विधायक ने बसरिया विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच बांटीं 75 साइकिलें

## शिक्षकों की कमी दूर करने का दिया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड के बसरिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बसरिया के प्रांगण में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। उन्होंने अपने कर-कमलों द्वारा विद्यालय के लगभग 75 विद्यार्थियों को साइकिलें सौंपी। साइकिल प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विधायक को विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें सबसे प्रमुख समस्या शिक्षकों की कमी थी। विधायक मनोज कुमार यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके से ही हजारीबाग के डीडीसी से दूरभाष (टेलीफोन) पर वार्ता की और विद्यालय में जल्द से जल्द शिक्षकों की कमी को दूर करने का स्पष्ट निर्देश दिया। इससे पूर्व, विद्यालय परिवार एवं समस्त छात्र-छात्राओं की ओर से मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मौक़े पर सुनील सिंह, गजाधर प्रसाद, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, नेमधारी यादव, मनीष सिंह, पिंटू सोनी, शिक्षक भुनेश्वर साव, रामधानी दांगी, कपिल यादव, विजय साव, नितेश गुप्ता, लखन प्रजापति, प्रदीप केशरी, देओकी रविदास, उमेश भुइयाँ सहित कई अन्य गणमान्य ग्रामीण एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# गाय के लिए मां करंट की चपेट में आई, बचाते-बचाते अग्निवीर बेटा भी गंवा बैठा जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अरवल।** किंजर थाना क्षेत्र के झुनाठी गांव में बुधवार की सुबह एक हृदयविदारक घटना में मां और बेटे की मौत हो गई। गाय को करंट से बचाने में मां और मां को करंट से बचाने में बेटे की जान चली गई, हालांकि गाय की जान बच गई। इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया। मृतकों में हरेराम शर्मा की 50 वर्षीय पत्नी सीमा देवी और उनका 19 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार शामिल है। शुभम का अग्निवीर में चयन हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि हरेराम शर्मा की गाय घास चरते हुए घर के समीप लगे ट्रांसफार्मर के करीब चली गई, जहां बिजली का तार लटक रहा था। यह देख गाय को बचाने के लिए सीमा देवी ट्रांसफार्मर के करीब पहुंच गई और वहां से गाय को भगा दी। इसी बीच महिला ट्रांसफार्मर के स्टेक की चपेट में आ गई, जिसमें करंट आ रहा था। करंट लगने से महिला छटपटाने लगी, यह देख पुत्र शुभम कुमार अपनी मां को बचाने के लिए दौड़ा और वह भी करंट की चपेट में आ गया। स्वजन व ग्रामीणों की नजर पड़ी तो मां- बेटे को किसी तरह वहां से गंभीरत अवस्था मे इलाज के लिए आनन फानन अरवल सदर अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने जांच के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। ट्रांसफार्मर के समीप लटके बिजली के तार व स्टेक में करंट प्रवाहित होने की सूचना विभाग को कई बार दी गई थी, लेकिन विभागीय कर्मी लापरवाह बने रहे, जिससे मां-बेटे की जान चली गई। हरेराम शर्मा के दो पुत्र थे, जिसमें छोटे पुत्र की मौत हो गई। एक पुत्री है, जिसकी शादी हो चुकी है। बड़ा पुत्र चंदन कुमार बिहार पुलिस में चयनित होने के बाद अभी एक सप्ताह पूर्व प्रशिक्षण के लिए गया है। छोटा बेटा शुभम का अग्नि वीर में चयन हो चुका था, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। सीमा देवी पशुपालन कर घर परिवार चलाती थीं।

## भुवनेश्वर से 44 किलो गांजा लेकर पहुंचे धनबाद, दो तस्कर गिरफ्तार; सरगना फरार

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म दो-तीन पर पिट्ठू बैग और ट्राली बैग में गांजा भर कर ले जाने वाले बंगाल व बिहार के दो तस्करों को आरपीएफ, सीआइबी और रेल पुलिस ने दबोच लिया। भीड़ का फायदा उठा कर सरगना भाग निकला। पकड़े गये दो लोगों में बिहार के भोजपुर आदर्श कालोनी आरा निवासी 50 वर्षीय सुनील चौधरी और पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना के टीटागढ़ का रहने वाला 36 वर्षीय उमेश कुमार राय शामिल हैं। उनके पास से छह पिट्ठू व ट्राली बैग से 43.94 किलो गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा का अनुमानित मूल्य 21 लाख 97 हजार है। फरार शख्स का नाम अनिल सिंह है, जो बिहार के भोजपुर के नवादा का रहने वाला है। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफार्म दो-तीन पर तीन ट्राली बैग और तीन पिट्ठू बैग के साथ तीन लोग देखे गये। गतिविधि संदिग्ध लगने पर आरपीएफ पहुंची तो तीनों भागने लगे। दो को घेर कर पकड़ा गया जबकि एक भाग निकला।

# करों में धूमधाम से मना मां मनसा देवी का पर्व घट-विसर्जन के साथ पूजा संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**करों, देवघर, झारखंडः-** करों प्रखंड के विभिन्न मनसा देवी मंदिरों में स्थापित वेदी एवं मूर्तियों की तीन दिवसीय माँ मनसा देवी की पूजा-अर्चना, यज्ञ-हवन, पारंपरिक एवं धार्मिक अनुष्ठान तथा मनसा-पाठ के बाद बुधवार को घट-विसर्जन के साथ समापन हो गया। धार्मिक नगरी करों के स्थानीय बाउरी टोला, भंडारी टोला, रजवार टोला, गोस्वामी मनसा मंदिर, अतरीबाड़ी मनसा मंदिर, भागापाड़ा एवं दास टोला सहित विभिन्न स्थानों पर माँ मनसा देवी की विधिवत तांत्रिक विधि से पूजा-अर्चना की गई। गौरतलब है कि मंगलवार की शाम उपवास शुरू होने के साथ ही करों के विभिन्न मुहल्लों में पूजा समितियों के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं की चहल-पहल बढ़ गई थी। करीब सात बजे से व्रती एवं श्रद्धालु नेम-निष्ठा और श्रद्धा-भक्ति के साथ कलश भरने एवं बाउरी लाने के लिए गाजे-बाजे और मनसा मंगल गीत के साथ ऐतिहासिक राजा तालाब एवं ओझा पोखर पहुंचे।

यहां पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल कलश भरवाया। इसके बाद कलश को पूजा स्थल पर लाकर विधिवत वेदी पर स्थापित किया गया। देर रात माँ मनसा देवी की तांत्रिक विधि से पूजा-अर्चना की गई। अतरीबाड़ी मनसा मंदिर में पंडित अजीत मिश्र के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। इस दौरान अष्टनाग–अनंत (शेषनाग), पद्मनाग, वासुकी नाग, तक्षक नाग, कर्कोटक नाग आदि की जप-तप एवं ध्यान के साथ पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मनसा मंदिर में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पाठा बलि के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पूजा समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# एक ही राज्य में केवाईसी के अलग-अलग शुल्क सिलचर में 150, रामकृष्णनगर में 190 रुपये लेने का आरोप

## उपभोक्ताओं ने उठाए सवाल, प्रशासन से शुल्क की वैधता स्पष्ट करने और निष्पक्ष जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** असम के अलग-अलग जिले क्षेत्रों में गैस कनेक्शन से संबंधित KYC के लिए अलग-अलग राशि लिए जाने के आरोपों ने उपभोक्ताओं के बीच सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, सिलचर में जहां KYC के लिए 150 रुपये लिए जा रहे हैं, वहीं श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर में इसी प्रक्रिया के लिए 190 रुपये वसूले जाने का आरोप है। उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से मामले की जांच कर शुल्क की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, सिलचर के गूंगुर-मेहरपुर क्षेत्र स्थित आशिया गैस सर्विस में KYC कराने के लिए कथित तौर पर 150 रुपये लिए जा रहे हैं। ग्राहकों का दावा है कि इस राशि के साथ उन्हें गैस पाइप भी दिया जा रहा है। वहीं, श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर स्थित गाजी गैस एजेंसी में इसी प्रकार की KYC प्रक्रिया के लिए 190 रुपये लिए जाने का आरोप उपभोक्ताओं ने लगाया है। एक ही सेवा के लिए शुल्क में अंतर क्यों? उपभोक्ताओं का मुख्य सवाल है कि यदि




KYC के लिए कोई निर्धारित अथवा अधिकृत शुल्क है, तो एक ही राज्य के दो अलग-अलग जिले क्षेत्रों में राशि में अंतर क्यों है। उनका कहना है कि सिलचर में 150 रुपये के साथ गैस पाइप दिए जाने की बात सामने आ रही है, जबकि रामकृष्णनगर में 190 रुपये लिए जाने के मामले में अतिरिक्त 40 रुपये किस मद में लिए जा रहे हैं, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। ग्राहकों ने मांग की है कि यदि अतिरिक्त राशि गैस पाइप, सेवा शुल्क या किसी अन्य अधिकृत मद के तहत ली जा रही है, तो संबंधित शुल्क का आधार और अधिकृत दर उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से बताई जाए। निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ का आरोप शिकायतकर्ता उपभोक्ताओं का कहना है कि KYC के नाम पर अतिरिक्त राशि लिए जाने से आम और निम्न आय वर्ग के लोगों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ सकता है। उनका कहना है कि यह मामला केवल कुछ उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बड़ी संख्या में गैस उपभोक्ताओं से जुड़ा जनहित का विषय है। जिला प्रशासन से जांच की मांग उपभोक्ताओं ने काछार और श्रीभूमि जिला प्रशासन का ध्यान इस मामले की ओर आकर्षित करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उपभोक्ताओं के अनुसार, जांच के दौरान यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि: KYC के लिए निर्धारित या अधिकृत शुल्क कितना है?

सिलचर और रामकृष्णनगर में अलग-अलग राशि लिए जाने की वजह क्या है? गैस पाइप अथवा अन्य सामग्री की कीमत शुल्क में शामिल है या नहीं?

सेवा शुल्क लिया जा रहा है तो उसका अधिकृत आधार क्या है? उपभोक्ताओं से ली जा रही राशि की रसीद और शुल्क का विवरण उपलब्ध कराया जा रहा है या नहीं?

ग्राहकों का कहना है कि यदि जांच में नियमों के विपरीत अतिरिक्त राशि वसूलने की शिकायत सही पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी अथवा जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

वहीं, यदि दोनों स्थानों पर ली जा रही राशि में अंतर किसी वैध सेवा शुल्क, गैस पाइप या अन्य अधिकृत मद के कारण है, तो संबंधित गैस एजेंसियों और प्रशासन को इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं के बीच किसी प्रकार का भ्रम न रहे।

KYC के नाम पर अलग-अलग राशि लिए जाने के आरोपों के बीच अब उपभोक्ता प्रशासन और संबंधित गैस प्राधिकरण की जांच तथा स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री राहत कोष में 10.63 लाख रुपये जमा, विधायक ने सहयोगकर्ताओं का जताया आभार

## विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर किया सहयोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि :** मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए कुल 10 लाख 63 हजार रुपये एकत्र कर जमा किए गए हैं। इस मानवीय पहल में योगदान देने वाले विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों और आम नागरिकों के प्रति विधायक डॉ. मिलन दास ने आभार व्यक्त किया है। राहत कोष में योगदान के तहत हाइलाकांडी नगरपालिका की ओर से 1.67 लाख रुपये, शितांशु रंजन पाल ने 50 हजार रुपये, साभमिता पाल ने 25 हजार रुपये, कृष्ण गोपाल सारदा ने 25 हजार रुपये तथा लाला नगरपालिका ने 50 हजार रुपये का सहयोग दिया। इसके अलावा शिशु सदन हाई स्कूल ने 51 हजार रुपये, कटलीछड़ा व्यवसायी समिति एवं नागरिकों ने 3 लाख रुपये, निशित चौधरी ने 1 लाख रुपये, डॉ. देवजीत दे ने 1 लाख रुपये तथा जीपी प्रेसिडेंट एसोसिएशन के शेखर दास ने 1 लाख रुपये का योगदान दिया। वहीं, काटलीछड़ा मंडल के बीरेनजीत नाथ ने 25 हजार रुपये, इंद्रजीत देवराय ने 10 हजार रुपये, सूरज सेन ने 10 हजार रुपये और स्वपन



भट्टाचार्य ने 50 हजार रुपये का सहयोग किया। मानवीय पहल की सराहना विधायक डॉ. मिलन दास की ओर से जारी आभार संदेश में कहा गया कि आपदा और संकट की घड़ी में जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े होकर सहयोगकर्ताओं ने मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश की है। उनके इस सामूहिक प्रयास को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया गया। उन्होंने कहा कि संकट के समय समाज के विभिन्न वर्गों का एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना सामाजिक एकता और मानवीय संवेदना को मजबूत करता है। राहत कोष में योगदान देने वाले सभी संगठनों, संस्थाओं और नागरिकों के प्रति



उन्होंने आभार व्यक्त किया। 'मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है' के संदेश के साथ विधायक ने सभी नागरिकों से जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आने और सामूहिक रूप से सहयोग करने की अपील की।

# भाजपा सरकार बनाने में युवा मोर्चा निभाएगा अहम भूमिका: प्रणव मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंडीगढ़, लुधियाना-** भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब के प्रदेश मीडिया संयोजक एवं युवा मोर्चा होशियारपुर के प्रभारी प्रणव मिश्रा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब में भाजपा सरकार बनाने में अहम एवं निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा अब बदलाव चाहता है और बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं विकास की राजनीति से जुड़ रहा है। प्रणव मिश्रा ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश के प्रत्येक जिले, मंडल एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। युवाओं के बीच लगातार संपर्क अभियान चलाए जा रहे हैं तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब आज नशे, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। इन



चुनौतियों से प्रदेश को बाहर निकालने के लिए ईमानदार, मजबूत और विकासोन्मुख नेतृत्व की आवश्यकता है, जिसे केवल भारतीय जनता पार्टी ही प्रदान कर सकती है। प्रणव मिश्रा ने कहा कि आगामी चुनावों में युवा मोर्चा पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगा और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में युवाओं को भाजपा से जोड़ने का अभियान चलाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश की जनता इस बार भाजपा को अवसर देगी तथा युवा मोर्चा की मेहनत और युवाओं के समर्थन से पंजाब में भाजपा सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## सीएनजी पंप पर सिलिंडर फटा, तीन की मौत; तीन लोग झुलसे

**दिल्ली।** मुंडका के टिकरी कलां इलाके में बुधवार को सीएनजी पंप पर ट्रक में गैस भरते समय उसके सिलिंडर में जोरदार धमाका हो गया। हादसे में तीन की मौत और तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। मृतक की पहचान बाबा हरिदास कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय मनीष को तौर पर हुई है। अन्य मृतकों में निजामपुर गांव निवासी ब्रह्मजीत और सन्नी शामिल हैं। वहीं घायलों में सुरजीत, संजय और विपिन शामिल हैं। घायलों को मुंडका के सीबी ग्लोबल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। ये सभी सीएनजी पंप के कर्मचारी हैं। दमकल विभाग से जानकारी के अनुसार, घटना टिकरी कलां मेट्रो स्टेशन के पास स्थित सीएनजी पंप पर शाम करीब साढ़े तीन बजे हुई। ट्रक में सीएनजी भरने के दौरान अचानक उसके सिलिंडर में धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां, एक वाटर बाउजर और अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचे।

# एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट बंगा ने गांव हप्पोवाल में किसान गोष्ठी का किया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बंगा, नवांशहर।** एग्रीकल्चर और किसान कल्याण डिपार्टमेंट ब्लॉक बंगा की तरफ से किसानों को खेती की नई तकनीकों की जानकारी देने के लिए चलाई जा रही आत्मा स्कीम के तहत गांव हप्पोवाल में एक बड़ी किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें इलाके के 150 से ज़्यादा किसानों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर, कार्यक्रम के मुख्य मेहमान, डॉ. लेख राज, चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर, शहीद भगत सिंह नगर ने किसानों को जिले में चल रही किसान कल्याण स्कीमों के बारे में बताया, जैसे कि फसल अलग-अलग तरह की स्कीम के तहत 7000 रुपये प्रति एकड़, धान की सीधी बुवाई के लिए 1500 रुपये प्रति एकड़ और किसानों को बड़े पैमाने पर खेती की मशीनरी दी जा रही है ताकि उन्हें इन स्कीमों का ज़्यादा से ज़्यादा फायदा मिल सके। इस मौके पर बंगा के एग्रीकल्चर ऑफिसर डॉ. लक्ष्मण दास ने धान की बुआई में लेबर की कमी को ध्यान में रखते हुए पैडी ट्रांसप्लांटर मशीनों से धान की रोपाई के बारे में किसानों के साथ टेक्निकल जानकारी शेयर की। डिपार्टमेंट ने गांव अनौखरवाल में इन मशीनों के साथ 25



एकड़ में डेमोंस्ट्रेशन प्लॉट लगाए। एग्रीकल्चर साइंस सेंटर लंगरोआ के डॉ. बलजीत सिंह और डॉ. जसविंदर कुमार ने मौजूदा फसलों धान, बासमती, मक्का और गन्ने के कीड़ों और बीमारियों के कंट्रोल के बारे में जानकारी दी और कहा कि किसानों को खेतों का लगातार सर्वे करना चाहिए और ज़रूरत पड़ने पर बताए गए एग्रीकल्चरल पेस्टीसाइड का इस्तेमाल करना चाहिए।

गर्म मौसम के कारण धान में ब्लाइट और तेला रोग की संभावना बढ़ जाती है। सुरिंदरपाल सिंह एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन ऑफिसर और विक्रम सिंह एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन ऑफिसर ने किसानों के साथ नेचुरल फार्मिंग, PM किसान योजना आदि के बारे में जानकारी शेयर की। इस मौके पर गगनदीप सिंह लायन क्लब राजा साहिब सेवा बंगा ने अपने साथियों के साथ इस कैंप में हिस्सा लिया और आए हुए मेहमानों और किसानों का धन्यवाद किया। इस मौके पर, पर्यावरण बचाने में योगदान देने वाले अगावडू के पांच किसानों को सम्मानित किया गया और मौजूद सभी किसानों को मुफ्त छायादार और फलदार पेड़ बांटे गए। इस मौके पर संदीप गंगर ATM, लायन क्लब इंजी. एएसपी सोंधी, रछपाल सिंह, राजेश मक्कड़, प्रिंसिपल चंद्र मोहन, संजीव सूरी, सतनाम सिंह, विजय कुमार और मौजूद किसान सुखदीप सिंह साल कलां, सुरजीत सिंह राय लंगेरी, हरदीप सिंह धंधुहा, सतनाम सिंह बिसला, चरणजीत सिंह मंडेर, सुरजीत सिंह चक मंडेर, गुरदीप सिंह कटारिया, वरिंदर कुमार सरपंच कटारिया, हरजीत सिंह झिक्का, सुखविंदर सिंह झिक्का वगैरह मौजूद थे।

## अमृतसर में ड्रग्स और हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

**अमृतसर।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने नशे और अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आठ अवैध पिस्तौल, 8.536 किलो हेरोइन, 12.95 लाख रुपये की ड्रग मनी और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कार्रवाई गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर की गई। प्रारंभिक जांच में आरोपियों के अंतरराष्ट्रीय नशा और हथियार तस्करी सिंडिकेट से जुड़े होने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी कथित तौर पर विदेश में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे। उन्हें विदेशों से अवैध हथियार और हेरोइन की खेप मिलती थी, जिसे आगे अन्य आपराधिक तत्वों तक पहुंचाया जाता था। पुलिस आरोपियों के पूरे नेटवर्क और उनके संपर्कों की जांच कर रही है। मामले में थाना कैंटोनमेंट और थाना छेहरटा में तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस आरोपियों के आगे और पीछे के संपर्कों की जांच कर रही है। जांच के दौरान नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी संभव है। पुलिस ने कहा कि पंजाब में नशे और अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। सीमा पार से संचालित नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस द्वारा आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# डीसी ने विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, लंबित कार्य और भुगतान करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

## गुणवत्ता से समझौता न करने पर जोर

**बरनाला।** डिप्टी कमिश्नर बरनाला हरप्रीत सिंह आईएएस ने जिला प्रशासनिक परिसर स्थित अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सांसद निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), आंगनबाड़ी केंद्र, आम आदमी क्लीनिक, खेल मैदान, जी राम जी योजना, पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और रंगला पंजाब विकास योजना के तहत गांवों एवं शहरों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली गई। डिप्टी कमिश्नर ने लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी करने, सामग्री का भुगतान करने, जी राम जी योजना के तहत पुराने कार्यों को पूरा करने तथा अधिक से अधिक नए जॉब कार्ड बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित



योजनाओं और परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचना चाहिए। विकास कार्यों में गुणवत्ता का उच्च स्तर सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा योजनाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (सामान्य) विवेक कुमार मोदी, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) हरजिंदर सिंह बेदी, एसडीएम महल कलां बेअंत सिंह सिद्धू, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सविंदर सिंह, कार्यकारी अधिकारी हरप्रीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जया बच्चन से जुड़ी अश्लील सामग्री तुरंत करें ब्लॉक, केंद्र सरकार को दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री व राज्यसभा सदस्य जया बच्चन से जुड़े ऑनलाइन पोर्नोग्राफी सामग्री को ब्लॉक करने का दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और दूरसंचार विभाग को निर्देश दिया है। अदालत को सुनवाई के दौरान बताया गया कि पोर्नोग्राफिक सामग्री अभी भी देखी जा सकती है और आपत्तिजनक वेबपेजों को ब्लॉक करने के निर्देशों का इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) ने पालन नहीं किया है। इस पर अदालत ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और दूरसंचार विभाग को निर्देश दिया है कि वे उन वेबपेजों को ब्लॉक करने और आईएसपी के खिलाफ आदेशों को लागू करने के बारे में निर्देश लें।

# वार्ड नंबर 27 में 60 लाख रुपये की लागत से मॉडर्न वेंडिंग ज़ोन का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना।** लुधियाना दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 स्थित शेरपुर में 100 फुट रोड पर 60 लाख रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे आधुनिक वेंडिंग जोन का विधायक राजिंदरपाल कौर छीना ने उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक छीना ने कहा कि वेंडिंग जोन का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी लगाकर रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक स्थान उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने के बाद छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही क्षेत्र की सफाई और सुंदरता में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन बनने से सड़कों पर बेतरतीब ढंग से लगने वाली रेहड़ियों के कारण होने वाली यातायात की समस्या कम होगी और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में



विकास कार्य लगातार करवाए जा रहे हैं। लोगों की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी से काम किया जा रहा है और विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर यूथ क्लब पंजाब के समन्वयक भूपिंदर सिंह गिल, अमरिंदर सिंह छाबड़ा, राजू शेरपुरिया, जतिंदर बांकिया, सूरज पारचा, सब्जी मंडी के प्रधान रामदास सहित पार्टी के अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों और रेहड़ी-पटरी वालों ने विकास कार्य के लिए विधायक का आभार जताया।

# बिकाश धर हत्याकांड में बयान तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** असम श्रीभूमि जिले के बाजारिछड़ा के छागलमोआ क्षेत्र में भाजपा बूथ अध्यक्ष बिकाश धर की हत्या के बाद उनके द्वारा दिए गए बयान को श्रीभूमि जिला भाजपा द्वारा कथित रूप से तोड़-मरोड़कर पेश किए जाने का आरोप वरिष्ठ अधिवक्ता हाफिज राशिद चौधरी ने लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत संदर्भ में प्रस्तुत कर समाज में भ्रम पैदा करने तथा शांति और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। हाफिज राशिद चौधरी ने कहा कि उन्होंने अपना वक्तव्य बंगाली भाषा में दिया था और उनके बयान का मूल उद्देश्य किसी समुदाय या वर्ग के खिलाफ टिप्पणी करना नहीं, बल्कि क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील करना था। उन्होंने कहा कि एक कानून के विद्यार्थी के रूप में उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से संयम बरतने और कानून पर भरोसा रखने की अपील की थी। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी कोई उकसाने वाला या भड़काऊ बयान नहीं दिया। मैंने समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की अपील की थी।' मंत्री के



कथित बयान पर उठाए सवाल मंत्री कृष्णेंदु पाल के कथित बयान का उल्लेख करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी ने कहा कि किसी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि को मीडिया के सामने किसी व्यक्ति को 'बांग्लादेशी' अथवा 'विदेशी' के रूप में संबोधित करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की नागरिकता अथवा विदेशी नागरिक होने का निर्धारण कानून के तहत सक्षम प्राधिकारी की प्रक्रिया का विषय है। चौधरी ने दावा किया कि उन्होंने इस मुद्दे को लेकर राज्यपाल को लिखित शिकायत देकर मंत्री कृष्णेंदु पाल को पद से हटाने की मांग की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मंत्री के कथित बयान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के समक्ष शिकायत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### 'बयान को विकृत करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा '

जिला भाजपा द्वारा उनके बयान की कथित व्याख्या पर प्रतिक्रिया देते हुए चौधरी ने कहा, 'मैंने कोई अन्यायपूर्ण या उकसाने वाला बयान नहीं दिया। फिर मेरे बयान को विकृत कर समाज में भ्रम और अशांति पैदा करने का प्रयास क्यों किया जा रहा है?' उन्होंने कहा कि यदि उनके बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत कर सामाजिक तनाव पैदा करने का प्रयास जारी रहा, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। करीमगंज जिला परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार त्रिपाठी की कथित टिप्पणियों पर भी चौधरी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि उनके बंगाली वक्तव्य को सही संदर्भ में समझे बिना टिप्पणी की गई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी के शांतिपूर्ण और रचनात्मक वक्तव्य को विकृत कर सामाजिक तनाव पैदा करना उचित नहीं है। जिला प्रशासन की भूमिका की सराहना चौधरी ने बिकाश धर हत्याकांड के बाद क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए श्रीभूमि जिला प्रशासन की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि घटना के बाद प्रशासन और पुलिस की सक्रियता से स्थिति को सामान्य बनाने में मदद मिली है। बिकाश धर हत्याकांड की निष्पक्ष और शीघ्र जांच की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाकर दोषियों की पहचान की जानी चाहिए और कानून के अनुसार कठोर सजा सुनिश्चित की जानी चाहिए। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, बिकाश धर के शव की बरामदगी के बाद मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया गया है और पुलिस हत्या के कारण तथा आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। परिवार को निःशुल्क कानूनी सहायता की पेशकश चौधरी ने कहा कि यदि बिकाश धर के परिवार को कानूनी सहायता की आवश्यकता होती है, तो वह बिना किसी पारिश्रमिक के कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'बिकाश धर मेरे भाई हैं। उनके परिवार को कानूनी सहायता की आवश्यकता होने पर मैं पूरी तरह उनके साथ खड़ा रहूंगा।' उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और देश के निर्माण एवं स्वतंत्रता में सभी समुदायों के लोगों का योगदान रहा है।

## सत्येंद्र जैन को झटका, कोर्ट का गिरफ्तारी को अवैध ठहराने से इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के अपग्रेडेशन और विस्तार के लिए टेंडर में अनियमितताओं से जुड़े मामले में कोर्ट ने बुधवार को पांच आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इनमें पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और डीजेबी के पूर्व सीईओ उदित प्रकाश राय भी शामिल हैं। वहीं, डीजेबी के पूर्व संविदा सलाहकार अंकित श्रीवास्तव को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने की मांग वाली अर्जी भी खारिज कर दी। एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी ने सत्येंद्र जैन, उदित प्रकाश राय और तीन अन्य आरोपितों को पेश कर उनकी 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी, जबकि केवल अंकित श्रीवास्तव की पुलिस हिरासत की मांग की गई। एसीबी का आरोप है कि मामले में डीजेबी के एसटीपी के अपग्रेडेशन और क्षमता बढ़ाने से जुड़े टेंडर में शर्तों में हेरफेर, आपराधिक साजिश और संदिग्ध रिश्वत भुगतान किया गया। सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन की ओर से पेश अधिवक्ता ने उनकी गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि मामले की एफआईआर मई 2024 में दर्ज हुई थी। इसके बावजूद उनके मुवक्किल को पहली बार पांच अगस्त 2026 को पूछताछ के लिए बुलाया गया और फिर मंगलवार को फोन कर बुलाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिवक्ता ने दावा किया कि गिरफ्तारी को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त सामग्री नहीं है। उन्होंने अदालत को बताया कि सत्येंद्र जैन की ओर से जमानत याचिका भी दाखिल की जाएगी। वहीं, उदित प्रकाश राय के अधिवक्ता ने भी गिरफ्तारी का विरोध किया।

## केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को एम्स दिल्ली से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** स्वतंत्र प्रभात। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को बुधवार सुबह दिल्ली स्थित एम्स से छुट्टी दे दी गई। स्वास्थ्य में सुधार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया। जेपी नड्डा को 13 अगस्त को बेचैनी की शिकायत के बाद एम्स में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद चिकित्सकों ने 17 अगस्त को उनकी एंजियोप्लास्टी की थी। उपचार के बाद उनकी हालत में लगातार सुधार हुआ, जिसके बाद बुधवार सुबह उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# पूरनपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन के पुनः अध्यक्ष बने बृजेश गुप्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





पूरनपुर (पीलीभीत)। उत्तर प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुधीर गुप्ता एमएलसी का जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्थानीय इकाई का गठन किया गया। जिसमें बृजेश गुप्ता को पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही विनय गुप्ता को महामंत्री व सचिन गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया। बुधवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन की हंगामेदार मीटिंग मैसर्स के टी इंडस्ट्रीज में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में सबसे पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुधीर गुप्ता एमएलसी का ढोल नगाड़ों व बुके देकर माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। उसके पश्चात पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राइस मिलर्स को आ रही परेशानियों के संबंध में विचार रखे गए। अध्यक्ष श्री गुप्ता के द्वारा सभी समस्याओं को हल करवाने का आश्वासन दिया गया। इसके पश्चात पूरनपुर राइस मिल्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन पर विचार किया गया। मीटिंग में सर्व सम्मति से बृजेश गुप्ता को दोबारा अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही विनय गुप्ता को महामंत्री व सचिन गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया। यहां एमएलसी सुधीर गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका पूरनपुर शैलेंद्र गुप्ता, अजमेर सिंह छीना व सभी राइस मिलर्स ने नई कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में हर्ष गुप्ता, अमरजीत सिंह, सुखदेव जायसवाल, राकेश मिश्रा, फारूक अहमद, रमाशंकर, रोहित अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, हरि ओम, आसिम खान, सुखदेव सिंह, गुल मदार, रितेश गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, सरल गुप्ता व नील गुप्ता, रजनीश पांडे, मैलानी अध्यक्ष भवानी शंकर महेश्वरी, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान सहित लगभग 60 राइस मिलर उपस्थित रहे।

# नैनी बाजार के व्यापारियों ने अपने ही सरकार के विरुद्ध जोनल अधिकारी का किया घेराव,मेयर बने शो पीस

**--पानी भरने से चौपट हुई दुकानदारी, पंप लगने के बाद व्यापारियों ने समाप्त किया धरना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नैनी, प्रयागराज। नैनी बाजार में जलभराव की समस्या से परेशान व्यापारियों ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में एकत्र होकर जोनल कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना था कि बाजार में पानी भरने के कारण दुकानदारों की दुकानदारी पूरी तरह प्रभावित हो रही है और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की। मामला बढ़ता देख जोनल अधिकारी ने अभियंता को मौके पर भेजा। अभियंता की ओर से वार्ड नंबर 20 स्थित नैनी बाजार में जमा पानी निकालने के लिए पंप की व्यवस्था कराई गई। पानी निकासी की व्यवस्था शुरू होने के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली और धरना-प्रदर्शन समाप्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखी। व्यापारियों ने कहा कि यदि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आगे फिर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर रमेश केसरवानी, सुनील केसरवानी, मंगला प्रसाद केसरवानी, गणेश जी वर्मा, राजेश साहू, विनोद केसरवानी सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

# प्रयागराज में तेजवृष्टि के बाद जलनिकासी तेज, मंडलायुक्त ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर शीघ्र जलनिकासी के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज। जनपद प्रयागराज में तेजवृष्टि के कारण विभिन्न क्षेत्रों में हुए जलभराव के निदान हेतु मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने नगर आयुक्त श्री साई तेजा एवं संबंधित अधिकारियों के साथ जॉर्ज टाउन, टैगोर टाउन, संगम पेट्रोल पंप एवं आसपास के अन्य प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जलनिकासी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अतिरिक्त पंप लगाकर जलनिकासी में और तेजी लाने के निर्देश दिए। वर्तमान में जनपद में 43 पंपों, जिनकी कुल पंपिंग क्षमता 132.50 एमएलडी है, के माध्यम से जलनिकासी का कार्य तेजी से संचालित किया जा रहा है। संगम पेट्रोल पंप क्षेत्र में 6 पंप लगाए गए हैं, जिनकी कुल क्षमता 20 एमएलडी है। जहां पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहां जल निगम को पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंडलायुक्त ने आवश्यकतानुसार संसाधन तत्काल उपलब्ध कराते हुए जलभराव की स्थिति को शीघ्र सामान्य करने तथा जनपदवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

# दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को जिले में ही मिलेंगे सहायक उपकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पीलीभीत। दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में मंगलवार को पीलीभीत में महत्वपूर्ण पहल की गई। ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री दिव्याशा-वयोश्री केंद्र (पीएम डी-वीके) का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। केंद्र के माध्यम से एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को पात्रता के अनुसार मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, सुलभ स्मार्ट फोन समेत विभिन्न सहायक उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। केंद्र शुरू होने से लाभार्थियों को सहायता के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।केंद्र में उन्नत प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक प्रयोगशाला की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यहां जरूरत के अनुसार ऊपरी और निचले अंगों के कृत्रिम अंग तैयार किए जाएंगे। श्रवण क्षमता की जांच के लिए आधुनिक ऑडियो रूम बनाया गया है, जहां पात्र लोगों को डिजिटल एवं प्रोग्रामेबल बीटीई श्रवण यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। उपकरण मिलने के बाद तकनीकी सहायता और मरम्मत की सुविधा भी केंद्र पर मिलेगी।कार्यक्रम में जितिन प्रसाद ने कहा कि केंद्र की स्थापना से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जीने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में जनकल्याण के साथ शिक्षा, कौशल, कृषि, खेल और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भी विकास कार्य आगे बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण देने के लिए पीलीभीत में अटल बिहारी वाजपेयी एनआईईएलआईटी एक्सटेंशन सेंटर स्थापित किया गया है। वहीं कृषि और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा के माध्यम से बासमती एवं जैविक कृषि प्रशिक्षण और प्रदर्शन केंद्र विकसित किया जा रहा है।खेल सुविधाओं के विस्तार के तहत गांधी स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ की स्वीकृति भी हुई है। इसके अलावा सड़क और रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, जिलाधिकारी, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर तमंचा दिखाकर धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। नैनी कोतवाली क्षेत्र के मोहब्बतगंज वल्दी का पुरा निवासी कुसुम देवी ने सहायक पुलिस आयुक्त करछना को प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने, तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया है प्रार्थना पत्र के अनुसार, 18 अगस्त 2026 को करीब 11:30 बजे कुसुम देवी अपने घर पर थीं। इसी दौरान एक क्रेटा कार उनके घर के सामने आकर रुकी। आरोप है कि कार से जुबैद नामक युवक उतरा और तेज रफ्तार में वाहन चलाने को लेकर पीड़िता के ससुर गुलाब निषाद से विवाद करने लगा। आरोप है कि विवाद के दौरान जुबैद ने वाहन से कथित तमंचा निकालकर घर में प्रवेश किया और गुलाब निषाद के सीने पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, वह घटना का विरोध करने पहुंचीं तो आरोपित ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और कनपटी पर तमंचा रख दिया। शोर सुनकर उनकी देवरानी आंचल और लाजो निषाद भी मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि उनके साथ भी मारपीट की गई तथा तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जुबैद के साथ बब्बन, शारिक, कैफ और शैफ भी मौजूद थे, जो कथित तौर पर गाली-गलौज कर रहे थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बब्बन ने परिवार के लोगों को रास्ते में मिलने पर जान से मारने की धमकी दी और घटना की बनाई गई वीडियो को डिलीट करने के लिए कहा।पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद से पूरा परिवार डरा और सहमा हुआ है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# उपजिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पूरनपुर (पीलीभीत)। ट्रांस शारदा क्षेत्र में वर्तमान बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उपजिलाधिकारी पूरनपुर मयंक गोस्वामी एवं तहसीलदार पूरनपुर आशीष गुप्ता द्वारा ग्राम शास्त्री नगर एवं चंदिया हजारा के मजरों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बाढ़ एवं जलभराव की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से बाढ़ के कारण हुए फसल नुकसान एवं अन्य कृषि संबंधी क्षति के संबंध में जानकारी ली गई। ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि वर्तमान में खेतों में पानी भरा होने के कारण फसल क्षति का वास्तविक आकलन संभव नहीं है। पानी उतरने के उपरांत कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कराया जाएगा तथा फसल क्षति का नियमानुसार आकलन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उपजिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाढ़ की स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि वह बाढ़ के दौरान सावधानी बरतें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण एवं संभ्रांतजन उपस्थित रहे तथा उन्होंने स्थानीय परिस्थितियों एवं समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

# हनुमान मंदिर की दान पेटी से चोरी,पुजारी ने जताई नाराजगी

नैनी,प्रयागराज। नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवा लाल बगिया चौराहा स्थित एक हनुमान मंदिर की दान पेटी से अज्ञात चोरों ने पैसा चोरी कर लिया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह मंदिर के पुजारी को हुई।मंदिर



के पुजारी राजेश कुमार ने बताया कि सुबह जब वह मंदिर पहुंचे तो दान पेटी का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर रखी नगदी गायब थी। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों को मेवालाल की बगिया पर एकत्रित कर घटना की जानकारी दी।दान पेटी से पैसा चोरी होने की खबर फैलते ही आसपास के लोग भी मंदिर पर पहुंच गए और घटना पर रोष जताया।हालांकि मंदिर के पुजारी द्वारा इस संबंध में नैनी पुलिस को अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम ने परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर्स को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पूरनपुर (पीलीभीत)। अपनी सूझ-बूझ और अथक प्रयासों से कई जोड़ों को टूटने से बचा चुके परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर्स को उपजिलाधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तहसील परिसर में एसडीएम ने बुधवार सुबह 11 बजे स्वतंत्रता दिवस प्रशस्ति पत्र देकर परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलरों को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीएम मयंक गोस्वामी ने कहा कि महिला परामर्श केंद्र पारिवारिक विवादों को आपसी बातचीत और समझौते के माध्यम से सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्र के काउंसलरों द्वारा दम्पतियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उन्हें उचित परामर्श और सहयोग दिया जाता है। इससे कई मामलों में परिवार टूटने से बच रहे हैं और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान संभव हो रहा है। प्रशस्ति पत्र में काउंसलर को 15 अगस्त 2026 के पावन अवसर पर समाज में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए जाने का उल्लेख किया गया। सम्मान मिलने पर काउंसलर ने प्रशासन का आभार जताते हुए भविष्य में भी पूरी निष्ठा के साथ महिलाओं और परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करने की बात कही है। सम्मानित होने वाले काउंसलर्स में महेंद्र मिश्रा, फखरुल मंजरी एड0, सुनील वर्मा, पवन यादव आदि मौजूद थे।

# बैंक शाखा प्रबंधक ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा प्रबंधक रत्नेश कुमार सिंह ने भूतपूर्व सैनिकों मोहम्मद नदीम खान, कलीनगर, रेशम सिंह मथना, बाबू राम बरखेड़ा, रविंदर पाल चंदूपुर, दलजीत सिंह मलपुर न्यूरिया तहसील कलीनगर जिला पीलीभीत को 80 वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को दोशाला ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि सभी भूतपूर्व सैनिकों ने जो देश की सेवा की है, उसके आगे सारी सेवाएं फीकी है। सैनिक अपनी जान की परवाह किये बिना देश की सेवा करते है। जिसकी बजह से हम अपने घरों में चैन की नींद सोते है। सभी पूर्व सैनिकों ने बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा सम्मानित किए जाने के निर्णय की सराहना की। इस मौके पर बैंक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# संदिग्ध मांस मिलने पर हिन्दू संगठन में आक्रोश, थाना घेराव की दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। संदिग्ध मांस मिलने के मामले में कार्रवाई करने के नाम पर पुलिस अपना क्षेत्र न होने की बात कह कर पल्ला झाड़ती रही। जिसको लेकर हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं में रोष पनप गया। हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं की नाराजगी के बाद थाना सेहरामऊ उत्तरी में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोप है कि पुलिस खाना पूर्ति कर मामले को दबाने में जुटी हुई है। हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो कार्यकर्ता थाने का घेराव करने को विवश होंगे। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के केसरपुर कलां-बरकलीगंज के बीच गत रविवार की रात संदिग्ध मांस मिलने के मामले को लेकर हिन्दू संगठनों में रोष है। सावन माह के दौरान संदिग्ध मांस मिलने से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। आरोप है कि घटना के बाद खुटार और सेहरामऊ पुलिस काफी देर तक एक-दूसरे का क्षेत्र बताकर जिम्मेदारी से बचती रही। बाद में भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के मौके पर पहुंचने के बाद सेहरामऊ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। संगठन का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की है।भारतीय बजरंग दल ने बैठक कर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए और संदिग्ध मांस की जांच कराए जाने की मांग की। संगठन का दावा है कि प्रथम दृष्टया मांस गोवंशीय पशु का प्रतीत हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर थाना घेराव की चेतावनी दी गई है। इसी को लेकर कढ़ेर चौरा सहित कई गांवों में भारतीय बजरंग दल की बैठकें आयोजित कर आगे की रणनीति तैयार की गई है।

## घर में घुसकर मारपीट कर धमकाने का आरोप

पूरनपुर (पीलीभीत)। आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर ग्रामीण व उसके परिजनों से मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से भी की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई निवासी अजय प्रकाश पांडे ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार विपक्षीगण उसके घर पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने उसके पिता, भाई अनुज पांडेय, चाचा अवनीश पांडेय और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि कुछ समय पहले रास्ते में पेशाब करने का विरोध करने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपितों ने घर पर चढ़ाई की। पीड़ित ने 17 अगस्त को पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी, सुनवाई न होने पर पीड़ित ने बुधवार सुबह 11 बजे तहसील परिसर में पहुचकर एसडीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया कजरी महोत्सव


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नैनी, प्रयागराज। सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में कजरी महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भगवान शिव-पार्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम का संचालन मंजू द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राधा शुक्ला (कवयित्री, प्रयागराज), अध्यक्ष साधना मिश्रा (समाज सेविका) तथा मुख्य अतिथि संध्या पांडे (समाज सेविका) रहीं। निर्णायक मंडल की भूमिका बबीता शर्मा (न्यूज़ रिपोर्टर, प्रयागराज) एवं रिंकू मिश्रा जी (शिक्षिका, प्राथमिक विद्यालय, प्रयागराज) ने निभाई।कजरी महोत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक कजरी गायन, भजन एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं सहभागिता का परिचय दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को जीवंत बना दिया।कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएँ विद्यालय की शिक्षिकाओं पदमा जी एवं रत्ना जी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुई। सभी शिक्षिकाओं ने पूर्ण समर्पण एवं सहभागिता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कजरी गीतों, भजनों एवं नृत्य की प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर का वातावरण लोक-संस्कृति एवं उल्लास से भर उठा। कार्यक्रम का सफल आयोजन भारतीय लोक परंपरा एवं संस्कृति के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

# एनटीए की क्षमता पर सुप्रीम कोर्ट के सवाल, यूपीएससी जैसी वैज्ञानिक संस्था की जरूरत बताई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सचिन बाजपेई।**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) की कार्यप्रणाली और क्षमता पर गंभीर सवाल उठाते हुए परीक्षाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग जैसी समर्पित एवं वैज्ञानिक रूप से सुसज्जित संस्था की जरूरत बताई है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार को तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA) और यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (UDF) की याचिकाओं पर हुई। याचिकाओं में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में संरचनात्मक सुधार की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाएं बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि परीक्षा संचालन के लिए मजबूत और स्थायी संस्थागत ढांचा विकसित करना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूपीएससी वर्षों से लगातार परीक्षाएं आयोजित कर संस्थागत अनुभव और विशेषज्ञता विकसित कर चुका है। इसी तरह एनटीए को भी लगातार अपनी क्षमता बढ़ाने वाली और विशेषज्ञता को संस्थागत रूप से सुरक्षित रखने वाली संस्था के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि संस्थागत स्मृति केवल कुछ अधिकारियों या कर्मचारियों पर निर्भर नहीं रहनी चाहिए। अधिकारियों के स्थानांतरण के साथ अनुभव समाप्त नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की व्यवस्था होनी चाहिए। अदालत ने कर्मचारियों के प्रशिक्षण, शिकायत निवारण व्यवस्था, भौतिक एवं तकनीकी ढांचे तथा संस्थागत क्षमता को मजबूत करने पर जोर दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को एनटीए की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में कई स्तरों पर मॉडरेशन होता है। चार प्रश्नपत्र तैयार किए जाते हैं, जिनमें से दो का चयन किया जाता है। प्रश्नपत्रों की छपाई वाली जगहों पर सीसीटीवी और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की सुरक्षा रहती है। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्रों को विशेष सुरक्षित कंटेनरों में जीपीएस से लैस वाहनों के माध्यम से भेजा जाता है। भंडारण कक्षों में वीडियोग्राफी की व्यवस्था है और परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों की मौजूदगी में सील खोली जाती है। मेहता ने इन व्यवस्थाओं को मजबूत बताते हुए यह भी स्वीकार किया कि मानवीय हस्तक्षेप के कारण गलती की संभावना पूरी तरह समाप्त नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए में प्रस्तावित विभिन्न पदों पर नियुक्तियों की स्थिति को लेकर भी सवाल किए। अदालत ने पूछा कि महानिदेशक, अतिरिक्त एवं संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों तथा सूचना प्रौद्योगिकी निदेशक समेत अन्य पदों पर कितनी नियुक्तियां हुई हैं और क्या संबंधित अधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पीठ ने एनटीए के अलग परिसर, डिजिटल ढांचे, परीक्षा संचालन से जुड़े बुनियादी ढांचे तथा अनुसंधान एवं विकास के लिए पूर्णकालिक अधिकारियों की नियुक्ति के बारे में भी जानकारी मांगी। अदालत ने यह भी पूछा कि राधाकृष्णन समिति की ओर से सुझाए गए 16 प्रमुख क्षेत्रों, जिनमें परीक्षा केंद्र, साइबर सुरक्षा और अभ्यर्थी सुविधाएं शामिल हैं, के लिए आवश्यक मानव संसाधन और आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है या नहीं। सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि संबंधित पदों के लिए विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं और भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को सरकार ने स्वीकार किया है। कुछ सिफारिशों को लागू किया जा चुका है, जबकि शेष पर भी काम चल रहा है।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट, पति समेत छह पर मुकदमा

## ........दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पुलिस के मुताबिक, टिकरा गांव निवासी निशी यादव ने तहरीर में बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करते थे। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।**

**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, टिकरा गांव निवासी निशी यादव ने तहरीर में बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करते थे। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। विवाहिता ने बताया कि घटना चिनहट क्षेत्र के धावा गांव स्थित उसकी ससुराल की है। उसने पति शुभम यादव, सास सुधा यादव, ससुर दिनेश यादव, ननद शिखा, शालू यादव और देवर ऋषभ यादव को नामजद किया है। पीड़िता की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगराम में मारपीट की आशंका, चार युवक पाबंद

## .....मेले में हुए विवाद के बाद लाठी-डंडों के साथ दूसरे पक्ष का कर रहे थे इंतजार, पुलिस ने हिरासत में लेकर भेजा न्यायालय



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नगराम, लखनऊ।** नगराम कस्बे में मेले के दौरान हुए विवाद के बाद मारपीट की आशंका को देखते हुए पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लेकर चालानी कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक चारों युवक लाठी-डंडों के साथ नगराम मोड़ पर एकत्र होकर दूसरे पक्ष के लोगों का इंतजार कर रहे थे। बुधवार को उपनिरीक्षक दीपक कुमार पाल पुलिस टीम के साथ शांति व्यवस्था और बैंक चेकिंग के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान नगराम मोड़ पर चार युवक लाठी-डंडों के साथ खड़े मिले। पुलिस ने युवकों से वहां खड़े होने का कारण पूछा और मौके से जाने के लिए कहा। पूछताछ में युवकों ने बताया कि मंगलवार को नगराम कस्बे में लगे मेले के दौरान कुछ लोगों से उनका विवाद हुआ था। पुलिस के अनुसार, युवक उन्हीं लोगों का इंतजार कर रहे थे और उन्हें मारने की बात कहते हुए वहां से जाने को तैयार नहीं थे। स्थिति बिगड़ने और संज्ञेय अपराध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने आशीष कुमार, अमर बाबू, गुलशन और पंकज को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ बीएनएसएस की संबंधित धाराओं में चालानी रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय भेज दिया। नगराम पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। गिरफ्तारी की सूचना युवकों के परिजनों को भी दी गई।

# झारखंड में छात्रों की भूख हड़ताल खत्म, राहुल गांधी बोले- छात्र सवाल पूछें तो जवाब मिलना चाहिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले 24 दिनों से चल रहा छात्र आंदोलन सरकार और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच सहमति बनने के बाद खत्म हो गया। छात्रों की प्रमुख मांगों पर सरकार की ओर से निर्णय लिए जाने के बाद भूख हड़ताल समाप्त कर दी गई। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आंदोलन समाप्त होने पर खुशी जताते हुए कहा कि छात्रों के सवालों का जवाब मिलना चाहिए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार ने बातचीत का रास्ता चुना, जिससे समाधान निकल सका। उन्होंने कहा कि छात्रों ने संयम बनाए रखा और अपनी मांगों के लिए आवाज उठाई। राहुल गांधी ने कहा, 'यही सही तरीका है– छात्र सवाल पूछें, तो जवाब मिलना चाहिए।' उन्होंने कहा कि वह देश के हर छात्र के साथ खड़े हैं। राहुल गांधी ने छात्रों से जुड़े कथित वसूली तंत्र में बदलाव की जरूरत बताते हुए कहा कि व्यवस्था को जड़ से बदलना होगा, ताकि प्रत्येक छात्र को उसकी मेहनत का पूरा फल और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का अधिकार मिल सके। छात्र आंदोलन के बीच झारखंड सरकार ने वर्ष 2024 में आयोजित जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही टीडीपीएल एजेंसी द्वारा राज्य में आयोजित कराई गई सभी भर्ती परीक्षाओं को भी रद्द करने का फैसला किया गया है। सरकार ने वर्ष 2014 से अब तक हुई भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों की जांच कराने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की विशेष बैठक में करीब साढ़े चार घंटे तक चर्चा के बाद ये फैसले लिए गए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए सरकार के निर्णयों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा और बैकलॉग सिविल सेवा परीक्षा को रद्द करने का निर्णय पहले ही आंदोलित छात्रों के साथ हुई वार्ता के दौरान लिया जा चुका था। अब सरकार ने वर्ष 2014 से वर्तमान तक झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं की व्यापक जांच कराने का फैसला लिया है।

# नगराम में मारपीट के दो मामलों में मुकदमा दर्ज

## .....महिलाओं ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के लगाए आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नगराम, लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र में मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने महिलाओं की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। दोनों मामलों में पीड़िताओं ने विपक्षियों पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामलों की जांच शुरू कर दी है। पहला मामला पालखेड़ा गांव का है। पालखेड़ा मजरा पतौना निवासी गीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात करीब नौ बजे वह सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर अमर सिंह पुत्र सुंदर ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर गीता के पिता बीरेंद्र और भाई अनमोल बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना में तीनों के चोटिल होने की बात कही गई है। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला मितौली आदमपुर गांव का है। काजल वर्मा पुत्री अमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि धर्मेंद्र शर्मा उस पर जबरन बातचीत करने और शादी करने का दबाव बनाता है। तहरीर के अनुसार मंगलवार को बाराबंकी मेले से लौटते समय सत्येंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, राजकुमारी पत्नी सत्येंद्र शर्मा और उनके रिश्तेदार राज शर्मा ने दुकान के पास उसे रोक लिया। आरोप है कि सभी ने उसे जमीन पर गिराकर लात-घूंसों, बेल्ट, हेलमेट, झाड़ू और चप्पल से मारपीट की। साथ ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में भी नगराम पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संगठन सृजन अभियान के तहत नगर कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत नगर कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की, जबकि मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य उपस्थित रहे। वहीं एआईसीसी द्वारा नियुक्त संगठन सृजन अभियान के जिला पर्यवेक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह एवं सह-पर्यवेक्षक तुलसीदास लोधी ने संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आवश्यक जानकारी एवं सुझाव लिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि कांग्रेस का संगठन हमेशा कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष और जनसेवा के बल पर मजबूत रहा है। वर्तमान समय में आवश्यकता है कि प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए संघर्ष करे। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। जिला पर्यवेक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस को नई ऊर्जा और मजबूती देने वाला महत्वपूर्ण अभियान है। प्रत्येक कार्यकर्ता को कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के लिए कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और संवाद जरूरी है। उन्होंने गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। संगठन की मजबूती के लिए सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहे हैं और आगे भी जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। संचालन करते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने ललितपुर शहर की बढ़ती आबादी और तेजी से हो रहे विस्तार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए नगर कांग्रेस संगठन में भी आवश्यक बदलाव किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग उठाई कि ललितपुर की बढ़ती आबादी और विस्तृत होते शहर को देखते हुए नगर अध्यक्ष के स्थान पर शहर अध्यक्ष का पद सृजित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे शहर के अलग-अलग क्षेत्रों और वार्डों में संगठन को अधिक प्रभावी ढंग से मजबूत किया जा सकेगा। साथ ही कांग्रेस की गतिविधियों को प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को अधिक जिम्मेदारी देने में भी मदद मिलेगी। बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

# जंतर-मंतर प्रदर्शन मामले में छात्रों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए छात्र प्रदर्शन और उसके बाद पुलिस कार्रवाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को छात्रों को बड़ी राहत दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने निर्देश दिया कि हत्या, दुष्कर्म और पॉक्सो जैसे गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों को छोड़कर अन्य प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्रदर्शन के संबंध में कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी अदालत के इस रुख पर सहमति जताई। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों और मुद्दों को सामने रखने के लिए प्रदर्शन में शामिल हुए थे। अदालत शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ नहीं है और जांच को गंभीर आपराधिक मामलों से जुड़े लोगों तक सीमित रखा जाना चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ऐसे छात्र शामिल थे, जो अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उनके माता-पिता भी अपनी मेहनत की कमाई बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर रहे हैं। ऐसे छात्रों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि पुलिस ने अब तक 2,873 ऐसे लोगों की पहचान की है, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड बताया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रदर्शन के दौरान हुई झड़प में 200 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पूरे मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। अदालत के अनुसार समिति पूर्व न्यायाधीशों और पुलिस महानिदेशक स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारियों की निगरानी में काम करेगी। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल छात्रों को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है, लेकिन गंभीर आपराधिक मामलों से अलग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों के खिलाफ अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

# डिजिटल सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का पढ़ाया पाठ

## पूरनपुर पॉलिटेक्निक में आयोजित हुआ महिला सशक्तिकरण-5.0 अभियान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बुधवार को महिला सशक्तिकरण-5.0 अभियान के अंतर्गत साइबर अपराध और महिला सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माधोटांडा थाने की पुलिस टीम ने कॉलेज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को आधुनिक दौर की डिजिटल चुनौतियों और उनसे निपटने के उपायों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं को आपातकालीन सहायता के लिए 1090 (वुमना पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। टीम ने युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने 'प्रकृति प्रहरी' के दूसरे संस्करण को सराहा, कहा— प्रकृति की रक्षा ही मानवता की सुरक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटना।** प्रकृति संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'प्रकृति प्रहरी' के दूसरे संस्करण के अवसर पर विशेष फेसबुक लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'प्रकृति प्रहरी : विचारों से प्रयासों तक' था, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, विद्यालयों की भूमिका और समाज की जिम्मेदारी पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने 'प्रकृति प्रहरी' के दूसरे संस्करण के लिए शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि यह पत्रिका केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और मानव जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने का एक सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि 'प्रकृति की रक्षा ही मानवता की सुरक्षा है।' उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरूकता को समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। फेसबुक लाइव कार्यक्रम में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री महताब रहमानी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान), सीतामढ़ी श्री सुजीत कुमार दास ने प्रकृति प्रहरी अभियान के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों पर अपने विचार रखे। श्री महताब रहमानी ने बच्चों और विद्यालय समुदाय को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों पर जोर दिया। उन्होंने बिजली बचत, पौधारोपण और जल संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। वहीं, श्री सुजीत कुमार दास ने विद्यालयों में पोषण वाटिका के विकास को प्रकृति एवं बच्चों के जुड़ाव का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने 'डिजिटल उपवास' की अवधारणा के माध्यम से कुछ समय प्रकृति के साथ बिताने और प्राकृतिक परिवेश को समझने का संदेश दिया। कार्यक्रम में 'प्रकृति प्रहरी' के संपादक श्री अभिषेक कुमार ने पत्रिका के उद्देश्य, स्वरूप और भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान विचारों को व्यवहार में बदलने और पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से मजबूत करने का प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री कुमार अभिषेक, संपादक श्री अभिषेक कुमार एवं सह-संपादक प्रिया कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता में टीचर्स ऑफ बिहार की तकनीकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पत्रिका के डिजाइन एवं प्रकाशन में सह-संपादक श्री सिद्धांत जी एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। वहीं अभियान को दिशा देने में टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर श्री शिव कुमार, टेक्निकल टीम लीडर श्री शिवेंद्र प्रकाश सुमन एवं इवेंट लीडर श्री केशव कुमार का मार्गदर्शन सराहनीय रहा।